राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 31
लखनऊ, सोमवार 29 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



युवाओं व उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रहा है इन्टरनेशनल ट्रेड शो : केशव प्रसाद मौर्य 03

गरबा महोत्सव एवं देवी जागरण के आनन्द में डूबे लोग 10

## अष्टम् महागौरी




**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद होने की वजह से इन्हें श्वेताम्बरधरा भी कहा गया है। कहते हैं कि शिव को पति रूप में पाने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इस कारण इनका शरीर काला पड़ गया, लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने इनके शरीर को गंगा जल से धोकर कांतिमय बना दिया।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,15,630/ |
| 22 कैरेट | = 1,06,000/ |
| 18 कैरेट | = 86,760/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,49,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### कुपवाड़ा में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए आतंकवादी ढेर

**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना ने रविवार को एक घुसपैठ नाकाम करते हुए दो पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर कर दिए। सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी। ऑपरेशन अभी भी जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इलाके में नियंत्रण रेखा के पार हथियारबंद घुसपैठियों की गतिविधि देखी गई और सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और घुसपैठ को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन के दौरान दोनों आतंकवादियों को मार गिराया गया। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि सुरक्षा बल सर्दियों के मौसम से पहले आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशों का मुकाबला करने के लिए नियंत्रण रेखा पर पूरी सतर्कता बरत रहे हैं।

### पंजाब बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर पकड़े दो ड्रोन-हेरोइन

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल ने रविवार को भारत-पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए हेरोइन तथा दो ड्रोन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पंजाब के सीमावर्ती जिला अमृतसर तथा तरनतारन में की गई है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार तरनतारन जिले में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए जवानों ने गांव नौशेरा ढल्ला के पास तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान खेतों से डीजेआई मैविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद हुआ। यह ड्रोन पाकिस्तान की ओर से भेजा गया था और संभवतः नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए प्रयोग होना था। इसी तरह दूसरी घटना में अमृतसर बॉर्डर पर गश्त के दौरान सतर्क जवानों ने गांव धनोए कलां के नजदीक बॉर्डर फैंसिंग से आगे स्थित एक खेत में संदिग्ध गतिविधि देखी।

### मैग्जटर इंडिया के प्रबंधक की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी मामले में मैग्जटर इंडिया के प्रबंधक गिरीश रामदास की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार व अन्य विपक्षियों को आठ सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का समय दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय तथा न्यायमूर्ति जफीर अहमद ने मेसर्स मैग्जटर डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड और दो अन्य की याचिका पर दिया है। गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-126 थाना में याची के खिलाफ धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग सहित विभिन्न आरोपों में गोपैसा नेटवेंचर्स की ओर से दर्ज कराया गया है।

### अमरेली एयरपोर्ट पर मिनी एयरक्राफ्ट क्रैश होने से बचा

**गांधीनगर।** अमरेली एयरपोर्ट पर दोपहर एक मिनी एयरक्राफ्ट लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसलने पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ट्रेनिंग के दौरान एयरक्राफ्ट रनवे पर उतर रहा था, तभी वह अनियंत्रित हो गया और रनवे की साइड में फिसलकर रुक गया। इससे एयरक्राफ्ट को नुकसान पहुंचा है, लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई।

# सीएम ने बलरामपुर को दी 124 परियोजनाओं की सौगात

## मुख्यमंत्री योगी ने नवनिर्मित राजकीय पॉलीटेक्निक का किया उद्घाटन, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**बलरामपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के तहसील सदर के घुघुलपुर में आयोजित कार्यक्रम में जनपद की 825.29 करोड़ की 124 परियोजना का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद को विकास की सौगात दी गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित राजकीय पॉलीटेक्निक का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं छात्रों से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचायत कल्याण कोष योजना के तहत देशराज तिवारी को 10 लाख, सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत क्रांति देवी को 2.33 लाख, एनआरएलएम के तहत रीमा पांडेय को 1.30 लाख, पीएम स्वनिधि योजना के तहत शिवशंकर को 50 हजार, मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से बिट्टा को चार लाख का चेक दिया। स्वामित्व योजना के तहत कृष्णावती को घरौनी प्रपत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत शांति देवी को आवास की चाबी दी। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत सिंधुजा पांडेय को टैबलेट तथा नीतू श्रीवास्तव को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद बलरामपुर के जन प्रतिनिधिगण के प्रयास तथा जनपद की आकांक्षा के अनुरूप जनपद की 825.29 करोड़ की 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर भारत व नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है। यह जनपद मां पाटेश्वरी का पावन धाम है। बलरामपुर स्टेट द्वारा किए गए अनेक रचनात्मक कार्यों का साक्षी है। यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कर्मऋषि नानाजी देशमुख की कर्मभूमि है। बलरामपुर 1997 से लेकर 2017 तक उपेक्षा का दंश झेल रहा था। 1997 से पहले और इसके बाद भी बलरामपुर के लिए जो अपेक्षित योजनाएं आनी चाहिए थीं, उससे नागरिक वंचित थे। इस कारण देश के सबसे गरीब जनपदों में बलरामपुर की गणना होती थी, लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ देना प्रारंभ किया। यहां मां पाटेश्वरी के नाम पर विश्वविद्यालय का निर्माण प्रारंभ किया गया है। इस सत्र में विश्वविद्यालय प्रारंभ भी हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग रहते भारत में हैं, लेकिन यहां राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का कुत्सित कार्य कर रहे हैं। हिंदुस्तान की धरती पर गजवा ए हिंद नहीं होगा। भारत की धरती दैवीय-अवतारी, देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों के आदर्शों से संचालित होगी।

गजवा ए हिंद की कल्पना या सपना देखना भी जहन्नुम में जाने के टिकट का रास्ता देगा। जिसे जहन्नुम में जाना है, वह गजवा ए हिंद के नाम पर अराजकता पैदा करने का प्रयास करे।



1- मुख्यमंत्री ने छात्रों से किया संवाद, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश
2- निर्माणाधीन पाटेश्वरी राज्य विवि का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
3- देवीपाटन मंडल में स्पोर्ट कॉलेज की घोषणा



### बलरामपुर से पहली बार जीतकर संसद पहुंचे थे अटल

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार बलरामपुर संसदीय सीट से जीतकर संसद में पहुंचे थे, इसलिए उनके नाम पर बलरामपुर में जल्द ही मेडिकल कॉलेज संचालित होगा, सरकार ने इसकी व्यवस्था कर दी है। इमलिया कोडर में थारू बंधुओं की परंपरा व संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पहले ही थारू म्यूजियम का निर्माण किया जा चुका है। आज भी राजकीय पॉलिटेक्निक के उद्घाटन, आईटीआई, डिग्री, इंटर कॉलेज, चिकित्सालय, सड़कें समेत अनेक विकास योजनाओं की सौगात उपलब्ध कराई जा रही है। इनके माध्यम से हर नागरिक के जीवन में प्रगति व उन्नयन का मार्ग प्रशस्त होता है।

### विकसित यूपी के लिए विकसित बलरामपुर जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश व बलरामपुर विकसित हो, इसके लिए पीएम ने शताब्दी संकल्प का विराट लक्ष्य रखा है। 2047 में शताब्दी महोत्सव (आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने) पर हमें आत्मनिर्भर व विकसित भारत चाहिए और इसके लिए उत्तर प्रदेश को भी आत्मनिर्भर व विकसित बनाना होगा। विकसित व आत्मनिर्भर यूपी के लिए बलरामपुर को भी आत्मनिर्भर व विकसित बनाना होगा। हमारी सरकार ने तय किया कि हर कमिश्नरी में विश्वविद्यालय होगा। देवीपाटन कमिश्नरी में आकांक्षात्मक जनपद बलरामपुर, सहारनपुर में मां शाकंभरी, मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर, अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह, मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी और आजमगढ़ मंडल में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय का निर्माण किया है। अटल जी के नाम पर यूपी में मेडिकल यूनिवर्सिटी, बाबा गोरखनाथ के नाम पर गोरखपुर में आयुष विवि, महात्मा बुद्ध के नाम पर कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो रही है। हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय बनाए गए।

### अराजकता को जन्मसिद्ध अधिकार समझने वालों को चेतावनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ विकास अनवरत आगे बढ़ रहा है और दूसरी तरफ कुछ तत्व ऐसे भी हैं, जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता है। वे विकास में व्यवधान और उत्सव में उपद्रव करना चाहते हैं। जो लोग अराजकता को जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उन्हें चेतावनी देने बलरामपुर आया हूं। यदि विकास की योजनाओं को उपद्रव व अराजकता से बाधित करोगे तो विकास तुम्हारे विनाश का कारण बन जाएगा। पर्व के उत्सव व उमंग में उपद्रव किया तो इसकी कीमत ऐसी चुकानी पड़ेगी कि आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। जो लोग आज भी गलत मंशा के साथ जी रहे हैं, वे गलतफहमी दूर कर लें। अब डबल इंजन सरकार है, बेटी-व्यापारी पर हाथ लगाया और उत्साह व उमंग के उत्सव में अराजकता-उपद्रव करने का प्रयास किया तो नर्क में जाने का रास्ता खुला होगा।

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि छद्म रूप में जो लोग ऐसी गतिविधियों में लिप्त हैं, वे कान खोलकर सुन लें कि देर-सबेर उनका हाल भी छांगुर जैसा ही होना है। जलालुद्दीन ने अपना उपनाम छांगुर बाबा रख दिया था, क्योंकि उसका उद्देश्य था कि हिंदु भ्रम में रहें और वह समाज की आंखों में धूल झोंकता रहे, लेकिन पापी कितना भी प्रयास कर ले, उसके पाप का घड़ा भरना ही है।

# यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को देर रात आगरा से गिरफ्तार किया है। उस पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम पाठ्यक्रम कर रही छात्राओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है।

दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने रविवार को बताया कि दिल्ली पुलिस ने देर रात स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को आगरा के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। टीम आगरा से दिल्ली के लिए रवाना हो गई है और आज दिन में स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को अदालत में पेश करेगी।



उल्लेखनीय है कि स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर छात्राओं के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का आरोप है। इस मामले में फरार चल रहे स्वामी के ट्रस्ट से संबंधित 18 बैंक अकाउंट और 28 फिक्स डिपॉजिट एकाउंट को पुलिस ने फ्रीज करवा दिया। इनमें करीब आठ करोड़ रुपये थे। आरोपित के डेबिट और क्रेडिट कार्ड भी बंद करवा दिए गए।

### मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के अध्यक्ष, ओझा, आरपी सिंह सीनियर पुरुष चयन समिति में

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे।

# वैन व रोडवेज बस की टक्कर में छह की मौत, नौ घायल

समृद्धि न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** जिले में रविवार सुबह उस वक्त कोहराम मच गया जब ओयल कस्बे के पास बड़ी नहर पुल सूंसी मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुबह करीब 7 बजे लखनऊ से आ रही मारुति वैन और लखीमपुर से सीतापुर की ओर जा रही रोडवेज बस की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है और 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

दुर्घटना में घायल हुए लोगों में से दो -सर्वेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद, निवासी रामलालपुरवा थाना ईसानगर, जिला खीरी, भोलानाथ पुत्र रंगीराय, निवासी सिरसिया पिपरा कोठी, बिहार का इलाज जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल में चल रहा है। शारदा प्रसाद पुत्र इतवारी, निवासी ढखेरवा थाना पढुवा, जिला खीरी; बबली पत्नी सलमान अली, निवासी धनपुर पिपरझला थाना मितौली, जिला खीरी, सलमान पुत्र कजरू, निवासी धनपुर पिपरझला थाना मितौली, जिला खीरी, नाज पुत्र सलमान, निवासी धनपुर पिपरझला थाना मितौली, जिला खीरी, पुष्पा पुत्री लाल बाबू यादव, निवासी सिरसिया पिपरा कोठी, बिहार, दिलकुश पुत्र लाल बाबू यादव, निवासी सिरसिया पिपरा कोठी, बिहार और श्यामलाल पुत्र जगदीश, निवासी जनपद बहराइच भी घायल हुए हैं। इनमें से श्यामलाल की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से केजीएमयू, लखनऊ रेफर कर दिया गया है।



**हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक और थानाध्यक्ष निराला तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया तथा घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि हादसे में अब तक 6 लोगों की मौत और 9 लोग घायल हुए हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

### वैन की फिटनेस व बीमा था एक्सपायर

जांच में सामने आया है कि हादसे में शामिल मारुति वैन की फिटनेस 26 दिसंबर 2023 को समाप्त हो चुकी थी और बीमा की वैधता भी मार्च 2025 तक थी, जो अब एक्सपायर हो चुका है। बावजूद यह वाहन सड़कों पर बेरोक-टोक दौड़ता रहा। इतना ही नहीं, हादसे के समय इस वैन में करीब 15 लोग सवार थे, जबकि वाहन की क्षमता इतनी नहीं थी। हादसे के बाद ही वाहन की हकीकत सामने आई, जिसने विभागीय लापरवाही को उजागर कर दिया।

# रूस सरकार ने यूपी में निवेश का रखा प्रस्ताव

▸ मास्को के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी से की मुलाकात

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और रूस के बीच उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत बनाने एवं असीम सम्भावनाओं के प्रदेश उत्तर प्रदेश में रूसी कम्पनियों को स्थापित करने के लिए ग्रेटर नोएडा में मास्को सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुलाकात की। साथ ही उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को मास्को का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।



औद्योगिक विकास मंत्री ने देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए इच्छुक मास्को सरकार के प्रतिनिधियों का उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए हर संभव सहयोग का वादा किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल निवेश और उद्योग नीति विभाग रूस (मास्को) की प्रतिनिधि इरीना पिंगोरिना एवं टेक्नोपोलिस मास्को के अधिकारिक भारतीय प्रतिनिधि अमरदीप सिंह ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात कर मास्को सरकार के निवेश और उद्योग नीति विभाग के मंत्री एवं अध्यक्ष अनातोली मिखाइलीविच की ओर से आमंत्रण पत्र सौंपा। बातचीत के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रूस की सरकार भारत के मेक इन इंडिया अभियान से काफी प्रभावित है।

### बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की घोषणा

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिये 470 अधिकारियों को केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन अधिकारियों में 320 आईएएस, 60 आईपीएस तथा 90 आईआरएस, आईआरएएस और आईसीएएस के अधिकारी हैं जो इस समय विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन करेंगे।

इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं दिल्ली के सांसद, विधायक, पार्षद और हजारों पार्टी कार्यकर्त्ता मौजूद रहेंगे। यह जानकारी दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं को कार्यालय निर्माण पूर्ण होने पर बधाई दी और कहा की 9 जून 2023 को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इस कार्यालय का भूमि पूजन किया था। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब हमारे कार्यालय का उद्घाटन करेंगे वह पल एक ऐतिहासिक पल होगा।

### 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप : श्रीहरि नटराज ने जीते दो रजत

**अहमदाबाद।** भारत के युवा तैराक श्रीहरि नटराज ने अहमदाबाद में चल रही 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत अपने नाम किए। बेंगलुरु के 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 1.48.47 सेकंड का समय निकालकर चीन के हैबो जू (1.46.83) से पीछे रहते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। 50 मी. बैकस्ट्रोक में भी उन्होंने 25.46 सेकंड में रेस पूरी की और चीन के गुकैलाई वांग (25.11 सेकंड) से मामूली अंतर से हारकर रजत हासिल किया।

# मुख्य न्यायाधीश गवई की मां होंगी संघ के समारोह की मुख्य अतिथि

एजेंसी

**अमरावती।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की माताजी डॉ. कमलताई रा. गवई अमरावती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजयादशमी समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य जे. नंदकुमार कार्यक्रम के मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. कमलताई गवई अमरावती के प्रतिष्ठित श्री दादासाहेब गवई ट्रस्ट की अध्यक्ष भी हैं।

इस बारे में जानकारी साझा करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विदर्भ प्रांत के प्रचार प्रमुख ने बताया कि संघ इस वर्ष शताब्दी समारोह वर्ष की शुरुआत कर रहा है। 02 अक्टूबर को महाराष्ट्र के नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित समारोह में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जबकि इसी कड़ी में 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के अमरावती में भी विजयदशमी कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्य अतिथि भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण आर. गवई की मां डॉ. कमलताई गवई होंगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जे.नंदकुमार मुख्य वक्ता होंगे। यह कार्यक्रम अमरावती शहर के किरण नगर स्थित श्रीमती नरसम्मा महाविद्यालय मैदान में आयोजित होगा। गवई परिवार के सदस्यों के अनुसार डॉ. कमलताई गवई को संघ की ओर से आधिकारिक निमंत्रण प्राप्त हुआ है। उन्होंने विजयादशमी उत्सव में शामिल होने की मौखिक स्वीकृति प्रदान की है।

**मन की बात**

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 126वें एपिसोड में कहा

# छठ को यूनेस्को की धरोहर में शामिल कराने का प्रयास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात में कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति की गहरी आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व अब वैश्विक स्तर पर भी पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार इसे यूनेस्को की इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज लिस्ट में शामिल कराने का प्रयास कर रही है, जिससे इसकी गरिमा और बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 126वें एपिसोड में आज शहीद भगत सिंह और लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देश में महिला सशक्तिकरण के उदाहरण दिए, सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों का उल्लेख किया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने देशवासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी और इस बात का विशेष उल्लेख किया कि संग अपने 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है।



प्रधानमंत्री ने रविवार को आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 125 कड़ियों की यात्रा पार करने का जिक्र किया और कहा कि यह जनता से जुड़ने का प्रेरणादायी माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 सितंबर को दो महान विभूतियों की जयंती है। शहीद भगत सिंह को उन्होंने युवाओं के लिए प्रेरणा बताया और उनके साहसिक पत्र का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने अंग्रेजों से अपने साथ युद्धबंदी जैसा व्यवहार करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की निर्भीकता और सेवा भावना हर भारतीय को मार्गदर्शन देती है। उन्होंने लता मंगेशकर को भारतीय संस्कृति का अमूल्य स्वर बताया। उन्होंने कहा कि उनके गीतों ने देशभक्ति और संवेदनाओं को जीवंत किया। उन्होंने बताया कि लता मंगेशकर से उनका व्यक्तिगत स्नेह रहा और वे हर वर्ष उन्हें राखी भेजती थीं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि लता मंगेशकर स्वातंत्र्य वीर सावरकर से प्रेरित रही है।

### गांधी जयंती पर लोगों से खादी उत्पाद खरीदने की अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी अपनाने पर बल दिया जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी, इसलिए वह सभी से आग्रह करते हैं कि उनकी जयंती दो अक्टूबर को खादी का कोई न कोई उत्पाद जरूर खरीदें। गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनमें खादी सबसे प्रमुख थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद, खादी की रौनक कुछ फीकी पड़ती जा रही थी, लेकिन बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि दो अक्टूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद जरूर खरीदें। गर्व से कहें ये स्वदेशी हैं।

## खबरें एक नजर में

### शहीद शिरोमणि भगतसिंह की मनाई जयंती

**भरुआ सुमेरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के महिमामंडन वर्णित संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत मां भारती के एक बेमिसाल पुरोधा शहीद शिरोमणि भगतसिंह की जयंती पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगतसिंह सही मायने में भारत मां के एक सच्चे सरफरोश थे। उनके देश की आजादी के लिए किये गये संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे सच में नर नाहर थे। भगतसिंह का 28 सितम्बर 1907 को पंजाब के लायलपुर जिले के बंगा गांव में सरदार किशनसिंह और विद्यावती कौर के घर जन्म हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद यह क्रांतिकारियों से जुड़ गये थे। मात्र 26 वर्ष की उम्र में भगतसिंह ने 8 अप्रैल 1929 को असेम्बली बम केस और 1928 में सान्डर्स की हत्या को अंजाम दिया। भगतसिंह युवा हृदय सम्राट होने के साथ युवाओं के प्रेरणाश्रोत थे। कालांतर में भगतसिंह को लाहौर जेल में सुखदेव और राजगुरु के साथ फांसी पर लटका दिया गया। इनकी शहादत को शहीद दिवस के रुप में याद किया जाता है। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा प्रजापति, सागर प्रिन्स, भोलू सिंह, रिया, विकास, राहुल सोनकर, राहुल प्रजापति, दरसी आदि शामिल रहे

### अज्ञात चोरों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर नकदी-जेवरात किये चोरी

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात अज्ञात चोर कस्बे के बसंतनगर में गृह स्वामी को नशीला पदार्थ सुंघाकर नगदी, जेवरात सहित गेहूं आदि चोरी करके फरार हो गए। पिडित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।बसंत नगर निवासी अंकित सविता ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर घर में घुस आए और नशीला पदार्थ सुंघाकर 70 हजार नगद, सोने चांदी के जेवर एवं गेंहू आदि सामग्री चोरी करके फरार हो गए। सुबह होश आने पर घटना की जानकारी हो सकी। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सौतेले बाप ने नाबालिग पुत्री से किया दुष्कर्म का प्रयास

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सौतेले बाप ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का असफल प्रयास किया। पत्नी के अचानक आ जाने पर मौके से भाग निकला। पीड़िता की मां ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना छह दिन पुरानी है आरोपी घटना के बाद से फरार है। थाना क्षेत्र की एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पति की मौत के बाद उसने गांव निवासी विक्रम सिंह उर्फ मुन्ना से दूसरा विवाह किया था। पूर्व पति से उसकी 11 वर्ष की नाबालिग पुत्री है। गत 22 सितंबर को तड़के 3:00 बजे छत के ऊपर बने कमरे में पुत्री सो रही थी तभी पति उसकी चारपाई में लेट गया और गलत हरकतें करने लगा। इसी बीच मेरे आने पर वह मौके से भाग गया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 72(2) एवं लैंगिक अपराधों में संरक्षण 2012 के अधिनियम के तहत 9पम, 9पन, 10 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी घटना के बाद से फरार है।

### थाना पैलानी में मिशन शक्ति अभियान के तहत किया गया जागरूक



**बांदा।** रविवार को कस्बा पैलानी थाना पैलानी जनपद- बांदा में महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के फेज- 5.0के तहत बालिकाओ को एकत्रित कर नारीसुरक्षा, नारीसम्मान, नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया गया। शासन द्वारा चलाए गए विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, जैसे आपात कालीन सेवा 112, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, 1076,181,108 आदि से अवगत कराया। एवम् वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध एवम उनसे बचने के बारे में जानकारी दी। साइबर हेल्प लाइन नंबर– 1930 से अवगत कराया। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### बारिश होने से तिल की फसल को लगा झटका


**भरुआ सुमेरपुर।** रविवार एवं सोमवार को हुई बारिश से खेतों में कटी पड़ी तिल की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। इस आशंका से किसान परेशान हैं। किसान विद्यासागर, सुरेश कुमार, भूपेंद्र, धीरेन्द्र यादव, मानसिंह, उदयभान यादव आदि ने बताया कि रविवार को हुई बूंदाबांदी से खेतों में खड़ी तिल की फसल में नुकसान होने का आशंका है। मौसम साफ होने के बाद नुकसान का अंदाजा लगेगा। किसानों ने बताया कि इस वर्ष अधिक वर्षा के चलते तिल की फसल को पूर्व में ही भारी झटका लग चुका है। इस वर्ष उत्पादन घटने की प्रबल संभावना है।

### अलोना पंप कैनाल परियोजना के पुनरुद्धार का मंत्री ने किया लोकार्पण



**बांदा।** पैलानी तहसील अंतर्गत निवाईच गांव स्थित सिद्ध पीठ कालेश्वर मंदिर में आयोजित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के तत्वाधान में दस किलोमीटर से तीस किलोमीटर तक अलोना राजबाहा के लोकार्पण समारोह में पहुंचे जलशक्तिराज्य मंत्री रामकेश निषाद ने विधिवत पूजन अर्चन कर 270.63 लाख रुपए की लागत से बनी अलोना राजबाहा के पुनरुद्धार कार्यक्रम का विधिवत लोकार्पण किया। वहीं सिंचाई विभाग के एक्सियन अरविंद पाण्डेय व अन्य अधिकारियों ने राज्यमंत्री का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तथा पदाधिकारियों व मंदिर के महंत गोविंद दास ब्रम्हचारी को भी सम्मानित किया। जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने बताया कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अलोना राजबहा के पुनरुद्धार को लेकर मिला तो मुख्यमंत्री ने किसान हित में फैसला लेते हुए 270.63 लाख की लागत से 2000 हेक्टेयर कृषि भूमि पर पानी 15 अक्टूबर से मिलने जा रहा है केन बेतवा लिंक परियोजना से 2000 करोड़ की लागत से बनने वाले बैराज के माध्यम से किसानों को आगे पानी मिलेगा,आगे कहा कि भौरा डांडा हमीरपुर से लेकर रामपुर तक 16 किलोमीटर की नहर 117 करोड़ की लागत से बनने जा रही है।आगे कहा कि जौहरपुर परियोजना के माध्यम से पच्चीस वर्ष से बंद पड़ी नहर का सर्वे करकार जल्द से जल्द किसानों को पानी मिलेगा, आगे कहा कि 57 वर्षों से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ी नहर का पुनरुद्धार किया गया है। इस योजना से अलोना, खप्टिहाकला, पिपरहरी, निवाईच, पलरा, लुकतरा समेत एक दर्जन गांवों के 2000 हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलेगा निशुल्क पानी। इस दौरान जिलापंचायत सदस्य भरत सिंह,नीरज प्रजापति व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तिंदवारी अजय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता, ग्राम प्रधान सांडी विनोद निषाद, भा ज पा नेता दिलीप गुप्ता, प्रकाश सेंगर, ग्राम प्रधान रेंहुटा ओमकार निषाद, ग्राम प्रधान खरेई गोरेलाल निषाद आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान एक्सियन अरविंद पाण्डेय ने आये अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि इस पंप कैनाल के पुनरुद्धार लोकार्पण के बाद किसानों के खेतों में पानी पहुंचेगा।

### एसपी की अध्यक्षता में की गई मासिक समीक्षा



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में मिशन शक्ति,बाल विवाह,बालश्रम/बाल भिक्षावृति, मानव तस्करी की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज पुलिस लाइन बांदा नवीन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई के तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में मिशन शक्ति 5.0 जिसमें स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा ,स्वास्थ्य,शिक्षा,स्वालम्बन और संरक्षण,सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा , बाल विवाह जिसके अन्तर्गत– शिक्षा और जागरूकता, कानूनी कार्यवाही,सामुदायिक भागीदारी और बालश्रम जिसके अन्तर्गत –शिक्षा और जागरूकता, होटल /ढाबों को चिन्हित करना,सरकारी योजनाओं के लाभ, स्थानीय/थाना स्तर पर त्वरित कार्यवाही व बालभिक्षावृति, मानव तस्करी एवं अन्य बाल अपराधों की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करना तथा आगे की रणनीति तैयार करना रहा । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें साथ ही जनपद में बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाए जाएं, पीड़ितों को अधिक से अधिक आवश्यक सहायता प्रदान कराने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाए, साथ ही बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया जाए । समीक्षा बैठक में अभियोजन अधिकारी, श्रमप्रवर्तन अधिकारी बांदा ,सदस्य बाल कल्याण समिति बांदा, सदस्य जिला प्रोबेशन विभाग बांदा,सदस्य बाल संरक्षण विभाग, मुख्यचिकित्साधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, थाना एएचटी, एसजेपीयू, वन स्टॉप सेन्टर, साथी उत्तर प्रदेश संस्था तथा ग्रामीण स्वालंबन समिति,ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# प्राइवेट दुकानों में अधिक दामों में बेची जा रही खाद, जिला कृषि अधिकारी ने मारा छापा

- डीएपी खाद के नमूने भरे गये व गड़बड़ी देख एक मशीन जब्त

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्राइवेट दुकानों में अधिक दामो पर किसानों को खाद बेचने का विडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर रविवार को जिला कृषि अधिकारी हरिशंकर ने कस्बे के बड़ा चौराहा स्थित कन्हा जी खाद भण्डार, बालाजी खाद भण्डार, दीक्षित खाद भण्डार, फकरुद्दीन खाद भण्डार की दुकानों में छापा मारा।

रबी फसल बुवाई के लिए किसान खाद को लेकर समितियों में सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बाद भी खाद नही मिलने पर प्राइवेट दुकानों से अधिक दामों पर खरीदने को मजबूर हैं। सोशल मीडिया मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है जिसमे दुकानदार ग्राहक से कहता है, कि हम हर महीने अधिकारी को 11-12 हजार रुपये देते है। इस लिए अधिक दामो में खाद बेचते हैं उसी विडियो को संज्ञान में लेकर जिला कृषि अधिकारी ने रविवार को कस्बे की चार दुकानों में छापा मारा, जिसमे एक दुकान बाला जी खाद भण्डार की दुकान से डीएपी के नमूने लिए वही दीक्षित खाद भण्डार के अभिलेखों में कमी पाए जाने पर फटकार लगाई। जिला कृषि अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि मौदहा में अधिक दामों में खाद बेचने की शिकायत मिल रही थी जिस आज कार्यवाही की गई है जिसमे एक दुकान से डीएपी के नमूने भरे गए है वही एक मशीन में गड़बड़ी की आशंका से मशीन जप्त की गई है।

# 126वां प्रधानमंत्री की बात कार्यक्रम को जनपद में लोगों ने सुना



**हमीरपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को 126 वां एपिसोड का प्रसारण जनपद के लोगों ने 11:00 बजे उत्साह से सुना भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने स्वयं मंडल कुरारा के कुसमरा गांव के बूथ संख्या 71 बूथ अध्यक्ष मनोज कुशवाहा के आवास में मन की बात कार्यक्रम को सुना इसी प्रकार सुमेरपुर मंडल में मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह के नेतृत्व में सभी बूथों तक इस कार्यक्रम को सुना गया सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे के आवास में जिला महामंत्री रोहित शिवहरे जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव राधे शुक्ला की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को सुना गया जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा लोकल का बोकल, स्वयं के द्वारा निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें खादी के उपयोग करने पर जोर दिया स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं आत्मनिर्भर पर जोर दिया देश की बेटियों का जो परचम लहरा रहा है उसके बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी इस कार्यक्रम को जिले में सभी मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने सुना।

प्रधानमंत्री के 126वें मन की बात

# महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए बेटियों के हौसलों की बात साझा की



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 126 वें मन की बात एपिसोड को लोगों ने सुना।उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए बेटियों की हौसलों की बातें साझा की सुमेरपुर पूर्वी मंडल के अध्यक्ष रणवीर सिंह लाला के नेतृत्व में सभी बूथों में मन की बात सुनी गई। उधर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे के आवास में जिला महामंत्री रोहित शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव,राधे शुक्ला आदि ने पीएम की मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल,स्वयं के द्वारा निर्मित वस्तुओं एवं खादी के उपयोग करने पर जोर दिया। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

# देवी पांडालों में भक्तों की देखने को मिल रही है काफी भीड़

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा सहित आसपास के गांवों में सजे देवी पांडालों में भक्तों की भीड़ बढ़ने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। वहीं नवदुर्गा कमेटियों द्वारा देवी प्रतिमाओं के नित नए श्रंगार कर इन्हें आकर्षक बनाने का काम किया जा रहा है बताते चलें कि नवरात्र की चलते देवी मंदिरों को रंग-रोगन किया गया है। साथ ही जगह-जगह देवी पांडाल सजाए जाते हैं। विभिन्न नवदुर्गा कमेटियां इन पांडालों को भव्यता प्रदान करने में लगे हुए हैं। मौदहा कस्बा में रामलीला मैदान, तहसील मार्ग, तिकुनिया पार्क, गुड़ाही बाजार, नेशनल रोड व अरतरा तिराहा समेत कुल सत्रह स्थानों में दुर्गा पांडाल सजाए गए हैं। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के रीवन, खण्डेह, करहिया, भैस्ता, सिजनौडा, मकरांव, टिकरी, कपसा, इचौली, नायकपुरा, उरदना, सिजवाही, फत्तेपुर पुरवा, पढ़ोरी सहित कुल सत्तावन स्थानों में दुर्गा पांडाल सजाए गए हैं। वहीं सिसोलर कस्बा में कुल 6 स्थानों पर दुर्गा पांडाल सजाए गए हैं। साथ ही थाना क्षेत्र के गांव भुलसी, भैसमरी, टोलामाफ, भभई, छानी गउघाट, बेरी, बैजेमऊ, बुढ़ई, किसवाही, परेहटा, लेवा, पासुन सहित चालीस स्थानों पर दुर्गा पांडाल सजाए गए हैं। विभिन्न कमेटियां इन पांडालों में भव्य श्रंगार व बिजली की सजावट करके देवी जी के नये नये स्वरूप और श्रृंगारों के दर्शन भक्तों को क्या रहे हैं। जिनके दर्शन को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### पिता के साथ बाइक से युवती जा रही थी गिर कर घायल

**कुरारा हमीरपुर।** पिता के साथ ब्यूटी पार्लर का काम सीखने जाते समय एक युवती मोटरसाइकिल से गिर पड़ी जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के कुतुबपुर डेरा गांव निवासिनी 18 वर्षीय युवती रोशनी पुत्री रामकुमार यादव कुरारा में एक ब्यूटी पार्लर में रोज ब्यूटी पार्लर का काम सीखने अपने पिता जी के साथ आती थी रविवार को भी करीब साढ़े दस बजे वो अपने पिता रामकुमार के साथ मोटरसाइकिल से आ रही थी तभी डामर गांव के पास अचानक वो मोटरसाइकिल से गिर गईं। जिससे उसके सर में गंभीर चोट आई। पिता व राहगीर उसे सीएचसी कुरारा लेकर आये जहां प्राथमिक उपचार कर बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया। कुरारा सीएचसी प्रभारी डॉ. सुनील जायसवाल ने बताया कि युवती के सिर व शरीर मे चोटे आई थी।

### गडरा नदी में डूबते बच्चे को बचाने में दूसरा बच्चा डूबा

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिमौनी गांव के गडरा नदी में नहाते समय एक बच्चे के डूबने पर बचाने गया दूसरा बच्चा नदी में डूबा, परिजनों के द्वारा गंभीर हालत देखते हुए सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिमौनी गांव के रहने वाला बच्चा सतीश कुमार पुत्र चुन्नीलाल उम्र 13 वर्ष, यह आज रविवार की दोपहर अपने साथियों के साथ गडरा नदी में नहा रहा था। तभी एक चुन्नू नाम का बच्चा गहरे पानी में डूबने लगा, जिसको बचाने गए सतीश डूब गया। वही बच्चा चुन्नू नदी के बाहर निकल आया, जैसे ही आसपास के लोगों ने देखा तो डूबे हुए सतीश को आधे घंटे के बाद नदी से बाहर निकाला, और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया, जहां पर डाक्टर द्वारा उपचार किया गया है।

# कुम्हरौडा गांव में बनाया जा रहा है 50 फीट उंचा रावण का पुतला

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आगामी दशहरा पर्व को देखते हुए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रावण के पुतले का निर्माण किया जा रहा है जिसका कारीगर अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं नगर सहित क्षेत्र में परंपरागत रूप से कई वषों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए कस्बे के कुम्हरौडा मोहल्ले में 50 फीट ऊंचा रावण के पुतले को बनाया जा रहा है नवयुवक दशहरा कमेटी के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार श्रीवास ने बताया कि रावण का पुतला जल्दी ही बनकर तैयार हो जाएगा 2 अक्टूबर को दशहरा परंपरागत रूप से रावण दहन का कार्यक्रम होगा जहां सैकड़ो की तादाद में नगर वासी पहुंचकर राम दहन का लुफ्त उठाते हैं और रामायण के बाद बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाते हैं पुतले का निर्माण करने वाले बुद्धू प्रजापति रामखिलावन शत्ती दीन चुनूबाद आदि लोग दिन-रात मेहनत कर रावण के पुतले का निर्माण कर रहा है। आदर्श इंटर कॉलेज के निकट से दशहरे का जुलूस देर शाम राम लक्ष्मण सीता, शंकर भगवान सहित अन्य देवी देवताओ की झांकियां देवी चौराहा, गदाई मोहल्ला कजियाना से होते हुए मथुरा मंदिर से होकर थाना चौराहा, नेशनल चौराहा व देवी चौराहा से हो कर पुणे आदर्श विद्यालय के निकट पहुंचकर रावण दहन कर दशहरा पर्व का उत्सव मनाया जाएगा इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में भी जगह-जगह रावण दहन का कार्यक्रम बनाया जायेगा जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में लोग रावण दहन कर एक दूसरे कोपेन खिलाकर गले मिलते हुए सत्य पर चलने की प्रेरणा लेते हैं।

# बीच-बचाव करने पहुंचे देवी पंडाल के अध्यक्ष का जबड़ा फाड़ा

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पत्योरा में पुलिस चौकी के बाहर पति पत्नी के विवाद में बीच बचाव करना देवी पंडाल के अध्यक्ष को मंहगा पड़ गया। पति सहित उसके साथियों ने अध्यक्ष के साथ मारपीट कर जबड़ा फाड़ दिया। जिससे उसके जबड़े में आठ टांके लगे है। पत्योरा निवासी रामगोपाल निषाद ने बताया कि उसने नातिन संध्या निषाद का विवाह फतेहपुर जनपद के चांदपुर थानाक्षेत्र के रुरवा डेरा निवासी लालता प्रसाद के साथ किया था। एक माह पूर्व कानपुर में उसकी नातिन को ऑपरेशन से बच्चा हुआ था। प्रसव के बाद दामाद नातिन को उसके घर में छोड़ गया था। इसके बाद उसने उसकी सुध नहीं ली। जबकि दामाद एक माह से ग्राम पंचायत के मजरा मलिहा तालाब में रुका हुआ है। रामगोपाल ने बताया कि रविवार को दोपहर में दामाद की शिकायत पुलिस चौकी में की। पुलिस ने दामाद को बुलाया। पुलिस चौकी के बाहर वह नातिन के साथ बैठा था। दामाद आते ही गाली गलौज शुरू कर पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। यह नजारा देखकर चौकी के बगल में सजे देवी पंडाल के अध्यक्ष रवि सिंह मौके पर पहुंचे और बीच बचाव करने लगे। रवि ने बताया के उसके जबड़े में आठ टांके लगे है। देवी पंडाल के अध्यक्ष रवि सिंह, आलोक, विवेक, रौनक नीरज, बिंदा, मोहित, उत्कर्ष शुभम, महेश, सूरज, लाला तिवारी, बृजेंद्र सिंह आदि ने बताया कि बिना जांच पड़ताल के चौकी के सिपाहियों ने उनके साथ मारपीट कर अभद्रता की। चौकी इंचार्ज निशांत दुबे ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# पीएम ने बताया संस्कृति को जीवंत रखने को मनाते हैं त्यौहार

- नारी शक्ति का प्रतीक है नवरात्र पर्व
- जिले के 1395 बूथों में सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के सभी 1395 बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी जी के मन की बात सुनी गई स आज मन की बात के 126 वें एपीसोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत, भारतीय संस्कृति व नारी सशक्तिकरण तथा देश में मनाये जाने वाले त्योहारों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे त्यौहार संस्कृति को जीवंत रखते हैं स देश में मनाये जाने वाला नवरात्रि पर्व नारी शक्ति का प्रतीक है महिलाये पूरे नव दिन ब्रत रखकर देवी जी की उपासना करती हैं। आज बेटियां देश के लिए बहुत कुछ कर रहीं हैं स प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है इसे मजबूत करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन व खरीददारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी से भारत की परिकल्पना साकार होगी स जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने तिंदवारी विधान सभा के तिंदवारी कस्बे के देवी नगर में मोदी जी की मन की बात सुनी। इसी प्रकार निव जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने नरैनी विधानसभा के अतर्रा मण्डल स्थित बूथ नम्बर 191 में , जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, जाग्रति वर्मा ने शहर के मढ़ियांनाका में, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, मण्डल उपाध्यक्ष चन्द्र भूषण सोनी सेक्टर संयोजक दिनेश शुक्ला ने खुटला सेक्टर के बूथ 132 में मोदी जी के मन की बात सुनी। अंत में हर बूथ में देश को आत्म निर्भर बनाने का संकल्प लिया गया।

### रंग-बिरंगे परिधान में नृत्य पर झूम उठ बच्चे

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रभुता फाउण्डेशन द्वारा मिशन शक्ति- के अंतर्गत शनिवार को, भारतीय नवयुवक समाज, डीएवी स्कूल के पास, मर्दन नाका में शक्ति स्वरूपा कन्याओं एवं बालकों द्वारा गरबा प्रस्तुति आयोजित की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने विभिन्न गानों की धुन पर प्रस्तुति दी। खुशी और मस्ती भरे वातावरण में आनंद उठाया गया। फांउडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गरबा नृत्य पर जमकर थिरकीं। रंग-बिरंगे परिधान में बालिकाएं घाघरा-चोली चुन्नी में जमकर रंग चढ़ा। दुर्गा आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती मोनी निषाद, महिला थाना 112 डायल श्रीमती प्रियंका निगम, श्रीमती डॉ ऋचा खरे श्रीमती विनोद तिवारी, संजीवनी भारत ट्रस्ट के सचिव अरुण निगम, गायत्री परिवार के नवीन निगम, एंटीकरप्शन समाचार ब्यूरो के नीरज निगम आदि लोगों उपस्थित रहे,बच्चों की शानदार प्रस्तुति पर शील्ड वितरण और मां सरस्वती के आशीर्वाद स्वरुप पेन का वितरण किया गया सभी बच्चों को माहौल में इतनी मस्ती होने पर उनके चेहरे पर थकान महसूस नहीं हुई।

### ई रिक्शा को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर एक बच्ची की हुई मौत, दो घायल

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बांदा रोड हरदौली गांव के पास रविवार की दोपहर ई रिक्शा को पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे ई रिक्शा पलट गया, जिसमें ई–रिक्शा में सवार संतू देवी पत्नी विजय कुमार करीब 32 वर्ष दिव्यांशी पुत्री विजय कुमार उम्र 8 वर्ष निवासी पतवन व ई रिक्शा चालक उमेश कुमार पुत्र राम भवन उम्र 40 वर्ष, निवासी मिलाथू यह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद दिव्यांशी उम्र 8 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वही घायल दिव्यांशी की मां संतू देवी व ई–रिक्शा चालक उमेश कुमार को गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बच्ची दिव्यांशी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा दिया है। वही इस घटना को देखते हुए परिवार में कोहराम मच गया, जानकारी के मुताबिक मृतक दिव्यांशी व उसकी मां संतु देवी आहार गांव से ई–रिक्शा में सवार होकर अपने गांव पतवन जा रहे थे। तभी हरदौली गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे बच्ची की मौत हुई है। वही बच्ची की मां संतू देवी व ई–रिक्शा चालक उमेश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक बच्ची एक भाई व एक बहन थी, जिसमें मृतक दिव्यांशी सबसे बड़ी थी। वहीं पुलिस के द्वारा टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है वही ट्रैक्टर ड्राइवर भागने में कामयाब रहा, वहीं पुलिस के द्वारा ड्राइवर की तलाश में जुट गई है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# बड़ी माता मंदिर में मैया को लगाया छप्पन भोग

- शिवम खटीक ने ग्यारह हजार की माला भेट की मातारानी के चरणों में

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





पनवाड़ी विकास खण्ड के पनवाड़ी स्थित मुहाल मातनपूरा में बड़ी माता मंदिर में छप्पन भोग लगाया गया। पंडित सुरेश चंद्र शाष्त्री ने पूजा अर्चना कर विधि विधान से पाठ कर माता रानी को छप्पन भोग अर्पण किया गया,गौतलब हो कस्बे के सभी भक्तों के द्वारा लाया गया प्रसाद ही मातारानी को भोग केरूप में लगाया जाता है खास बात यह रही भारतीय जनता पार्टी के चरखारी विधान सभा के विधायक ब्रज भूषण राजपूत उर्फ गुड्डु राजपूत नेछप्पन भोग के रस्म में शिरकत की और माता रानी के चरणों मे आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ में पार्टी के मण्डल अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागीमौजूद रहे। आचार्य सुरेश चंद्र ने पूजा अर्चना के बाद माता रानी को भोग लगाकर माता रानी से सभी भक्तों के कल्याण के लिए प्रार्थना की इसके बाद आरती भव्य रूप में भक्तो के द्वारा की गई एक एक भक्तो को माता रानी का प्रसाद वितरण किया1गया जिसमें प्रशाशन से थाना प्रभारी एवम उपनिरीक्षक के द्वारा पुलिस व्यवस्था के साथ इतनी भीड़ होने पर भी समिति के सदस्यों ने भी पहले से पुख्ता इंतजाम कर लिए थे हजारो की संख्या में महिलाएं पुरूष बच्चे आदि ने प्रसाद ग्रहण किया उक्त अवसर पर महेंद्र वर्मा रज्जु सेठ गौरव बाबा उज्ज्वल अग्रवाल पवन विध्वकर्मा आकाश मिश्रा विष्णु साहू वॉबी प्रजापति अभी मिश्र आनंद द्विवेदी धर्मेंद्र निगम एवम रमेश अग्रबाल। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा ने सभी बाहर से आये भक्त एवम स्थानीय भक्तो का आभार व्यक्त किया सभी के लिए मंगलकामना के लिए माता रानी से प्रार्थना की।

### स्वराज पैंथर व रालोद ने मनाई भगत सिंह की जयंती

**बांदा।** रविवार को राष्ट्रीय स्वराज पैंथर व राष्ट्रीय लोकदल के संयुक्त तत्वावधान में शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती सामाजिक न्याय महा सम्मेलन के तौर पर मनाई गई। इस मौके पर पैंथर द्वारा गाजे–बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रामकृष्ण पटेल व मुख्य वक्ता के तौर पर रालोद के प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता में संगठन के अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुन्नालाल दिनकर ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह ने अंग्रेजों से भारत को आजाद कराने को सपना देखा था। भगत सिंह जीवन से हमे जुल्म से लड़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर रालोद जिलाध्यक्ष सायरा बानो, रामबाबू वर्मा, सुखीराम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# युवाओं व उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रहा है इन्टरनेशनल ट्रेड शो

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में उत्कृष्ट उत्पादों का चयन कर उनके स्टाल इन्टरनेशनल ट्रेड शो, ग्रेटर नोएडा में लगवाये गये है। इस ट्रेड शो में लगाये गये स्टॉलों से उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों को ग्लोबल पहचान मिल रही है।

युवाओं और उद्यमियों के लिए इन्टरनेशनल ट्रेड शो वरदान साबित हो रहा है। उत्तर प्रदेश को अंतराष्ट्रीय व्यापार के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने

**उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों को मिल रही ग्लोबल पहचान : मौर्य**

का महत्वपूर्ण अवसर मिल रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य को वन ट्रिलयन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में बढ़ते खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो से बडी मदद मिलेगी। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के स्टॉलों पर उद्यम व उत्तम प्रदेश बनाने की झलक दिख रही है।

उत्तर प्रदेश इण्डिया एक्सपो इन्टरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में देश विदेश से आये लोगों को लुभाया है। अनूठे व उच्च क्वालिटी के खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में

**5000 लोगों ने स्टॉलो का किया भ्रमण**

अभी तक लगभग 5000 लोगो ने स्टॉलो का भ्रमण किया। उद्यमी उत्साहित नजर आये, हॉल 12 में प्रेरणा शर्मा आईएएस विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की देखरेख लगाये गये स्टालो से लाभ लेने हेतु विभागीय अधिकारियो द्वारा लोगो को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। बताया गया कि संथुरी पवन कुमार तेलांगना, अंजली गुप्ता हापुड, प्रशान्त वैभव एनआईइटी, तरंग वर्मा पंचकुला, सुमित अमरोहा, दीपक मिश्रा लखनऊ, मोहित कुमार हाथरस, मधुकर शंखधार चन्दौसी, ललित राजपूत फिरोजाबाद, अम्बर श्रीवास्तव लखनऊ द्वारा अपने उत्पादो को एक्सपोर्ट करने हेतु सम्बन्धित उद्यमियों से वार्ता की गई।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों से उत्कृष्ट उत्पादो के स्टाल यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में लगवाये गये हैं।

इस ट्रेड शो में लगाये गये स्टालों से यूपी के खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को ग्लोबलपहचान मिलेगी, स्टॉलों पर काफी भीड़ देखने कोमिली, युवाओ व उद्यमियो के लिये इण्टरनेशनल ट्रेड शो वरदान साबित हो रहा है।

प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो को अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर उभरने का मौका मिल रहा है। इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 में

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उद्यमियो को आवंटित 50 स्टॉलों पर बेकरी उत्पाद, मिलेट्स, नमकीन मसाले, शहद, अचार, सॉस, मसाले पाउडर व पेस्ट तेल आदि के उत्पाद का प्रदर्श किये गये है।



# नगर निगम ने सहारा शहर के गेट पर लगाया बोर्ड, खाली करने का नोटिस जारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में सहारा की संपत्तियों को कब्जे में लेने की नगर निगम की कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। इस दौरान सहारा शहर के गेट के बाहर और चारदीवारी के किनारे-किनारे कई स्थानों पर नगर निगम ने अपना बोर्ड लगाया।

नोटिस देकर सहारा शहर को 130 एकड़ जमीन खाली करने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर नगर निगम के संपत्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम की तरफसे लगाए गए बोर्ड में लिखा गया है कि यह जमीन नगर निगम की है। इस पर किसी भी प्रकार का कब्जा अतिक्रमण करना दंडनीय अपराध है। नगर आयुक्त के निर्देश पर यह बोर्ड नगर निगम ने लगाए हैं। परिसर को खाली करने के लिए नगर निगम की तरफ से 11 सितंबर को सहारा को नोटिस भी दी जा चुकी थी। इसमें करीब 15 दिनों का समय दिया गया था।

गोमतीनगर स्थित सहारा शहर के अंदर परिसर में शनिवार को नगर निगम की तरफसे कब्जे के बोर्ड लगाए गए। इस दौरान विभिन्न जगहों पर करीब 13 बोर्ड लगे। इसके बाद रविवार को 5 से अधिक बोर्ड मुख्य गेट के साथ में अन्य जगहों पर लगे। नगर निगम की तरफसे कुछ दिनों तक यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह का कहना है कि नियम और शर्तो का उल्लंघन करने पर 1994 में हुई लाइसेंस डीड 30 सालों के लिए थी। इसके खत्म होने के बाद नगर निगम की तरफ से कार्रवाई की गई है। नगर आयुक्त गौरव कुमार का कहना है कि नगर निगम ने सहारा से 170 एकड़ जमीन अभी तक कब्जे में ले लिया है। सहारा के अंदर नगर निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची तो वहां के कर्मचारी भावुक हो गए।

## खबरें एक नजर में

**एशियन फुटवियर्स स्टोर्स को 25,000 तक ले जाने की तैयारी में**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते घरेलू फुटवियर ब्रांड एशियन फुटवियर्स ने उत्तर प्रदेश में अपने बड़े एक्सपेंशन प्लान की घोषणा की। कंपनी अब अपने रिटेल आउटलेट्स की संख्या को 7,500 से बढ़ाकर 25,000 तक ले जाने की तैयारी में है। साथ ही, राज्य में 14 एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स (ईबीओ ) खोलने का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 25-26 तक रखा गया है। इस अवसर पर ब्रांड एंबेसडर और लीजेंड्री क्रिकेटर एम. एस. धोनी ने एशियन फुटवियर की नई प्रीमियम कलेक्शन - क्रांटम 2.0 (सिग्नेचर रेंज बाय एम. एस. धोनी) लॉन्च की। इस कलेक्शन में हाईपर कुशन, पॉवरकिक और मोजो जैसे नए मॉडल शामिल हैं, कंपनी ने साथ ही 100 करोड़ रुपए का निवेश पूरे भारत में अपने संचालन को मज़बूत करने के लिए घोषित किया। वर्तमान में एशियन फुटवियर्स देशभर के 30,000 मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स और 35 ईबीओ में उपलब्ध है। आने वाले समय में कंपनी अपने नेटवर्क को 1 लाख रिटेल आउटलेट्स और 100 ईबीओ तक बढ़ाने का लक्ष्य रखती है, खासतौर पर टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपनी मौजूदगी को मज़बूत करने के लिए। एशियन फुटवियर्स के चेयरमैन, राजिंदर जिंदल ने कहा-एम. एस. धोनी जैसे लीजेंड द्वारा हमारी नई प्रीमियम स्नीकर्स रेंज का लॉन्च हमारे लिए गर्व का पल है। उनकी आस्था हमें हर दिन बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है।

**तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बीच सड़क पलटी, दो गाड़ियों को मारी टक्कर**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा में थाना क्षेत्र के खुर्रम नगर फ्लाईओवर पर एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो कई गाड़ियों में टक्कर मारकर पलट गई। गनीमत रही हादसे में कोई गंभीर घायल नहीं हुआ। कार सवार को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। रविवार दोपहर करीब 1 बजे मुंशी पुलिया से टेढ़ी पुलिया की तरफजा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो खुर्रम नगर फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर पलट गई। वहां मौजूद लोगों की मानें तो स्कॉर्पियो चालक ने पहले दो गाड़ियों में हल्की टक्कर मारी। इसके बाद दीवार से टकराकर पलट गई। कार ड्राइवर को गाड़ी से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। मामले में पुलिस का कहना है किसी को चोट नहीं आई है। चालक ने कंट्रोल खो दिया था जिसकी वजह से हादसा हुआ है। फिलहाल गाड़ी हटवाकर ट्रैफिक सुचारु रूप से चालू करवा दिया गया है।

**ओमेक्स बिल्डिंग से मानसिक बीमार युवक की गिरकर मौत**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र स्थित ओमेक्स वाटर स्काइप अपार्टमेंट के टावर-3 की नौवीं मंजिल से 28 वर्षीय युवक की गिरने से मौत हो गई। युवक की पहचान अनुराग गुप्ता के रूप में हुई। परिजन और स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसके पीजीआई ट्रॉमा सेंटर भेजवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक अनुराग गुप्ता अपने माता-पिता और भाई के साथ फ्लैट नंबर 902 में रहता था। परिजनों ने बताया कि अनुराग पिछले काफी समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसका इलाज वाराणसी से चल रहा था। सुबह अचानक वह फ्लैट की नौवीं मंजिल से नीचे गिर गए। घटना की सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फसिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**मारपीट कर अश्लील फोटो वायरल करने वाला फायरमैन गिरफ्तार**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में पत्नी के साथ मारपीट और वाट्सऐप पर उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल करने के मामले में चिनहट पुलिस ने फायरमैन पवन कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को रविवार सुबह उसके लखनऊ स्थित घर के पास से दबोचा गया। पुलिस ने बताया कि पवन फैजाबाद के रुदौली फायर स्टेशन में तैनात है और इन दिनों लखनऊ के जानकीपुरम गार्डन, सेक्टर में रह रहा था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़िता ने 19 सितंबर को चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि उसका पति पवन सिंह लगातार उसके साथ मारपीट करता था, गाली-गलौज करता था और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। आरोप है कि झगड़े के दौरान पवन ने उसकी अश्लील तस्वीरें लीं और उन्हें वाट्सऐप पर वायरल कर दिया। यही नहीं, उसने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 67 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 66, 115(2), 351(2), 352 के तहत केस दर्ज किया।

**राशिकरण की कटौती के नए आदेश से पेंशनर्स में नाराजगी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के महामंत्री ओंकार नाथ तिवारी तथा उपाध्यक्ष गोपी कृष्ण श्रीवास्तव ने पेंशन राशिकरण की कटौती अवधि के पुनर्स्थापन विषयक प्रकरण राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय आठवें वेतन आयोग को संदर्भित किये जाने पर असंतोष एवं निराशा व्यक्त की है। इस संबंध में वित्त सामान्य अनुभाग तीन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 25 सितंबर 2025 को एक कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए समस्त याचिकाकर्ताओं एवं अन्य पेंशनरों से प्राप्त प्रत्यावेदनों को निस्तारित कर दिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के सभी पेंशनरों में कुंठा एवं निराशा व्याप्त हो गई है। समिति अथवा राज्य सरकार द्वारा इस बिंदु पर विचार ही नहीं किया गया कि पेंशन राशिकरण की कटौती अवधि 15 वर्ष निर्धारित किए जाने के समय रसिकरण का गुणांक मानक 125 था जो वर्तमान में मात्र 98 निर्धारित है। राशिकरण की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 11 माह में करने की पेंशनरों की मांग को हर स्तर से स्वीकृत किया गया था। उच्च न्यायालय ने भी पेंशनरों की हजारों याचिकाओं पर शासन को सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने के निर्देश दिए थे और यह मानते हुए कि 10 वर्ष 11 माह की अवधि उचित है।

**कार्तिक पूर्णिमा मेला आयोजन समिति की विशेष बैठक सम्पन्न**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला समिति की बैठक लौलाई में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यअतिथि पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने मेले के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की। दिवाली के बाद गंगा स्नान यानि कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन मेला का आयोजन पिछले कई वर्षों से होता रहा है। इस बार भी मेला होगा। मेला कमेटी ने इस बार मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को आमंत्रित करने की मांग रखी। अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि मेले का आयोजन नवंबर में 5 तारीख से 9 तारीख तक किया जाएगा जिसमें पहले दिन गंगा पूजन और शुभारंभ महंत दिव्या गिरि द्वारा किया जाएगा। मेले में मुख्य आकर्षण जवाबी कीर्तन, जवाबी आल्हा, खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी एवं वालीबाल का भी आयोजन क्रमवार शामिल किया गया है।

**डिपो में खड़ी डबलडेकर बस, चलेगी दीपावली के बाद**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज की इलेक्ट्रिक डबलडेकर बस नौ महीने से सड़क पर उतरने को बेकरार है। चार्जिंग स्टेशन नहीं बनने से बस का अरमान पूरा नहीं हो पा रहा है। अब अस्थायी व्यवस्था कर बस को दीपावली के बाद सड़क पर उतारने की तैयारी की जा रही है। महाकुंभ में रोडवेज को लखनऊ से बाराबंकी के बीच संचालन के लिए डबलडेकर बसें मिली थीं, मगर नौ महीने से बस बाराबंकी डिपो में खड़ी है। चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से दिक्कतें हो रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन तैयार करने के लिए एनओसी की प्रक्रिया हो गई है, लेकिन इसे बनने में समय लगेगा। ऐसे में दीपावली के बाद अस्थायी व्यवस्था कर बस चलाई जा सकती है।

**जीपीओ में लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन**


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रविवार को प्रथम चरण के अंतर्गत लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन लखनऊ जीपीओ में संपन्न हुआ जिसमे लखनऊ के विभिन्न स्कूल जैसे सेठ आनंदराम जयपुरिया, मॉडर्न स्कूल, नवयुग रेडियंस, महर्षि विद्या मंदिर, सिटी मांटेसरी स्कूल, बाल विद्या मंदिर, सिटी इंटरनेशनल स्कूल से कक्षा 6,7,8 एवं 9 तक के 124 बच्चों द्वारा सहभागिता की गयी।

**मुख्यमंत्री से संवाद, पंचायत प्रतिनिधियों ने साझा की विकास और बदलाव की कहानियां**

# आत्मनिर्भर यूपी की दिशा में पंचायतों की भूमिका निर्णायक

**महिला सशक्तिकरण से आय सृजन तक, पंचायतों में नवाचारों की नई मिसालें**





समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विकसित यूपी/2047 संवाद कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद का अवसर मिला तो जिला और क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र में बीते साढ़े 8 वर्षों में अपने-अपने क्षेत्रों की विकास यात्रा और बदलाव की कहानियां साझा कीं। संवाद का यह वर्चुअल मंच न केवल उपलब्धियों को रेखांकित करने का अवसर बना बल्कि पंचायत स्तर पर नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की सामूहिक प्रतिबद्धता का भी प्रमाण बना। अमरोहा के धनौरा ब्लॉक की प्रमुख आशा चंद्रा ने वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए स्वयं सहायता समूहों और लखपति दीदी जैसे कार्यक्रमों से महिलाओं की बदली तस्वीर सामने रखी।

उन्होंने विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी की खेती करने वाली महिलाओं के उदाहरण से बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के कितने अवसर मौजूद हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें यदि स्थानीय आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाएं और नवाचार अपनाएं तो न केवल अपनी आय बढ़ा सकती हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ी छलांग लगा सकती हैं। एटा से शीतलपुर के ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र लोधी ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उनका ब्लॉक पूरे अलीगढ़ मंडल में मॉडल ब्लॉक के रूप में पहचाना जा रहा है, जहाँ बीते आठ वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। विकास की इस निरंतरता को आगे बढ़ाते हुए कानपुर देहात के सरवनखेड़ा ब्लॉक की प्रमुख उर्वशी सिंह ने वर्षा जल संचयन, पिंक टॉयलेट जैसी योजनाओं और ग्रामीण बाजारों के उन्नयन से जुड़ी पहले साझा कीं। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में मंडी समिति के सहयोग से ग्रामीण हाट और सामुदायिक हॉल जैसी आय-सृजन गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही। नवाचार और स्थानीय संसाधनों के उपयोग की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए सोनभद्र के चोपन की ब्लॉक प्रमुख लीला देवी ने अमृत सरोवर, चेकडैम, पौधारोपण जैसे कार्यों के साथ महिलाओं द्वारा बकरी के दूध से साबुन बनाने के छोटे उद्योग का उदाहरण रखा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि सोनभद्र के आबादी पिकनिक स्पॉट को थोड़ी और पहचान मिले तो यह गोवा की तर्ज पर पर्यटन मानचित्र पर आ सकता है। मुख्यमंत्री ने इस सोच की सराहना करते हुए प्रस्ताव भेजने को कहा।प्रदेश की भावी विकास परिकल्पना को रेखांकित करते हुए आजमगढ़ के अजमतगढ़ ब्लॉक की प्रमुख अलका मिश्रा ने मुख्यमंत्री को विकसित यूपी/2047 अभियान से जुड़ी पुस्तिका भेंट की और इस दिशा में अपने योगदान की प्रतिबद्धता जताई। इसी भावना को और ठोस रूप देते हुए वाराणसी के काशी विद्यापीठ ब्लॉक की प्रमुख रेनू पटेल ने कैंटीन और ओपन जिम जैसी योजनाओं के बारे में बताया, जिन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रयोग न केवल जनता के लिए उपयोगी हैं, बल्कि पंचायतों की आय बढ़ाने का भी माध्यम बन सकते हैं।

**जीपीओ में प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन, स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

**लखनऊ।** जीपीओ में आज डाक टिकट संग्रह को लेकर अभिरुचि रखने वालों के लिये लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया। जीपीओ के चीफ पोस्टमास्टर राजेश कुमार के मुताबिक आज 28 सितम्बर को प्रथम चरण के अंतर्गत लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का लखनऊ जीपीओ में आयोजन किया गया, जिसमे लखनऊ के विभिन्न स्कूलो के करीब सवा सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतिभाग करने वाले स्कूलों में सेठ आनंदराम जयपुरिया, मॉडर्न स्कूल, नवयुग रेडियंस, महर्षि विद्या मंदिर, सिटी मांटेसरी स्कूल, बाल विद्या मंदिर, सिटी इंटरनेशनल स्कूल आदि के कक्षा 6,7,8 एवं 9 तक के 124 बच्चों ने सहभागिता की।

# अमीनाबाद में पुलिस और व्यापार मंडल ने मिलकर निकली मिशन शक्ति रैली

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के मिशन शक्ति फेस-5 के तहत रविवार को अमीनाबाद में पुलिस और व्यापार मंडल ने मिलकर जागरूकता रैली निकाली। रैली में अमीनाबाद थाना प्रभारी सुनील कुमार आजाद, मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव कुमारी, एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक केशव मिश्रा, एंटी रोमियो टीम, मिशन शक्ति टीम, थाना स्टाफ और अमीनाबाद व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रैली के दौरान बाजार में दुकानों पर काम कर रही महिलाओं को पंपलेट बांटे और मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही 1090, 112, 181,1098, 1076 ,1930, 101, 102 ,108 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे अपने कार्यक्षेत्र पर पूरी तरह सुरक्षित हैं। किसी भी प्रकार की समस्या पर वे मिशन शक्ति केंद्र, पिंक बूथ, पिंक मोबाइल या एंटी रोमियो टीम से तुरंत शिकायत कर सकती हैं। इसके साथ महत्वपूर्ण पोर्टल आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य थाना क्षेत्र में रह रही महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर जागरूक करना था, जिससे वह अपने प्रति हो रहे अपराधों के बारे में पुलिस को बेझिझक बता सकें और पुलिस से सहायता ले सकें।

**राजभवन परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में चला स्वच्छता सेवा पखवाड़ा**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चल रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत राजभवन परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में रविवार को विशेष सफाई अभियान और खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, अध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजभवन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुबह से ही व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। विद्यालय परिसर, कक्षाओं और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में मौजूद अध्यापकों ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से डांडिया नाइट कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** गेट सेट फिट जिम एवं पार्वती उत्सव लॉन, इंदिरा नगर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य डांडिया नाइट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निखिल जयसवाल, रोली जयसवाल, संगीता शाक्य, ऐलिस जयसवाल एवं गुंजन वर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नवी अकैडमी की डायरेक्टर शिल्पा सिंह के निर्देशन में बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की इन सुंदर प्रस्तुतियों की कोरियोग्राफी मौसमी, भारती एवं प्रियांशु द्वारा की गई, जिसने मंच की शोभा और भी बढ़ा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेविका एवं उत्तर प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी आदरणीया नम्रता पाठक पधारीं। उनके कर-कमलों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डांडिया नाइट में 200 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशिष्ट अतिथियों में पार्षद कल्पना वर्मा, पार्षद पूजा जसवानी, उमा सिंह, अनुपमा, प्रिया मिश्रा, मोनालीसा, नीलम रोली सिंह, सरूपा, तृप्ति समेत कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन प्रदेश के प्रख्यात एंकर प्रदीप शुक्ला ने किया।

# युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने मैदान में उतारी सशक्त टीम

**संगठन को जमीनी स्तर तक मज़बूत करना ही प्राथमिकता : रघुवंशी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लखनऊ जिला इकाई के कैंप कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लखनऊ जिले के जिला अध्यक्ष के. के. रघुवंशी ने की। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

जिला अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की जमीनी स्तर तक मज़बूत करना ही प्राथमिकता है और इसके लिए योग्य, ईमानदार व समर्पित साथियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसी क्रम में संदीप कुमार को जिला सचिव, हरकेश कुमार को जिला मीडिया प्रभारी, परमहंस को जिला महामंत्री, रामदेव को जिला महामंत्री, राज सिंह यादव को मलिहाबाद विधानसभा प्रभारी, निर्भय कुमार को सरोजिनी नगर विधानसभा अध्यक्ष, अमित त्रिपाठी को जिला सचिव, सौरभ शर्मा को जिला मंत्री, तथा अजय कुमार को बीकेटी विधानसभा अध्यक्ष, अमरेश मिश्र को जिले का महामंत्री के रूप में मनोनीत किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले तक मज़बूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और मिशन को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस अवसर पर उन्नाव जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार रावत एवं उन्नाव जिले के मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दोनों अतिथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को और अधिक ऊर्जा व दिशा देने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज़ को बुलंद करने के लिए कृतसंकल्प है और इसी दिशा में यह नए दायित्व संगठन को गति और मजबूती देंगे।

# क्वीन मेरी में इंजेक्शन लगाते ही प्रसूता की मौत, डिलीवरी के बाद हुई थी रेफर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मेरी अस्पताल में रविवार दोपहर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मरीज को नर्स ने हरे रंग का इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही उसने दम तोड़ दिया। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।

जानकारी के अनुसार इटौंजा के पृथ्वीपुर गांव निवासी मनोज रावत की 28 साल की पत्नी रिंकी रावत की शनिवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलीवरी हुई। जहां उसने बच्चे को जन्म दिया। डिलीवरी के कुछ ही देर बाद अचानक महिला की तबीयत बिगड़ गई। सीएचसी के डॉक्टरों ने मरीज को क्वीन मेरी रेफर कर दिया। परिजन कुछ ही देर में महिला को क्वीन मेरी अस्पताल पहुंचे। यहां उसे वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। मृतक की देवरानी ने बताया कि 24 घंटे में 3 यूनिट ब्लड मांगा गया। तुरंत ब्लड भी मुहैया कराया गया। 1 यूनिट ब्लड चढ़ा। रविवार सुबह से कोई डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आया। सुबह से सिर्फनर्स के भरोसे ही इलाज चल रहा था। दोपहर बाद करीब 2 बजे नर्स ने हरे रंग का इंजेक्शन लगाया। दवा पूरा अंदर गया भी नहीं होगा, कि मरीज की सांसें उखड़ गई। तुरंत दम तोड़ दिया। इसके बाद अब बॉडी ले जाने के लिए कागज पर साइन कराने का दबाव बना रहे हैं।

**फिल्म पर्दे पर हारी है, पर डॉयलॉगबाजी जारी है : अखिलेश**


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बरेली में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदर्शन करने वालों और सड़क जाम करने वालों को धमकी देते नजर आ रहे हैं। इसी अखिलेश यादव ने एक्स पर चुटकी ले ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि फिल्म पर्दे पर हारी है, पर डॉयलॉगबाजी जारी है। इतना ही नहीं सपा मुखिया ने आगे ट्वीट में लिखा है कि सुना है भाजपा के 4 विधायक भी फिल्म देखने नहीं गये, न ही किसी ने फिल्म देखते हुए अपनी फोटो डाली, लगता है फिल्म बनवाने वाले, फिल्म देखने के लिए व्हिप जारी करना भूल गये थे। इस हिसाब से तो सरकार गिरी हुई मानी जाएगी और ये वो पहली सरकार होगी जो 'सदन' में नहीं, 'सिनेमा हॉल' में गिरे है।

**हौसला** | **नवयुग की आध्यात्मिक मार्गदर्शक : दिशा बंसल टैरो**

# दिल्ली की 24 वर्षीय दिशा युवाओं को दे रही नई दिशा

**अंक ज्योतिष और वास्तु से बदल रही हैं जीवन, अंतर्ज्ञान व प्राचीन ज्ञान का संगम**

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।**
खोल दे पंख मेरे, कहता है परिंद,
अभी और उड़ान बाकी है,
जमीं नहीं है मंजिल मेरी, अभी पूरा आसमान बाकी है।
लहरों की खामोशी को समंदर की बेवसी मत समझ ऐ नादां
जितनी गहराई अन्दर है, बाहर उतना तूफान बाकी है।

इन पंक्तियों को महज दिशा बंसल चरितार्थ करने में जुटी हैं। उम्र भले ही सिर्फ 24 की हो, लेकिन हौसले आसमां जैसे बुलन्द हैं, क्षितिज को छूने में पूरी दमखम से जुटीं नई दिल्ली की दिशा ने आध्यात्मिक जागरूकता और जीवन मार्गदर्शन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। दूसरों के जीवन की दिशा सुधारने के लिए, तीन वर्षों से वे एक पेशेवर टैरो रीडर के रूप में कार्य कर रही हैं और साथ ही एक कुशल अंक ज्योतिषी और वास्तु सलाहकार भी हैं। वे लोगों को जीवन में स्पष्टता, संतुलन और उद्देश्य प्राप्त करने में सहायता करती हैं। दिशा को खास बनाता है उनका गहरा ज्ञान और प्रतिष्ठित आरएके0 शर्मा के सान्निध्य में प्राप्त औपचारिक प्रशिक्षण। उनके मार्गदर्शन में दिशा ने वैज्ञानिक सोच और आध्यात्मिक अंतर्ज्ञान के बीच अद्भुत संतुलन स्थापित करना सीखा, जो आज उनके कार्य की विशेषता है। टैरो कार्ड रीडिंग के माध्यम से दिशा करियर, रिश्ते, विवाह, शिक्षा और व्यक्तिगत विकास से जुड़े मुद्दों पर गहन और मार्गदर्शी सलाह देती हैं। उनके अनुसार, टैरो केवल भविष्य जानने का साधन नहीं, बल्कि आत्म-चिंतन, भावनात्मक उपचार और आत्म-सशक्तिकरण का माध्यम है।

अंक ज्योतिष के क्षेत्र में दिशा अंकों की ऊर्जा को समझकर व्यक्ति के जीवन पथ, उसकी ताकतों और जीवन उद्देश्य को उजागर करती हैं। वास्तु परामर्श के माध्यम से वे घर और कार्यस्थल की ऊर्जा को संतुलित कर, स्वास्थ्य, समृद्धि और सकारात्मकता को बढ़ावा देती हैं। दिशा इंस्टाग्राम पेज एट द रेट शुभ अण्डर स्लैश दिशा के ज़रिए भी लोगों तक पहुंच बना रही हैं, जहाँ वे दैनिक टैरो कार्ड, ज्योतिष सुझाव और वास्तु उपाय साझा करती हैं। उनकी शांत ऊर्जा, ईमानदार दृष्टिकोण और सकारात्मक विचारों ने उन्हें सोशल मीडिया पर एक समर्पित और बढ़ती हुई समुदाय दिलाई है। दिशा के लिए यह यात्रा सिर्फ ज्योतिष या भविष्यवाणी तक सीमित नहीं है-यह लोगों को अपने भीतर की बुद्धि, आत्म-जागरूकता और आध्यात्मिक संतुलन से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। दिशा ने बताया कि दुनिया से दुश्खों को खत्म तो नहीं किया जा सकता है, कम अवश्य किया जा सकता है। और वे इसी दिशा में सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रही हैं।

# सांसद गोंड ने भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों के साथ सुनी मन की बात

▸ जीएसटी सुधारों की व्यापारियों-दुकानदारों को दी जानकारी



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** रिसिया कस्बे के इंदिरा नगर स्थित भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नेता महेश अग्रवाल के आवास पर रविवार को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सांसद आनंद गोंड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 125वें मन की बात कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को सुनने के साथ हुई। इसके बाद, सांसद आनंद गोंड ने जीएसटी 2.0 के सुधारों के संबंध में व्यापारियों और दुकानदारों को अवगत कराने के लिए कस्बे में एक पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के दौरान सांसद गोंड ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश मोदी सरकार के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि जीएसटी के सुधारों से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है और आम आदमी के जेब पर पड़ने वाला बोझ कम हुआ है। साथ ही, व्यापारियों को भी काफी सहूलियतें मिली हैं।

सांसद ने आगे कहा कि आयात और निर्यात में भी व्यापारियों को आसानी हुई है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने व्यापारियों से अपील की कि वे उपभोक्ताओं को भी जीएसटी के इन सुधारों के बारे में जानकारी दें। इस कार्यक्रम के दौरान व्यापारी नेता महेश अग्रवाल ने सांसद का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेम गोयल, मंजू गुप्ता, श्रवण मित्तल, राम रतन दोचानिया, संजय चिरानिया, प्रकाश बंसल, मदन गोपाल यज्ञ सैनी, राकेश मित्तल, गोविंद गोयल, आनंद मातनहेलिया, जिला जीत तिवारी, हलीम अहमद, जीतेंद्र गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारी मौजूद थे।

## मदरसे में बच्चियों के मिलने पर डीएम ने जांच समिति का किया गठन

**बहराइच।** पयागपुर इलाके में एक अवैध मदरसे से 40 नाबालिग बच्चियों के मिलने के मामले में जिलाधिकारी ने जांच समिति का गठन किया है। यह कार्रवाई स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर हुई छापेमारी के बाद की गई। बीते दिनों, उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडे ने पुलिस के साथ पटीहाट गांव में संचालित इस मदरसे पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान मदरसा संचालक मौके से फरार हो गया था। जांच में सामने आया कि मदरसा बिना किसी मान्यता के अवैध रूप से चलाया जा रहा था। छापेमारी के बाद, मिलीं 40 नाबालिग बच्चियों को उनके परिजन अपने घर ले गए थे। इस घटना ने जिले में अवैध रूप से संचालित मदरसों के संचालन पर सवाल खड़े किए हैं। जिलाधिकारी ने इस पूरे प्रकरण की गहन जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति में उप जिलाधिकारी पयागपुर, बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को शामिल किया गया है।

# विशेश्वरगंज ब्लॉक का हर गांव अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा : राकेश पांडेय

समृद्धि न्यूज



▸ 2047 का विजन : वंदना पांडेय के नेतृत्व में ऐतिहासिक आयोजन, सीएम योगी का सजीव संवाद बना आकर्षण

विशेश्वरगंज,बहराइच। विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश 2047÷ के संकल्प से समृद्धि शताब्दी पर्व का रविवार को ब्लाक सभागार बिशेश्वरगंज में भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख वंदना पांडेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सजीव संवाद सुना गया, जिसने सभागार को उत्साह और जोश से भर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा गांव-गांव विकास पहुंचे, हर गरीब को योजनाओं का लाभ मिले, यही हमारा लक्ष्य है। 2047 तक उत्तर प्रदेश को ऐसा राज्य बनाएंगे जो देश की शक्ति और सामर्थ्य का केंद्र होगा।

योगी के इस सजीव संवाद पर उपस्थित जनता ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी और इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय ने भरोशा दिलाया कि विशेश्वरगंज ब्लाक का हर गांव अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा को जमीनी हकीकत में बदलना ही हमारा संकल्प है।

सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार में आने वाले वर्षों में ऐसा परिवर्तन होगा, जिसकी प्रतीक्षा जनता ने दशकों से की है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला प्रतिनिधि राज कुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी तेज नारायण, ग्राम सचिव महेश प्रताप, अरुण कुमार पांडेय, अनुराधा चौरसिया, सतवंत सिंह, लक्ष्मी नारायण, प्रवीण कुमार, भूपेंद्र तिवारी, भाजपा नेता अभय त्रिपाठी, धनलाल पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकी चौबे समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। ब्लाक प्रमुख वंदना पांडेय के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी के संकल्प से क्षेत्र का भविष्य अब सुरक्षित और सुनहरा दिख रहा है।

## खबरें एक नजर में

### मोतीपुर में 60 लीटर अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज। थाना मोतीपुर पुलिस ने अलग स्थानो से दो लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। दोनों आरोपितों के पास यूरिया व नौशादर मिलने से उनके जहरील शराब बनाने की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया फोर्स के साथ भ्रमणशील थे कि पता चला कि ग्राम पेटरहा में अरुण पुत्र लायकराम उम्र 20 वर्ष व पंकज पुत्र सहजराम 21 वर्ष को नैनीहा के तरफ लाते समय नीली पीपिया और काली पीपिया में 60 लीटर कच्ची शराब लाते समय पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि अपने घर में देशी कच्ची शराब को अपमिश्रित कर बेचता है। दबिश पड़ी तो वहां मिले व्यक्ति ने अपना नाम पंकज और अरुण निवासी ग्राम पेटरहा बताया। मौके पर थाना प्रभारी मोतीपुर तथा उनके टीम ने दो गाड़ी जो एक सुपर स्प्लेंडर तथा बुलेट के साथ दोनों युवाओं को पकड़ थाना मोतीपुर लाया गया आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया गया।

### रामलीला में राम-विवाह की सुंदर प्रस्तुति



बहराइच, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत मिहींपुरवा मे चल रहे श्री राम लीला समिति की ओर से शनिवार को नगर में भव्य राम बारात का नगर भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात गुरु वशिष्ठ व राजा दशरथ श्री राम की बारात ले कर मिथिला के राजा जनक के द्वार पर पहुंचे। तब मंचन द्वारा राम-विवाह की सुंदर प्रस्तुति की गयी। राम-विवाह के दौरान सखियों के साथ वार्तालाप का भी मंचन किया गया।राम-जानकी विवाह के प्रसंग का मंचन किया गया सीता विदाई के प्रसंग की प्रस्तुति दी गई।इस दृश्य ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष जुगुल पोरवाल, बाबूराम शर्मा, अमित रस्तोगी, निकुंज अग्रवाल रविमोहन गुप्ता राजेश अग्रवाल गिरीश त्रिपाठी, अरविन्द चौधरी, महेश मिश्रा, संतोष मदेशिया दीपक मदेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवती पर धारदार हथियार से हमला

▸ पिता ने चाचा व उसके दोस्त पर हमले का लगाया आरोप

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवती पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवती को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर उसके चाचा और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

यह घटना शनिवार शाम को हुई, जब ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर निवासी नंदकिशोर की 20 वर्षीय पुत्री पूनम अपने घर के सामने बैठी थी। पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पूनम की चीख सुनकर जब तक परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचते, हमलावर फरार हो गए।पूनम कुछ दिन पहले ही अपने ससुराल से मायके आई थी।

घटना की सूचना पर कैसरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।युवती के पिता ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के कारण पूनम के चाचा देवकी और उनके दोस्त राम मिलन ने उस पर हमला किया है। कैसरगंज थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### युवक का शव फंदे से लटका मिला, मामा के घर आया था युवक



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के कटका गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय बुधराम के रूप में हुई है, जो शुक्रवार को अपने मामा के घर आया था। शनिवार को उसका शव घर के बरामदे में बांस से लटका मिला। घटनास्थल पर मृतक के पैर जमीन से लगे हुए थे, जिससे उसकी मौत संदिग्ध प्रतीत हो रही थी। मृतक के मामा ने आरोप लगाया है कि बुधराम की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका कुछ लोगों से खेत का विवाद चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मिशन शक्ति : उम्मे सलमा मदरसा किला की बालिकाओं को किया जागरूक

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान- 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देशन में रविवार को थाना कोतवाली नगर मिशन शक्ति टीम द्वारा उम्मे सलमा मदरसा किला में जारुकता कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया।

## वेदवान प्रीमियर लीग : मनकापुर लायंस ने बहराइच टाइटंस को 30 रन से हराया

▸ लल्लन को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में वेदवान फाइनेंस एवं केडीसी एकेडमी के द्वारा आयोजित वेदवान प्रीमियर लीग के आज पांचवें दिन छठवां मुकाबला बहराइच टाइटंस एवं मनकापुर लायन्स के बीच खेला गया। मनकापुर लायंस के कप्तान रवि प्रताप ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मनकापुर लायंस के बल्लेबाजों ने 21 ओवर में ऑल आउट हो कर 121 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें शिवम शुक्ला ने 19 गेंद में 31 रन एवं राहुल जायसवाल ने 21 रनों का योगदान दिया।

बहराइच टाइटंस की तरफ से तुषार सोनी ने तीन, मयंक तथा वैभव ने दो-दो विकेट लिए। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच टाइटंस के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम 92 रनों पर आल आउट हो गई मनकापुर लायंस की तरफ से करण गुप्ता ने तीन लल्लन, राज एवं ध्रुव ने दो-दो विकेट लिए। बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत लल्लन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका आशुतोष एवं यश चौरसिया ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में गोविंद चौहान रहे । इस अवसर पर डीसीए सेक्रेटरी इशरत महमूद खान, जहीन खान, मनीष सिंह, इफ्तखार अली, आयुष चित्रांश, प्रदीप गुप्ता एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# विधायक पयागपुर ने दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

▸ विकास खण्ड हुजूरुपर में आयोजित हुआ वितरण शिविर

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत ''सेवा पखवाड़ा'' के अवसर पर विकास खण्ड मुख्यालय हुजूरपुर में शनिवार को आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, खण्ड विकास अधिकारी हुजूरपुर अनुभा श्रीवास्तव सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ पात्र दिव्यांगजनों को 10 व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र (कान मशीन) व 10-10 ब्रेल किट तथा स्मार्ट केन इत्यादि सहायक उपकरणों का वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से मदद की जाए, ताकि उनके जीवन में कुछ आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास ही प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिविर आयोजन का उद्देश्य है कि दिव्यांगजनों की मदद कर उनके चेहरे पर मुस्कान लायी जा सके। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्रता रखने वाले सभी दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण, पेंशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं से आच्छादित करें ताकि दिव्यांगजन भी अपने जीवन में किसी प्रकार की कमी महसूस न करते हुए दूसरे सामान्य लोगों की तरह अपना जीवन जी सकें।

## मिस्टर इंडिया को मिला पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार

समृद्धि न्यूज़



**गोण्डा ।** क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब जनपद गोंडा के विकासखंड परसपुर अंतर्गत ग्राम हरदिहा सपौर निवासी अंतर्राष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. मनमोहन सिंह राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एकता फाउंडेशन द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारतीय अर्थव्यवस्था के शिल्पकार डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

संस्था शिक्षा, रोजगार एवं मौलिक अधिकारों के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संगठन है।जनहित के मुद्दों को लेकर हमेशा अग्रणी रहे जादूगर मिस्टर इंडिया ने अपनी जादुई कला के माध्यम से आम जनता को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी है। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, दहेज उन्मूलन जैसे सामाजिक अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान एकता फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जय संजय रामटेके ने कहा कि हम जनता को पार्टियों के झंडे नहीं, देश का संविधान देना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य है - हर नागरिक को शिक्षा, रोजगार और उसके अधिकार दिलाना। इस अवसर पर नीति आयोग द्वारा स्वीकृत सामाजिक योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने एकता फाउंडेशन की निःस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए जादूगर मिस्टर इंडिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस उपलब्धि को लेकर ग्रामीणों में भी हर्ष का माहौल है। लोगों ने इस उपलब्धि को पूरे जनपद के लिए गौरवपूर्ण बताया है।

# दुनिया के लिए रोल मॉडल बना भारत, बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट

समृद्धि न्यूज




**गोंडा।** भारत ने बाल विवाह रोकथाम में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की नई रिपोर्ट 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवर्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार, पिछले दशक में देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत और लड़कों में 72त्न की गिरावट आई है। रिपोर्ट बताती है कि कानूनी कदम–गिरफ्तारियां, एफआईआर व विवाह रोकथाम संबंधी कार्रवाई–सबसे प्रभावी साबित हुए हैं।

सर्वाधिक गिरावट असम (84 प्रतिशत) में दर्ज हुई, जबकि महाराष्ट्र व बिहार (70 प्रतिशत), राजस्थान (66 प्रतिशत) और कर्नाटक (55 प्रतिशत) में भी उल्लेखनीय कमी आई। उत्तर प्रदेश के गोंडा व अयोध्या जिले में अपराजिता सामाजिक समिति ने जेआरसी के साथ मिलकर जिला प्रशासन, पंचायतों व समुदायों के सहयोग से पिछले तीन वर्षों में अंडरटेकिंग व कानूनी हस्तक्षेप से अनेक बाल विवाह रुकवाए हैं। अपराजिता की निदेशक किरण बैस ने कहा, हमारा हर प्रयास बच्चों के बेहतर भविष्य और शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में है।

यह रिपोर्ट साबित करती है कि शिक्षा, जागरूकता और कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह समाप्त करने की कुंजी हैं। जेआरसी के राष्ट्रीय संयोजक रविकांत ने कहा, यह सफलता सरकार, पुलिस, पंचायतों और समुदायों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। हमें विश्वास है कि भारत 2030 तक बाल विवाह मुक्त देश बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। रिपोर्ट में विवाह का अनिवार्य पंजीकरण, बेहतर रिपोर्टिंग व्यवस्था और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को गांव-गांव तक पहुँचाने की सिफारिश की गई है।

# तबादले के बावजूद जमे हैं मोतीगंज थाने में कांस्टेबल रमेश यादव




समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** स्थानांतरण के बाद भी चौकी से कांस्टेबल रमेश यादव का कुर्सी से मोह नहीं छूट रहा है।रमेश यादव पुलिसकर्मी अपनी ठसक दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर भारी पड़ रहे हैं वही थानामोतीगंज कहोंबा पुलिस चौकी की बात करें तो अभी भी

**दशहरा त्योहार के बाद सभी को कर दिया जाएगा रवाना : थाना अध्यक्ष अरविंद यादव**

अधिकारियों सहित नेताओं से जुगाड़ लगाकर सिपाही रमेश यादव चौकी में जमे है। आखिरकार स्थानांतरण सूची जारी होने के बाद भी सिपाही रमेश यादव को थाने से रिलीव क्यों नहीं किया जा रहा है यह लोगों के समझ से परे है।

### एसपी के आदेश पर भारी पुलिसकर्मी, रमेश यादव

थानों व चौकी में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और कामकाज में पारदर्शिता और कसावट लाने के मकसद से तबादला नीति बनाई गई। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक ने थानों व चौकी पर लंबे समय से जमे कर्मचारियों का स्थानांतरण किया था, जबकि कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो लंबे समय से थाना में पदस्थ है और इनकी शिकायत भी पुलिस अफसरों तक पहुंच चुकी है। इस तरह यह पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की तबादला नीति को मुंह चिढ़ा रहा है।

### दुर्गा पूजा, रामलीला और विसर्जन शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा

**बहराइच।** पयागपुर में आगामी दुर्गा पूजा और रामलीला विसर्जन आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। क्षेत्र में भारी संख्या में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र बल) के जवान तैनात किए गए हैं। पीएससी बल थाना पयागपुर क्षेत्र के सभी संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर रहा है।

इस तैनाती का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सौहार्द बनाए रखना और विसर्जन जुलूसों को बिना किसी बाधा के संपन्न कराना है। पुलिस प्रशासन लगातार पूजा समितियों और रामलीला आयोजकों के संपर्क में है। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रित रहे, इसके लिए क्षेत्र पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने आम जनता से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

**समस्या** — अतिक्रमण हटाने का अभियान व नो पार्किंग तथा नो वेंडिंग जोन का लगा बोर्ड निरर्थक साबित

# अब तो पुलिस चौकी इनकैन के सामने भी लगने लगा है जाम

▸ प्रयासों के बावजूद भी जाम के झाम से नहीं मिल रही है मुक्ति

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** जिले के जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं। देखकर भी अनजान बने हुए हैं। इससे अतिक्रमण हटाने का अभियान और नो पार्किंग तथा नो वेंडिंग जोन का लगा बोर्ड निरर्थक साबित हो रहा है। शहर को खूबसूरत बनाने और जाम से मुक्त रखने के लिए नगर पालिका परिषद के साथ जिला प्रशासन की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। फिर भी शहर में न जाम से और न अतिक्रमण से ही मुक्त हो सका है।

शहर में अतिक्रमण करने वालों का बोलबाला है। इसी वजह से प्रतिदिन शहर में जाम लग रहा है। जाम से निजात के लिए भले ही सड़क और पटरियों का अभियान चलाकर अतिक्रमण कई बार हटाया गया है अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान शहर में पार्किंग स्थल, नो पार्किंग जोन, वेंडिग क्षेत्र और नो वेंडिंग जोन का निर्धा रण किया गया है। इनसे संबंधित सूचना बोर्ड भी लगाया गया है, मगर न तो पूरी तरह अति क्रमण हट सका है और न जाम से ही मुक्ति मिली है। नगर पालि का परिषद कि ओर से चलाया गया अभियान और लगवाया गया बोर्ड बेमतलब साबित हो रहा है। कारण जहां नो पार्किंग का बोर्ड लगा है, वहां बेधड़क वाहन पार्क हो रहे हैं और जहां नो वेडिंग का बोर्ड खड़ा है उसके नीचे व आसपास ही ठेला तथा खोमचा की दुकानें लग रही हैं।गोण्डा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में गुरु नानक चौराहे पर लगे नो वेड़िग जोन के बोर्ड के नीचे व अगल बगल एक दर्जन से अधिक फल, सब्जी मुंगफ ली चाट की दुकानें लगती हैं। चौक बजार क्षेत्र का भी यहीं हाल है। नो पार्किंग में वाहन पार्क होते हैं और नो वेंडिंग जोन में ठेलों पर दुकानें सजती हैं।नो पार्किंग वाले इलाकों में पार्क वाहन व नो वेडिंग वाले इलाकों में लगी दुकानें बोर्ड का मजाक उड़ाती हैं। वहीं लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों की लापरवाही और नगर पालिका परिषद के अभियान चलाकर मौन साध लेने से ऐसा हुआ है। नो पार्किंग इलाकों में पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं।शहर के व्यस्त इलाकों में से एक पीपल चौराहे पर आमतौर पर जाम आए दिन लगा रहता है। वहीं गुरु नानक चौराहे के पास जिला महिला अस्पताल सूरज कंपलेक्स के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग है। जहाँ शॉपिंग मॉल में भीड़ होने की वजह से वाहन सड़क तक खड़े होते हैं जिससे कि आने जाने वाले वाहनों को समस्या होती है और जाम लगता है। सड़क पर ट्रैफिक की रेलिंग लगी हुई है। दोनों पटरियों का अतिक्रमण हटवाया गया है। बावजूद इसके आवागमन सुगम नहीं हो पा रहा है। इसका कारण सड़क पर ही वाहनों का पार्क होना है। यही हाल बड़गांव पुलिस चौकी स्टेशन रोड इलाके का भी है। पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक की मुख्य शाखा के सामने वाहन पार्क होते हैं। इससे जाम लगता है। लोगों को आवाग मन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभियान चलाकर सड़क की पटरियों को खाली कराया गया है। सम्बंधित बोर्ड भी लगवाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### ड्रोन कैमरा उड़ते दिखाई पड़ने पर ग्रामीणों में दहशत

**डलमऊ, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रात के अंधेरे में ड्रोन उड़ता देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है जिसके चलते लोगों में भय का माहौल व्याप्त है लोगों में डर है कि चोर ड्रोन का उपयोग कर घरों की निगरानी कर रहे है और चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं इन अपवाहों के कारण ग्रामीण रात में पहरा दे रहे हैं और पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू कर दी है ऐसा ही एक मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के रायपुर टप्पा हवेली से जानकारी में आया है जहां शनिवार की देर रात लगभग 10:30 बजे रात के अंधेरे में ग्रामीणों को ड्रोन आसमान में उड़ता दिखाई पड़ा जिसका वीडियो ग्रामीणों ने बना लिया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है रात के अंधेरे में ड्रोन उड़ता दिखाई पड़ने से ग्रामीणों में दशक का माहौल बना हुआ है रायपुर टप्पा हवेली प्रधान गुलाब यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी की गांव में ड्रोन उड़ता दिखाई पड़ रहा है जिसकी सूचना डलमऊ पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस में काफी खोज दिन की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

### पुलिस की सक्रियता से बची युवक की जान, पुलिस टीम की हो रही है चर्चा



**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत शिवगढ़ रोड पर नहर में कूदने के पश्चात पुलिस की सक्रियता से एक युवक की जान बचाई गई है। जिसे नहर के तेज बहाव से बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत को सामान्य देखते हुए पुलिस के द्वारा उसे उसके पारिवारिक जनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की युवक कृपा शंकर पुत्र माधव उम्र 35 वर्ष निवासी दामोदर खेड़ा मजरे भवानीगढ़ थाना शिवगढ़ रविवार की दोपहर 2:00 बजे के आसपास कस्बा अंतर्गत शिवगढ़ रोड पर घर से किसी बात से नाराज होकर शारदा सहायक नहर में कूद गया। नहर में कूदते हुए उसे आसपास मौजूद लोगों ने देख लिया और तत्काल सूचना बछरावां थाना प्रभारी राजीव सिंह के सीयूजी नंबर पर दी। घटना की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी ने सक्रियता दिखाते हुए कस्बा इंचार्ज राजन तिवारी एवं आरक्षी आशिक अहमद को मौके पर भेजा। दोनों पुलिसकर्मियों ने घटना स्थल पर तत्परता दिखाते हुए उक्त युवक को बहते पानी में घटना स्थल से 500 मीटर की दूरी पर ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल लिया। जिसके पश्चात उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत सामान्य बताई गई है। तदउपरांत स्थानीय पुलिस के द्वारा उसे उसके पारिवारिक जनों को सूचना देकर स्थानीय थाने बुलाया गया और युवक को उन्हें सुपुर्द कर दिया गया है। परिवारी जनो ने बछरावा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया है। बछरावां थाना प्रभारी एवं उनकी टीम कि यह सक्रियता चारों ओर चर्चा का विषय बनी हुई है।

### केनरा बैंक की बिसवां शाखा का शुभारंभ आज

**बिसवां (सीतापुर)।** देश की अग्रणी राष्ट्रीयकृत केनरा बैंक अब बिसवां क्षेत्रवासियों के लिए नई सौगात लेकर आई है। नगर के बिसवां–जहांगीराबाद मार्ग स्थित मंशाराम चुंगी चौराहे के पास बैंक की नई शाखा का शुभारंभ सोमवार को होगा। यह जानकारी शाखा प्रबंधक प्रशांत भारती ने दी। उन्होंने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केनरा बैंक के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख (लखनऊ) तथा उपमहाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (लखनऊ) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी रंजना सिंह भी शामिल होंगी।

### पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर गिरफ्तार




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कृष्ण मोहन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना रामगंज, उ.नि. अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम व उ.नि. दयाशंकर मिश्र प्रभारी सर्विलांस टीम मय हमराह क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना दी कि बीते 11 सितंबर की रात्रि में गोवंश लादकर ले जा रही पिकअप गाड़ी वालों ने पुलिस टीम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था उनमें से ही दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल से ग्राम अग्रेसर से रामगंज की ओर गोतस्करी करने की फिराक में आ रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी की गई तो मोटरसाइकिल चालक द्वारा मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया गया, तभी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई और सवार 2 व्यक्तियों में से एक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायरिंग करने पर एक बदमाश घायल होकर गिर पड़ा तथा दूसरा मौके का फायदा उठाकर भाग गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अनीस पुत्र मक्खू निवासी बहरौली थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर बताया जिसके कब्जे से 1 तमंचा, 1 कारतूस व 1 खोखा 315 बोर बरामद हुआ। सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में उसने बताया कि 11 सितंबर की रात्रि में मवइया मंगरा में उसने अपने अन्य साथियों व पिकअप गाड़ी के साथ मिलकर गोतस्करी की घटना कारित की थी। घायल को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद सुल्तानपुर व जनपद आजमगढ़ में हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, डकैती आदि विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं।

### स्मृति ईरानी आज देवी मंदिरों में टेकेंगी मत्था



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बताया कि पूर्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दीदी स्मृति इरानी शारदीय नवरात्र पर अपने अमेठी के एक दिवसीय भ्रमण पर आज 29 सितम्बर सोमवार को आ रही हैं। स्मृति जी क्षेत्र की शक्ति पीठ व देवी मंदिरों में पहुंच अपनी अमेठी के कल्याण, विकास व खुशहाली के लिए माता रानी की पूजा–अर्चना करेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बताया कि स्मृति जी आज दिल्ली से लखनऊ पहुंचेगी। वहां से वह सीधे सड़क मार्ग से तिलोई के सिंहपुर स्थित माता अहोरवा भवानी धाम पहुंचेगी पूजा अर्चना करेंगी, दोपहर 1:00 बजे भाजपा मंडल मुसाफिरखाना में बस अड्डे के पास उनका भव्य स्वागत होगा यहां से मां कालिकन धाम मंदिर संग्रामपुर पहुंच पूजन–अर्चन करेंगी। संग्रामपुर से मां दुर्गन भवानी गौरीगंज पूजन अर्चन करने के उपरांत गौरीगंज स्थित अपने आवास पर पहुंचगी। वहां से पुन: लखनऊ के लिए निकल जाएंगी। दीदी जी के आगमन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### झारखंड सिंह बने पत्रकार प्रेस परिषद के अमेठी तहसील अध्यक्ष



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पत्रकार प्रेस परिषद उत्तर प्रदेश प्रभारी आशु मिश्र आजाद की संस्तुति के परिपेक्ष में अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह ने अमेठी जिला अंतर्गत ब्लॉक व थाना संग्रामपुर निवासी झारखंड सिंह झान को तहसील अमेठी के तहसील अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इसके साथ ही मंडल प्रभारी यशपाल सिंह ने उनसे आशा की है कि झारखंड सिंह संगठन व समाज के उत्थान में सदैव निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेंगे। झारखंड सिंह को तहसील अध्यक्ष पद का परिचय पत्र मंडल प्रभारी यशपाल सिंह द्वारा पहना कर स्वागत किया गया इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह, पूर्व महामंत्री पत्रकार प्रेस परिषद अमेठी विजय चंद्र मिश्रा, नलकूप सिंचाई संघ अमेठी के पूर्व अध्यक्ष बाबू राम अक्खबर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नवस्थापित महिला सुरक्षा केंद्रों से चलाया गया जागरूकता अभियान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु उ.नि. त्रिपुरारी शरण सिंह, म.का. रिया राजपूत, का. मनवीर कुमार थाना भाले सुल्तान द्वारा यादोराय का पुरवा में, उ.नि. भीमसेन सिंह, म.का. वृंदावती चौधरी, म.का. प्रतिमा अग्रहरि, म.का. ज्योति सोनकर थाना रामगंज द्वारा ग्राम नरहरपुर में, उ.नि. शिव मूर्ति यादव, उ.नि. इन्द्रयाल सिंह, हे.का. अब्दुल अजीज, म.का. कामिनी वर्मा, म.का. कल्पना थाना कमरौली द्वारा जाफरगंज बाजार में, उ.नि. विधानचन्द यादव, हे.का. नरेन्द्र यादव, म.का. प्रमिला थाना जगदीशपुर द्वारा बस अड्डा जगदीशपुर में, उ.नि. राम उग्रह प्रसाद, हे.का. जंगबहादुर गुप्ता, म.हे.का. सविता देवी थाना जायस द्वारा मुबारकपुर मुखेतिया में, उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार, म.का. खुशबू चौहान थाना बाजार शुक्ल द्वारा ग्राम पूरे शुक्लन व कस्बा बाजार शुक्ल में, उ.नि. चन्द्रभान राय, हे.का. सुभाष चन्द्र सोनी, म.का. सीमा मौर्या, म.का. लक्ष्मी, का. गणेश कटियार, का. रावत सिंह थाना मुंशीगंज द्वारा ग्राम दुलापुर में, म.उ.नि. प्रेमशीला सिंह, उ.नि. श्यामा बाबू खान, म.का. पूनम सिंह, म.का. सोनी यादव, म.का. प्रियंका सिंह थाना मोहनगंज द्वारा ग्राम असनी में, म.का. नीलम यादव, म.का. ललिता कुमारी, म.का. मोनिका थाना गौरीगंज द्वारा महिला सुरक्षा केन्द्र दुर्गन भवानी धाम में, म.हे.का. सरोज यादव, म.का. दीक्षा द्विवेदी थाना गौरीगंज द्वारा ग्राम पूरे जयसिंह मजरे गुवांवा में, म.का. रोशनी मिश्रा, चौपाल लगाकर व म.हे.का. मंजू यादव, म.का. अंजली वर्मा थाना संग्रामपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के साथ रैली निकालकर थानों पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

# जीएसटी दरों को लेकर पूर्व क्षेत्रीय विधायक ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



केंद्र सरकार द्वारा आम जनमानस को राहत देने के लिए घटाई गई जीएसटी दरो को लेकर पूर्व क्षेत्रीय विधायक रामलाल अकेला ने व्यापारियों के साथ एक बैठक कर जीएसटी पर चर्चा की। बैठक में पूर्व विधायक ने कहा की जीएसटी की दरों के कम होने से आम नागरिकों एवं व्यापारियों को काफी राहत प्रदान की गई है। उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजों की खरीदारी करने में लाभ होगा। क्योंकि दूध, साबुन, नमकीन, बिस्कुट से लेकर टीवी, एसी, सीमेंट एवं कार, ट्रैक्टर, कपड़ा सहित बहुत सारी दैनिक जरूरत वाली चीजें सस्ती होगी और सबसे ज्यादा देशवासियों के लिए खुशी की बात यह है बहुत सारी जीवन रक्षक दवाओं सहित स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, कॉपी, पेंसिल, छेना, पनीर रोटी आदि पर शून्य जीएसटी कर दिया गया है। जीएसटी कम होने से उपभोक्ताओं बाजार में ज्यादा खरीदारी करेगा। जिससे व्यापारियों सहित सरकार को भी लाभ होगा। मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री एवं बछरावाँ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सागर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी कम करने से अब दो ही स्लैब मे जीएसटी हो जाने से सरलीकरण हो गया है। जिससे व्यापारियों को राहत मिलेगी। बैठक में ही व्यापारियों ने पूर्व विधायक रामलाल अकेला और नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

## एएसआर इंटरप्राइजेज एंड स्टेशनरी हब का हुआ उद्घाटन



**रायबरेली।** शहर के मालिक मऊ सुल्तानपुर रोड पर ए एस आर इंटरप्राईजेज एंड स्टेशनरी हब का विधि विधान के साथ पूजा पाठ करते हुए प्रसाद वितरण कर व फीता काटकर उद्घाटन किया गया। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे अचली के प्रधानाचार्य पंकज सिंह की धर्मपत्नी प्रदीप्ता परमार के द्वारा शहर के मालिक मऊ सुल्तानपुर रोड पर उद्घाटन किया गया इस मौके पर प्रोपराइटर प्रदीप्ता परमार ने बताया कि हमारे यहां स्टेशनरी से संबंधित हर प्रकार का सामान आपको उचित रेट पर मिलेगा इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा अब एक ही छत के नीचे आपको सारी सामग्री मिल जाया करेगी इंटरप्राइजेज के सामान भी हमारे यहां मिलेंगे । प्रधानाचार्य पंकज सिंह के द्वारा आए हुए अतिथियों को कैलेंडर भेंट किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुर समोधा गांव में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर एक अधेड़ का शव फासी के फंदे से लटकता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि मृतक राकेश पुत्र सालिगराम उम्र 45 वर्ष निवासी शेखपुर समोधा थाना बछरावां रायबरेली अपने मकान के एक कमरे में अकेले परिवार से अलग रहता था। मृतक के शराब का आदी होने के कारण विगत दो दशक पूर्व उसकी पत्नी व उसके बच्चे उसे छोड़कर चले गए थे। रविवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो पड़ोस में रहने वाले उसके भाई व अन्य ग्रामीणों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई। जब उन्होंने कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, तो दरवाजा नहीं खुला। जिसके पश्चात ग्रामीणों ने लात मार कर दरवाजा तोड़ते हुए उसे खोला, तो देखा कि राकेश कमरे के अंदर बांस की बल्ली के सहारे प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी के फंदे पर लटक गया है और उसकी मौत हो गई है। तत्काल अन्य पारिवारिक जनो एवं ग्रामीणों के द्वारा सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 व स्थानीय पुलिस ने मृतक अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

## जसवंतरी देवी मंदिर पर सुंदर–सुंदर झांकियां देख भक्त हुए भाव विभोर

- एसडीएम पूर्व विधायक रामलाल अकेला बछरावां चेयरमैन राम जी पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप रहे मौजूद



**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के सुप्रसिद्ध जसवंत्री देवी मंदिर प्रांगण पर विगत वर्षों की भांति अब की 41 वें वर्ष भी जसवंतरी देवी दुर्गा समिति के द्वारा नवरात्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू पिछले 41 वर्षो से लगातार जहां माता रानी की पूजा अर्चना करते चले आ रहे हैं तो वहीं मंदिर परिसर पर विशेष प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करवाते हैं इसी कड़ी में 27 तारीख को राकेश शर्मा लखनऊ के द्वारा जागरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे विधायक रामलाल अकेला एसडीएम गौतम सिंह व विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख महराजगंज सत्येंद्र प्रताप सिंह बछरावां चेयरमैन शिवेंद्र उर्फ राम जी रहे। आए हुए अतिथियों को चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत सत्कार किया गया ।तो वही प्रभात साहू ने कहा कि जनता की सेवा करने का सौभाग्य हमें माता रानी के आशीर्वाद से ही मिला है और निरंतर यही कोशिश रहती है कि लगातार नगर को विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहें साथ ही जनता हमें मौका भी लगातार दे रही है और यह मां का आशीर्वाद ही है की विरोधी कहीं नजर नहीं आते। जागरण में सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाई गई। वही माता रानी के भजनों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा प्रभात साहू ने भी माता रानी के ऊपर एक गीत सुनाया जागरण में गणेश जी की झांकी राम सीता लक्ष्मण की झांकी तथा माता रानी की तमाम तरह की झांकियां दिखाई गई वही कार्यक्रम को देखने के लिए भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर ईओ राम अशीष वर्मा, बावन बुजुर्ग बल्ला प्रधान पंकज गुप्ता, भाजपा नेता पवन साहू, नगर पंचायत वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू, जमुना प्रसाद सभासद धर्मेंद्र वर्मा, मुस्ताक राइनी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हाईवे किनारे खड़े क्षतिग्रस्त डीसीएम में दो वाहनों में पीछे से मारी टक्कर, एक गंभीर

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीठन गांव के पास बीते शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात्रि दुर्घटनाग्रस्त हुए खड़े एक डीसीएम में रविवार की मध्य रात्रि लगातार दो वाहनों ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें क्षतिग्रस्त डीसीएम की परखच्चे उड़ गए, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। आपको बताते चले की बीते शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात्रि प्लास्टिक की पाइपों से लदा एक डीसीएम थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीठन गांव के पास एक खड़े ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें डीसीएस का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। डीसीएम की सुरक्षा व उसमें लदे सामान की देखभाल के लिए उक्त डीसीएम चालक का भाई समर सिंह पुत्र फौजदार सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी खेतीपुरा, जैथरा, जनपद इटावा रविवार की रात डीसीएम के करीब चारपाई डालकर हाईवे किनारे लेटा हुआ था। तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित एक ट्रक ने डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी। देखते ही देखते ट्रक के पीछे से अन्य एक ट्रक भी उस क्षतिग्रस्त डीसीएम से टकरा गया। जिसके पश्चात डीसीएम के परखच्चे उड़ गए। जिसके पश्चात उसकी चीख पुकार सुनकर पहुंचे राहगीरो ने उसे किसी तरह बाहर निकाला और इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुँचाया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस के द्वारा क्षतिग्रस्त डीसीएम व उसमें लदे सामान को क्रेन के माध्यम से हाईवे किनारे से हटाकर अलग खड़ा कर दिया गया है। फिलहाल घायल युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## केदारनाथ स्वरूप सार्वजनिन दुर्गोत्सवों का हुआ उद्घाटन



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के आँख अस्पताल परिसर में आयोजित श्री श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सवों में रविवार को षष्ठी पूजा के साथ पाँच दिवसीय कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया। इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव का पचासवां साल है पचासवी वर्षगांठ पर आयोजित दुर्गोत्सव पर केदारनाथ मंदिर स्वरूप बने पंडाल का उदघाटन जिला अधिकारी अभिषेक आनंद ने फीता काटकर व दीप प्र'वलन करके किया इसके उपरांत समिति के अध्यक्ष एन एन चटर्जी उपाध्यक्ष संजीव दास, विश्वजीत पोले, महासचिव रंजीत दास अति महासचिव पंकज मुखर्जी सहायक महासचिव आकाश राय ने पुष्प गु'छ व स्मृति चिन्ह भेट करके आभार जताया पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुर्गा पदो चक्रवर्ती द्वारा प्रात काल कलश स्थापित कर मंत्रोउ'चारण शंख घंटा ढाक की मधुर ध्वनि के साथ षष्ठी पूजा सम्पन्न कराया। पूजा के उपरांत बंगाली समुदाय की महिलाओ ने पुष्पांजलि अर्पित की। षष्ठी तिथि से दुर्गा पूजा के प्रारंभ से मां दुर्गा के साथ माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की पूजा की जाती है। सायकाल की बेला में वैदिक मंत्रोउ'चारण के साथ समुदाय की महिलाओ की उलोक ध्वनि व ढाक के मध्य पंडाल में माँ दुर्गा का आमंत्रण कर प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा की गयी। तत्पश्चात देवी की प्रतिमा को धनुष बाण चक्र अदि अस्त्र धारण कराये गए। इस दौरान एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, पंकज मुखर्जी, प्रदीप राय, दीपक विश्वास, शांतनु दत्ता, अरिंदम दास, निमिष दास, तेजस्व, प्रदीप राय, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, देवर्षि दास, वंदना राय, इला दत्ता, अजीत श्रीवास्तव, राजा आदि उपस्थित रहे।

## सीतापुर पहुंचकर भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सुनी मन की बात



**सीतापुर।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा सीतापुर पहुंचकर सर्वप्रथम नैमिष में आदिशक्ति मां ललिता देवी के मंदिर पहुंच कर मां के दर्शन किए। इसके बाद मन की बात को मिश्रिख-नैमिष की बूथ संख्या ×88 पर अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों के साथ सुना। साथ ही साथ उनके द्वारा बूथ संख्या ×88 पर स्वदेशी संकल्प पत्र को भी भरा गया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, सांसद मिश्रिख अशोक रावत, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, विधायक मिश्रित रामकृष्ण भार्गव, विधायक सिधौली मनीष रावत, ब्लॉक प्रमुख मिश्रित रामकिंकर पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष मिश्रिख सीमा भार्गव, रोहित सिंह, अजय भार्गव रामगोपाल अवस्थी सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## नई सोच नया दल संगठन अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

- लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है: अभितोष मिश्रा
- स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 लोगों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया: डॉ. अनुराग



**शिवगढ़,रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

नई सोच नया दल संगठन के अध्यक्ष के नेतृत्व में विकास क्षेत्र शिवगढ़ के तरौंजा गांव में एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें लखनऊ के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग मिश्रा द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को निशुल्क रूप से चिकित्सकीय परामर्श दिया गौरतलब हो कि रविवार को नई सोच नया दल संगठन के अध्यक्ष अभितोष मिश्रा एवं पूर्व प्राचार्य (जे एन वी)रामकुमार मिश्र द्वारा तरौंजा गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुराग मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे आर्थो के मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय रामकुमार मिश्र ने बताया कि ग्रामीण अंचल क्षेत्र में आमतौर पर लोग घुटने कमर जोड़ों के दर्द से परेशान रहते हैं जो पैसे के अभाव में अपना सही से इलाज नहीं कर पाते हैं ऐसे लोगों को हम लोग चिकित्सकीय परामर्श के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हैं जिससे ऐसे लोगों को समुचित इलाज के साथ ही चिकित्सकीय परामर्श भी मिल सके वहीं स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक अनुराग मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 लोगों चित्सकीय परामर्श दिया गया जिनमें अधिकतर मरीज जोड़ रोग गठिया रोग कमर दर्द सर्वाइकल से परेशान थे। इस मौके पर अवधेश मिश्रा, विजय सिंह, अंकित दीक्षित, आलोक दीक्षित, प्रशांत दीक्षित, सौरभ पांडे, गुड्डू मिश्रा, अनुज मिश्रा, ग्राम प्रधान अशर्फी लाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सह-अध्यक्ष एवं प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह पहुंचे बिसवां



**बिसवां, सीतापुर।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सह-अध्यक्ष एवं प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह का बिसवा आगमन पर बिसवा बार एसोसिएशन द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर उनके प्रयासों को समर्थन देने की बात कही। श्री सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं के हित में लगातार कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर ब्रजेश गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, संतोष कठेरिया, इंतखाब आलम, चांद नईम अंसारी, अनुज यादव, जीशान खान, राज किशोर यादव, राम किशोर वर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

## मटियारी भवन पर पूर्व विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

- जनसुनवाई में कुल 30 मामले आए, 24 मामलों को सुना गया

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद दीदी स्मृति ईरानी की प्रेरणा से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी के द्वारा चल रहा जीवन जनहित में समर्पित कार्यक्रम 28 सितंबर रविवार को सदस्य प्रदेश परिषद पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने मटियारी भवन जूठीपुर पर समस्याओं को सुना।

जनसुनवाई में कुल 30 मामले आए जिसमें से 24 मामलों को सुनकर उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निस्तारण किया गया। मटियारी जी का कहना है कि जनता की हर समस्या का समाधान ही है मेरी प्राथमिकता है। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी जनसुनवाई की एवं जनता जनार्दन की समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याएं सुलझाने के दिए निर्देश। पिछली बार आए मामलों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया। गौरीगंज की जनता मेरे लिए देवतुल्य है जिसका शोषण एवं प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरीगंज की जनता के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

### कमरे में लटकता मिला युवक का शव

**अमेठी।** मुसाफ़िर खाना कोतवाली क्षेत्र के पूरब बेसारा गांव में संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर कमरे में एक युवक फंदे से लटक गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को देर शाम विकास गुप्ता पुत्र राधेश्याम उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी बेसारा पूरब गांव घर के कमरे के अंदर फंदे से लटक गया। सूत्रों के मुताबिक घर के अन्य सदस्य रोजी रोटी के शिलशिले शहर में रहते हैं मृतक घर में अकेला रहता था ग्रामीणों ने देर शाम तक विकास के घर का दरवाजा बंद देखा तब आवाज़ लगाई दरवाजा न खुलने पर जब दरवाजा तोड़कर अंदर गए तब विकास का शव फंदे से लटकता मिला। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंहने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लेते हुए जानकारी हासिल की।

## एसपी ने छात्राओं को महिला सशक्तीकरण व साइबर सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय, अमेठी में महिला सशक्तीकरण और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव के उपायों और सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के लिए छात्राओं में विश्वास और सशक्तिकरण का वातावरण बनाना था। पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुलिस अधीक्षक को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। उन्होंने प्रतीक चिन्ह को उत्कृष्ट भाषण देने वाली छात्रा नटरलिया वर्मा को भेंट कर उसका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह सहित विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गृहमंत्री शाह का जम्मू कश्मीर पर फोकस

कश्मीर में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समाज सुधार के नाम पर आतंक फैलाने में लगी है। आईएसआई ने कार्यकर्ताओं का नेटवर्क बनाया है जो महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर राष्ट्रविरोधी एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं। ये कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर अलगाववादी सोच का समर्थन करते हैं और भारत की नकारात्मक छवि पेश करते हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और उसके पाले हुए आतंकी संगठन अब समाज सुधार के नाम पर कश्मीर में आतंक और अलगाववाद के विचारों के पोषण में जुटे हैं। पाकिस्तानी हैंडलरों ने ऐसे तथाकथित कार्यकर्ताओं का नेटवर्क तैयार कर लिया है, जो कभी महिला सशक्तीकरण और कभी पर्यावरण संरक्षण की आड़ लेकर राष्ट्रविरोधी एजेंडे को हवा देते हैं। यह कार्यकर्ता इंटरनेट मीडिया से लेकर अन्य मंचों का धड़ल्ले से प्रयोग करते हैं और राष्ट्रविरोधी गतिविधियां चलाते हैं। वे भारत की नकारात्मक छवि देश–दुनिया में गढ़ने में जुटे रहते हैं। इनका नेटवर्क कश्मीर से लेकर कुवैत व तुर्किये में फैला है। आरोपितों में व्यापारी, सरकारी कर्मी से लेकर युवा शामिल हैं। खूफिया तंत्रों से मिल रहे इन्पुट के आधार पर भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले कुछ दिनों में कई ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिये जो इस नेटवर्क की रीढ़ तोड़ने के लिए काफी होगे। अभी ऐसे कई और फैसले भारत सरकार का गृह मंत्रालय ले सकता है जो इस नेटवर्क की नींद हराम कर देगा। अभी हाल में श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां, हंदवाड़ा, कुपवाड़ा और बारामुला में की गई छापेमारी में कुछ आपत्तिजनक डिजिटल सुबूत बरामद हुए हैं और मोबाइल फोन, सिमकार्ड और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इसके बाद से गृहमंत्री प्रतिदिन जम्मूकश्मीर को लेकर वृहद रणनीति पर कार्य कर रहे है। गृहमंत्री ने बीते कुछ दिनों में जम्मू–कश्मीर से जुड़े 18 बड़े निर्णायक लिए जिसका सीधा सरोकार वहा के अमनचौन और विकास से जुड़ा है। पाँच लाख हिंदू और सिख परिवारों को कश्मीर की नागरिकता, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की सभी विशेष शक्तियाँ वापस और दोनों नेताओं का जम्मू–कश्मीर नेशनल यूनिवर्सिटी पर रहा नियंत्रण समाप्त कर दिया गया। हिंदू मंदिरों पर से सरकारी नियंत्रण खत्म, 1990 के अवैध कब्जों के खिलाफअब कोई भी स्थानीय प्राधिकरण शिकायत दर्ज कर सकेगा। उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को पहले जो कानूनी सुरक्षा मिली हुई थी, उसे खत्म कर दिया गया हैय अब उन्हें पब्लिक सेफ्टी एक्ट में ट्रायल किया जा सकेगा और किसी भी जेल में, यहाँ तक कि राज्य के बाहर भी, रखा जा सकता है। सचिवालय का वार्षिक स्थानांतरण अब समाप्त कर दिया गया है, और यह स्थायी रूप से जम्मू में ही रहेगा। जम्मू–कश्मीर की सभी सुविधाएँ अब सीधे केंद्र सरकार से जनता तक पहुँचेंगी, राज्य सरकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। वहाँ की जनता के पुराने रिकॉर्ड और दस्तावेजों की गहन जाँच की जा रही है। उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती से सरकारी आवास और गाड़ियों की सुविधा भी हटा दी गई है। दिल्ली जिन विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम नियंत्रित करती है, अब उनमें बदलाव किया जा रहा है। हिंदू मंदिरों के ट्रस्ट अब सीधे गृह मंत्रालय को रिपोर्ट करेंगे। कश्मीर वक्फबोर्ड अब दिल्ली वक्फबोर्ड के अधीन कर दिया गया है।

# भारत को नहीं ढोना चाहिए जाति व्यवस्था का मलबा

**हृदयनारायण दीक्षित**



**उत्तर प्रदेश सरकार ने नाम के साथ जाति लिखने का नियम बदल दिया है। यह निर्णय इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के अनुसार जारी किया गया है। कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे कि पुलिस रिकार्ड व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के नाम के साथ जाति के उल्लेख पर रोक लगाई जाए। देश के सभी राज्यों में जातिवाद चल रहा है। जाति जन्मना है।**

भारतीय समाज में जाति है। जाति आधारित मान, अपमान और विशेष अवसर भी हैं। हमारे पूर्वज जातिगत भेदभाव को समाप्त करना चाहते थे। गांधी, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। एक सुंदर जातिविहीन समाज भारत का स्वप्न आदर्श था। डॉक्टर लोहिया ने जाति तोड़ो का नारा दिया था। अन्य दल संगठन भी जातियों के विरोध में मैदान में रहे। अनेक संगठन जाति के खात्मे पर संघर्षरत रहे हैं लेकिन कोई मुहिम सफल नहीं हुई। जाति कितनी खत्म हुई, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जातिवाद से लड़ते जाति तत्वों का स्वरूप जातिवादी बनता गया। जाति के विरोधी ईमानदार तत्व भी जानते हैं कि जाति की चर्चा से जातिवाद बढ़ता है। तो क्या जाति अजर और अमर है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने नाम के साथ जाति लिखने का नियम बदल दिया है। यह निर्णय इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के अनुसार जारी किया गया है। कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे कि पुलिस रिकार्ड व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के नाम के साथ जाति के उल्लेख पर रोक लगाई जाए। देश के सभी राज्यों में जातिवाद चल रहा है। जाति जन्मना है। धर्म, मत, मजहब छोड़े जा सकते हैं लेकिन जाति नहीं। राजनीति में जाति ही मुख्य कारक है। दल संगठन अपने उम्मीदवार उतारते समय जाति के आंकड़ों का अध्ययन करते हैं। संगठन के पदाधिकारियों की सूची बनाते समय भी जाति का प्रभाव रहता है। गांव, कस्बों के बाजारों में, चाय आदि की दुकानों में भी जाति तत्व दिखता है। लोग अपनी जाति के दुकानदार से उपभोक्ता सामान लेने में सुविधा अनुभव करते हैं। समाज की नस-नस में जातिवाद है। भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लम्बे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अम्बेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में ÷जातियों की उत्पत्ति और संरचना÷ पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था ÷प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। ऋग्वेद में वर्ण नहीं हैं। उत्तर वैदिक काल में वर्ण शब्द का प्रयोग वर्ग के अर्थ में हुआ है। एक वर्ग का दूसरे वर्ग में जाना संभव था। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि, ÷किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा। वे कहते हैं जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन-सा था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूँ। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?÷ प्रश्न उचित है। ऋग्वेद के रचनाकाल में जाति वर्ण के विभाजन नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। जाति का कोई व्यक्ति या संगठन जाति का जन्मदाता नहीं हो सकता।

ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने इसी शोध में कहा था, ÷जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।÷ सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था या तानाशाह भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकते। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी। लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम तप भी किये। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था ÷जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।÷ सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरूद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

## विचार

# न्यायिक प्रशासन प्रतिभाशाली स्नातकों के लिए आकर्षक क्यों नहीं

**डॉ. अजय खेमरिया**



**उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति में जिस तरह से कोलेजियम व्यवस्था ने भेदभाव और भाई भतीजावाद कायम कर रखा है उसने भी युवाओं के मन में न्यायिक प्रशासन के प्रति अरुचि स्थापित करने काम किया है। दूसरी तरफ कारपोरेट घराने एक सुविधाजनक कार्य संस्कृति और वातावरण सुनिश्चित कराते हैं। ऊंचा वेतन और मेट्रो शहरों में पदस्थापना कारपोरेट के एकमेव आकर्षण का आधार है। देश में निजी क्षेत्र का बढ़ता कारोबारी दायरा नित नए कानूनी अवसर प्रतिभाशाली स्नातकों को सुनिश्चित कर रहा है लेकिन न्यायपालिका का ढर्रा आज भी उसी अंग्रेजीकाल की गति से चल रहा है इसलिए मुख्य न्यायाधीश की चिंता का समाधान असल में उन्ही के हाथों में छिपा हुआ है। सरकार और सुप्रीम कोर्ट दोनों को मिलकर इस गंभीर चुनौती का समाधान करने का प्रयास करना चाहिए।**

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने हाल ही में इस बात पर चिंता जताई है कि एनएलयू (राष्ट्रीय विधि संस्थानों) से निकलने वाले स्नातक निचली अदालतों में जज या वकीलों के रूप में अपना कैरियर शुरू नहीं कर रहे हैं। इन युवाओं की एकमेव प्राथमिकता कारपोरेट क्षेत्र बना हुआ है। इससे न्यायपालिका में गुणवत्ता की कमी निर्मित हो रही है। बेशक यह चिंता जायज है क्योंकि निचली अदालत ही नागरिकों को न्याय सुनिश्चित करने की पहली इकाई हैं।

सवाल जितना जायज है कमोबेश न्यायपालिका के लिए भी उतना ही विचारणीय भी। असल में राष्ट्रीय विधि संस्थान देश में एक अभिजन शैक्षणिक संरचना की निर्मिति भी करते हैं। इससे निकलने वाले स्नातक निचली अदालतों के लिए खुद को सहज नहीं पाते हैं यह एक स्वाभाविक मनोवृति है। ध्यान से देखा जाए तो इन संस्थानों का फ्रेमवर्क बना ही इस तरह से है कि कोई स्नातक खुद को चाह कर भी मुख्य न्यायाधीश की चिंताओं के साथ समायोजित नहीं कर पाता है।उसकी शैक्षणिक परवरिश कारपोरेट या उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय पर ही केंद्रित होकर टिक जाती है। जाहिर है सबको समावेशी न्याय की संवैधानिक गारन्टी तो निचली अदालतों के व्यवहार और कार्यप्रणाली में प्रतिभा और कौशल युक्त व्यवस्था से ही सुनिश्चित होनी है इसलिए वहां इन तत्वों का अभाव आम आदमी को न्याय की गारंटी कैसे सुनिश्चित कर सकता है?

दूसरा कारपोरेट की तुलना में निचली अदालतों की सेवाओं के लिए न बेहतर अवसर उपलब्ध है और न ही कार्य संस्कृति और संसाधन। यह ठीक वैसा ही है जैसे कोई काबिल डॉक्टर मेट्रो शहरों को छोड़कर जिला अस्पतालों या सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रुकना नहीं चाहता है। तथ्य यह है कि निचली अदालतों में सर्वाधिक प्रतिभाशाली विधि स्नातकों के लिए कोई सम्मानजनक अवसर ही नहीं है। इसे समझने के लिए हमें वर्तमान में प्रचलित भर्ती प्रक्रिया की विसंगतियों को देखना चाहिए। सर्वाधिक प्रतिभाशाली विधि स्नातक औसतन 25 साल की आयु में व्यवहार न्यायाधीश के रूप में चयनित होता है और 60 साल तक रिटायर होने तक इस बात की गारंटी नहीं है कि वह जिला जज के रूप में पदोन्नति पा सकता है। भर्ती प्रक्रिया में यहां भी हाइकोर्ट जैसी बैक डोर एंट्री हैं। 25 साल की आयु वाले प्रतिभाशाली स्नातक सिविल जज के रूप कॅरियर शुरू करते हैं लेकिन जो इस परीक्षा में असफल हो जाते हैं वे वकालत करने लगते हैं। 35 साल तक आते-आते सिविल जज एडीजे भी नहीं बन पाते हैं लेकिन 35 साल बाद उन स्नातकों के लिए सीधे एडीजे बनने के दरवाजे खुले रहते हैं जो सिविल जज नहीं बन पाए थे। सभी हाईकोर्ट सीधे एडीजे की भर्ती वकीलों के माध्यम से करते है नतीजतन जो स्नातक प्रतियोगी परीक्षाओं में बाहर हो गए थे उनमें से बहुत से लोग सीधे एडीजे बनकर उन्ही प्रतिभाशाली स्नातकों के ऊपर आकर न्यायिक अधिकारी बन जाते हैं जिन्हें सिविल जज के रूप में काबिल नहीं पाया गया था। बाद में सीधी भर्ती वाले वकील जिला जज और फिर हाइकोर्ट तक पदोन्नति पाने में सफल रहते हैं।

यही कारण है कि राष्ट्रीय विधि संस्थान से निकलने वाले स्नातकों के लिए निचली अदालतों में सेवाएं आकर्षक नहीं लगती हैं। वकील के रूप में भी एनएलयू स्नातकों के लिए निचली अदालतों के गलियारे आकर्षित नहीं कर पाते हैं क्योंकि यहां कारपोरेट जैसा कोई वातावरण नहीं होता है। नए वकीलों को बैठने के लिए भी जगह नही हैं। यहां का वातावरण किसी सब्जी मंडी के कोलाहल और अव्यवस्था का भान कराता है। इसे प्रत्यक्ष देखना हो तो इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दौरा किया जा सकता है जहां सभी वकीलों के लिए कोई सम्मान जनक बैठक व्यवस्था आज तक सुनिश्चित नहीं हो पाई है। इसके अलावा न्यायिक सेवाओं या बड़े लॉ चैम्बर की तरफ से कोई कैम्पस सिलेक्शन जैसी व्यवस्था भी नहीं है। उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति में जिस तरह से कोलेजियम व्यवस्था ने भेदभाव और भाई भतीजावाद कायम कर रखा है उसने भी युवाओं के मन में न्यायिक प्रशासन के प्रति अरुचि स्थापित करने काम किया है। दूसरी तरफ कारपोरेट घराने एक सुविधाजनक कार्य संस्कृति और वातावरण सुनिश्चित कराते हैं। ऊंचा वेतन और मेट्रो शहरों में पदस्थापना कारपोरेट के एकमेव आकर्षण का आधार है। देश में निजी क्षेत्र का बढ़ता कारोबारी दायरा नित नए कानूनी अवसर प्रतिभाशाली स्नातकों को सुनिश्चित कर रहा है लेकिन न्यायपालिका का ढर्रा आज भी उसी अंग्रेजीकाल की गति से चल रहा है इसलिए मुख्य न्यायाधीश की चिंता का समाधान असल में उन्ही के हाथों में छिपा हुआ है। सरकार और सुप्रीम कोर्ट दोनों को मिलकर इस गंभीर चुनौती का समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले निचली अदालतों को प्रतिभाशाली विधि स्नातकों के लिए अखिल भारतीय या राज्य प्रशासनिक सेवाओं की तरह आकर्षक बनाना होगा।


## संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका, पाक व बांग्लादेश का झूठ

**मृत्युंजय दीक्षित**

संयुक्त राष्ट्र महासभा- 2025 की वार्षिक आम महासभा में हो रहे कुछ वैश्विक नेताओं के संबोधन स्थायी शांति व विकास की दृष्टि से पूरे विश्व को निराश करने वाले हैं। अमेरिका, पाकिस्तान, बांग्लादेश के शासनाध्यक्षों के भाषण इंगित करते हैं कि भारत को अपनी सामरिक सीमा सुरक्षा के प्रति और अधिक सचेत रहना होगा। यदि भारतीय सुरक्षा दृष्टिकोण से देखा जाए तो अमेरिका, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने पहलगाम हमले की निंदा नहीं की अपितु पाकिस्तान ने खुद को ही आतंकवाद से पीड़ित बताने का असफल प्रयास किया। इस दौरान उसने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के अतंर्गत अपनी करारी पराजय को विजय बताने का प्रयास करते हुए झूठा राग अलापा।

अमेरिकी राष्ट्रपति नोबेल पुरस्कार पाने के लिए इतने अधिक उतावले हो रहे हैं कि वह सामाजिक, राजनैतिक और वैश्विक मर्यादा ही भूल गये हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच से उन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि दादागिरी करने का अधिकार केवल उन्हीं के पास है। उन्होने सात युद्ध समाप्त करवाने का दावा किया, भारत और चीन द्वारा रूस से तेल खरीद पर झूठ का पुलिंदा प्रस्तुत किया। ट्रम्प भारत के साथ-साथ रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से भी बहुत निराश हैं क्योकि भारत, रूस और चीन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आत्ममुग्धता के शिकार हो चुके हैं, संभवत= वह ऐसे पहले व्यक्ति हैं जो अपने लिए नोबेल मांग रहे हैं। उन्होंने अपने कोट पर एफ -35 फाइटर जेंट का लोगो लगाकर एक बड़ा खतरनाक संदेश देने का काम किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को यह डर भी सता रहा है कि अगर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने में सफलता प्राप्त कर ली तो कहीं मोदी को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित न कर दिया जाए। ट्रम्प बार-बार भारत-पाकिस्तान के मध्य युद्ध रुकवाने का दावा कर रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने केवल पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले किये थे और उन्हें नेस्तनाबूद किया था। जिसके बाद पाकिस्तान की सेना ने भारत पर हमला किया था और भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई थी जिससे पाकिस्तान घुटनों पर आ गया था।

भारत तीव्र गति से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत में अब चिप से लेकर शिप तक का निर्माण हो रहा है। कई अन्य नए क्षेत्रों में भी अब भारत का दबदबा बढ रहा है जिसके कारण जिसके कारण भारत विरोधी शक्तियां बुरी तरह से घबरा गई हैं और भारत को रोकने के लिए तरह -तरह के षड्यंत्र कर रही हैं किंतु अब भारत अत्यंत सतर्क है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने तीन माह में दूसरी बार पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेनाध्यक्ष मुनीर को एक घंटे तक इंतजार करवाकर उनकी सरेआम बेइज्जती की किंतु दोनों ने मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जमकर चापलूसी करते हुए उन्हें शांतिदूत कहकर संबोधित किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत को स्पष्ट रूप से अपना दुश्मन बताया और कहा कि हाल ही में भारत के साथ हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी। उन्होंने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच से यह झूठ बोला कि भारत का कट्टरपंथी हिंदुत्व पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। महासभा में शाहबाज शरीफ का भाषण उनकी मूल विचारधारा का ही प्रतिबिम्ब है। शरीफ ने सिन्धु समझौते रद्द रहने पर भयावह युद्ध की धमकी भी दी। पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का संबोधन केवल भारत और हिन्दुओं के प्रति नफरत का प्रदर्शन था। शाहबाज ने एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि वह कश्मीरियों के साथ खड़े हैं। ये कहते हुए शायद शाहबाज भूल गए थे कि इसी मंच से भारत की पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज पूरे विश्व को बता गई हैं कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था है और कायनात की अंतिम रात तक रहेगा। जम्मू-कश्मीर की स्थापना भारत के महर्षि कश्यप ने की थी।



# राशिफल

**मेषः**– आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

**वृषभः**– आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुनः**– आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्कः**– गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः**– आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है।

**कन्याः**– गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः**– गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः**– गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनुः**– गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकरः**– सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभः**– आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा।

**मीनः**– व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका, पाक व बांग्लादेश का झूठ

**मृत्युंजय दीक्षित**



संयुक्त राष्ट्र महासभा- 2025 की वार्षिक आम महासभा में हो रहे कुछ वैश्विक नेताओं के संबोधन स्थायी शांति व विकास की दृष्टि से पूरे विश्व को निराश करने वाले हैं। अमेरिका, पाकिस्तान, बांग्लादेश के शासनाध्यक्षों के भाषण इंगित करते हैं कि भारत को अपनी सामरिक सीमा सुरक्षा के प्रति और अधिक सचेत रहना होगा। यदि भारतीय सुरक्षा दृष्टिकोण से देखा जाए तो अमेरिका, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने पहलगाम हमले की निंदा नहीं की अपितु पाकिस्तान ने खुद को ही आतंकवाद से पीड़ित बताने का असफल प्रयास किया। इस दौरान उसने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के अतंर्गत अपनी करारी पराजय को विजय बताने का प्रयास करते हुए झूठा राग अलापा।

अमेरिकी राष्ट्रपति नोबेल पुरस्कार पाने के लिए इतने अधिक उतावले हो रहे हैं कि वह सामाजिक, राजनैतिक और वैश्विक मर्यादा ही भूल गये हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच से उन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि दादागिरी करने का अधिकार केवल उन्हीं के पास है। उन्होने सात युद्ध समाप्त करवाने का दावा किया, भारत और चीन द्वारा रूस से तेल खरीद पर झूठ का पुलिंदा प्रस्तुत किया। ट्रम्प भारत के साथ-साथ रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से भी बहुत निराश हैं क्योकि भारत, रूस और चीन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित नहीं कर रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आत्ममुग्धता के शिकार हो चुके हैं, संभवत= वह ऐसे पहले व्यक्ति हैं जो अपने लिए नोबेल मांग रहे हैं। उन्होंने अपने कोट पर एफ -35 फाइटर जेंट का लोगो लगाकर एक बड़ा खतरनाक संदेश देने का काम किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को यह डर भी सता रहा है कि अगर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने में सफलता प्राप्त कर ली तो कहीं मोदी को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित न कर दिया जाए। ट्रम्प बार-बार भारत-पाकिस्तान के मध्य युद्ध रुकवाने का दावा कर रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने केवल पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले किये थे और उन्हें नेस्तनाबूद किया था। जिसके बाद पाकिस्तान की सेना ने भारत पर हमला किया था और भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई थी जिससे पाकिस्तान घुटनों पर आ गया था। भारत तीव्र गति से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत में अब चिप से लेकर शिप तक का निर्माण हो रहा है। कई अन्य नए क्षेत्रों में भी अब भारत का दबदबा बढ रहा है जिसके कारण जिसके कारण भारत विरोधी शक्तियां बुरी तरह से घबरा गई हैं और भारत को रोकने के लिए तरह -तरह के षड्यंत्र कर रही हैं किंतु अब भारत अत्यंत सतर्क है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने तीन माह में दूसरी बार पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेनाध्यक्ष मुनीर को एक घंटे तक इंतजार करवाकर उनकी सरेआम बेइज्जती की किंतु दोनों ने मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जमकर चापलूसी करते हुए उन्हें शांतिदूत कहकर संबोधित किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत को स्पष्ट रूप से अपना दुश्मन बताया और कहा कि हाल ही में भारत के साथ हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी। उन्होंने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच से यह झूठ बोला कि भारत का कट्टरपंथी हिंदुत्व पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। महासभा में शाहबाज शरीफ का भाषण उनकी मूल विचारधारा का ही प्रतिबिम्ब है। शरीफ ने सिन्धु समझौते रद्द रहने पर भयावह युद्ध की धमकी भी दी। पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का संबोधन केवल भारत और हिन्दुओं के प्रति नफरत का प्रदर्शन था। शाहबाज ने एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि वह कश्मीरियों के साथ खड़े हैं। ये कहते हुए शायद शाहबाज भूल गए थे कि इसी मंच से भारत की पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज पूरे विश्व को बता गई हैं कि ÷जम्मू -कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था है और कायनात की अंतिम रात तक रहेगा। जम्मू-कश्मीर की स्थापना भारत के महर्षि कश्यप ने की थी। कश्मीर का मूल अस्तित्व भारत ही है और उसकी चाहत में एक दिन पाकिस्तान का अस्तित्व ही पूरी दुनिया से समाप्त हो जाएगा। पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से ही अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए उनके लिए नोबेल पुरस्कार मांग लिया। उसे लग रहा है कि ऐसा करने से वह कश्मीर को लेकर भारत पर दबाव बना सकता है और अमेरिका से अपने हक के लिए इनाम मांग सकता है। बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस ने भी एक सुनियोजित साजिश के तहत जमकर भारत के विरुद्ध जहर उगला और कहा कि उन्हें भारत से बहुत समस्याएं हैं। यूनुस के अनुसार इस समय भारत और बांग्लादेश के मध्य रिश्ते बहुत बिगड़ चुके हैं और अब तक के सबसे निचले पायदान पर हैं। भारत सरकार इन देशों के संयुक्त राष्ट्र महासभा में ऐसे प्रलापों के लिए पहले से चौकन्नी और तैयार थी। पाकिस्तान और बांग्लादेश के इस अनर्गल प्रलाप का उत्तर देते हुए भारत के प्रतिनिधि ने तथ्यों और तर्कों के साथ उसकी जमकर धुलाई की।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिवार और मोहल्ले में पसरा मातम

**मैगलगंज (खीरी)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नई बस्ती खाखरा में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान अनूप कुमार (38 वर्ष) पुत्र मदन शर्मा निवासी नई बस्ती खाखरा के रूप में हुई है। सुबह जब क्षेत्रवासियों ने अनूप को घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो अफरा-तफरी मच गई। तुरंत इसकी सूचना थाने को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। इस दुखद घटना से परिवार सहित पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के अचानक उठाए गए इस कदम से लोग स्तब्ध हैं, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### धौरहरा में युवक की साइकिल मंदिर के बाहर से चोरी

**ईसानगर, खीरी।** खीरी जनपद के थाना धौरहरा क्षेत्र से एक साइकिल चोरी का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कपफारा निवासी सुन्दर पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम कफारा ने कोतवाली धौरहरा में तहरीर देकर बताया कि वह दिनांक 24 सितम्बर 2025 को लगभग दोपहर 12 बजे लीलानाथ मंदिर कपफारा में पूजा दर्शन करने गया था। उन्होंने अपनी साइकिल को मंदिर के बाहर खड़ा किया था। जब पूजा समाप्त होने के बाद बाहर निकले तो देखा कि उनकी साइकिल गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी साइकिल का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि उसकी साइकिल एटलस कंपनी की काली रंग की थी, जो उसकी निजी संपत्ति थी। तहरीर में उसने साइकिल चोरी की घटना पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक धौरहरा शिवाजी दुबे द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, आरोपी और माल की तलाश जारी है।

### धौरहरा पुलिस ने दर्ज किया गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा, पांच आरोपी नामजद

**ईसानगर, खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस ने एक संगठित अपराधी गैंग के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दूबे की सतर्कता और तहरीर पर की गई, जिसमें पांच आरोपियों को नामजद किया गया है। तहरीर के अनुसार, शनिवार देर शाम धौरहरा कोतवाली पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और अपराध नियंत्रण के लिए निकली थी। इसी दौरान मिली सूचना पर खुलासा हुआ कि गुलशेर पुत्र सोनू खिलाड़ी (निवासी दीदार टांडा, मझगई, खीरी) अपने साथियों—वकील पुत्र तनवीर अहमद बरेली, सोमिल पुत्र बड़े लाला तालगांव निगोही, शाहजहांपुर, तस्लीम पुत्र सद्दीक (रशिया खानपुर, बीसलपुर, पीलीभीत और अनीश पुत्र जलील (तालगांव निगोही, शाहजहांपुर—के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गैंग चलाता है। पुलिस रिपोर्ट में बताया गया कि यह गिरोह लगातार समाजविरोधी गतिविधियों में लिप्त रहकर गोवंश वध जैसे गंभीर अपराध कर अवैध धन अर्जित करता है। आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों से आम जनता में भय और आतंक व्याप्त है, जिसके चलते लोग इनके खिलाफ गवाही देने से भी कतराते हैं। गिरोह के सदस्यों पर पूर्व में भी कई संगीन मामले दर्ज हैं। इनमें गोवध निवारण अधिनियम, शस्त्र अधिनियम तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत विभिन्न मुकदमे शामिल हैं, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की गतिविधियों को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति से गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

### घर जा रही नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़, शोर मचाने पर आरोपी फरार

**ईसानगर, खीरी।** ईसानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। देर रात फिल्म देखकर घर लौट रही दो बहनों में से एक को गांव के युवक ने जबरन खींचकर ले जाने की कोशिश की। जानकारी के मुताबिक, गांव की एक युवती अपनी 12 वर्षीय छोटी बहन के साथ फिल्म देखकर घर लौट रही थी। रास्ते में गांव का अखिलेश पुत्र खेल्लू आ गया और उसने नाबालिग को जबरन खींचकर ले जाने का प्रयास किया। इस पर बड़ी बहन ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौसी और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी अखिलेश किशोरी को छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता की बड़ी बहन की तहरीर पर ईसानगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष निर्मल तिवारी ने मामले की जांच तेज कर दी।

### दहेज में 50,000 रुपए न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत चार पर केस दर्ज

**ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के ऐरा गांव में दहेज लोभियों की करतूत सामने आई है। शादी के महज 6 महीने बाद ही विवाहिता को 50,000 रुपए की नकदी न मिलने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। मामला जेठरा गांव की संध्या का है, जिसकी शादी ऐरा निवासी पिंकेश से हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद पति पिंकेश, ससुर पैकरमा, सास और देवर कपिल लगातार 50,000 रुपए की मांग करने लगे। जब संध्या के पिता यह रकम नहीं दे पाए, तो ससुराल पक्ष ने उसे बेरहमी से पीटकर घर से निकाल दिया। किसी तरह मायके पहुंची पीड़िता संध्या ने बाद में खमरिया थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति पिंकेश, ससुर पैकरमा, देवर कपिल और सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है।

### नगर में धूमधाम से निकली राम बारात, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से हुआ स्वागत, झांकियों ने बांधा समा



**मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)।** नगर पालिका द्वारा आयोजित मेला श्री रामलीला के तत्वावधान में रविवार को भव्य राम बारात निकाली गई। नगर में जगह-जगह आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के बीच बारात का जोरदार स्वागत हुआ। राम बारात जुलूस का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभासद राम सिंह राठौर ने फीता काटकर किया। मंचन पंडित चंद्रभाल जी के निर्देशन में हुआ। इस दौरान संजीव पत्रों ने कैकई मंत्र और कैकई-दशरथ संवाद का मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राम बारात मेला श्री रामलीला से प्रारंभ होकर रामलीला चौराहा, बर्बर चौराहा, शुक्लापुर, पीढ़ी भारती से होते हुए अशोक चौराहा पहुंची और अंत में असतल मंदिर में विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर हाथी, ऊंट, डीजे, बैंड, भांगड़ा, शिव तांडव रोड, फौजी लुधियाना बैंड, महाकाल ग्रुप, बालाजी बैंड सहित कई आकर्षण देखने को मिले। कपिल बाबरा एंड ग्रुप उत्तराखंड की ओर से प्रस्तुत झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर में इन झांकियों की खूब सराहना हुई। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। एसडीएम, पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज व मेला इंचार्ज के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा मेहरोत्रा, सभासद सुशीला वर्मा, अतुल रस्तोगी, राकेश कटियार, मीना देवी, शिवानंद रस्तोगी, शिवम भदौरिया, दिलीप, बलराम सहित पालिका स्टाफ एवं नगरवासी मौजूद रहे।

# नवदुर्गा महापूजा की तैयारियों को लेकर पुलिस चौकी बरवर में हुई बैठक

**बरवर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर में होने वाली ऐतिहासिक दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को पुलिस चौकी बरवर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी मोहम्मदी ने की। उनके साथ मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी, पसगवां थाना अध्यक्ष और चौकी प्रभारी बरवर भी मौजूद रहे। बैठक में दुर्गा पूजा कमेटियों से विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने आयोजकों से सभी बिंदुओं पर जानकारी ली और साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



**बरोशी मार्ग व नगर पंचायत की व्यवस्थाएं बनीं चर्चा का केंद्र:** बैठक के दौरान बरोशी मार्ग पर लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और जाम की समस्या से निपटने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। वहीं नगर पंचायत को निर्देश दिए गए कि पूजा पंडालों के आस-पास जल प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और बैरिकेटिंग समय रहते पूरी कर ली जाए। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**अधिकारियों ने दिए निर्देश:** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि दुर्गा पूजा नगर की आस्था और परंपरा से जुड़ा ऐतिहासिक आयोजन है। इसमें किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासन और कमेटी दोनों को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। पुलिस-प्रशासन ने आश्वासन दिया कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी और भक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

**जनप्रतिनिधि और समितियों के पदाधिकारी रहे शामिल**

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष और शनिदेव समिति के संरक्षक संजय शर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शाहिद बेग, जिला पंचायत सदस्य लाल बहादुर शास्त्री, देवी स्थान कमेटी अध्यक्ष धर्मेश शर्मा, शनिदेव समिति अध्यक्ष विमल शुक्ला, कोषाध्यक्ष सत्यपाल कुशवाहा, बीरबल कुशवाहा, प्रवीण दीक्षित, संजीव अग्निहोत्री, छोटे पंडित, कुलदीप राजपूत, अंशुमान दीक्षित, ठाकुर प्रसाद पाल, नीरज कुशवाहा, सुनील अग्निहोत्री, रामलखन अग्निहोत्री, अनूप दीक्षित, सभासद राहुल शुक्ला, पवन आर्या, रूकसाद खान सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी और नगर के सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## कस्ता कस्बे में युवक से 65 हजार की लूट का मामला, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार



**मितौली खीरी।** कस्ता कस्बे में रविवार को दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। गनेशपुर निवासी राजगीर मिस्त्री रामप्रवेश ने बताया कि उसकी बेटी की 29 सितंबर को वरीक्षा है। तैयारी के लिए उसने अपने बेटे हरिकेश को कस्ता भेजा था, जहाँ उसने नासिर नामक व्यक्ति से मजदूरी का बकाया 65 हजार रुपये लेकर फल खरीदने के लिए दुकान पर रुका। इसी दौरान तीन युवकों ने उसे दुकान के पीछे ले जाकर असलहे के बल पर रुपये और मोबाइल छीन लिए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मितौली रविन्द्र सोनकर मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गनेशपुर गांव से दबोच लिया, जबकि दो युवक फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और प्रथम दृष्ट्या प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद की भी संभावना जताई जा रही है। वहीं, पीड़ित पक्ष ने साफ तौर पर लूट की घटना बताई है। चौराहे पर भीड़भाड़ वाले स्थान पर हुई घटना के बावजूद किसी दुकानदार या राहगीर ने प्रत्यक्ष रूप से जानकारी देने की हिम्मत नहीं दिखाई।

## प्रभारी निरीक्षक पाण्डेय के नेतृत्व में एंटी रोमियो अभियान, एक मनचला गिरफ्तार

**मैगलगंज, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में रविवार को पुलिस टीम ने कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, विद्यालयों और बाजारों में सघन चेकिंग की गई। महिला आरक्षियों ने बालिकाओं और महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक और सजग रहने की प्रेरणा दी। टीम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों और महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं की भी जानकारी दी। अभियान के दौरान पुलिस ने एक मनचले युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक पाण्डेय ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस विशेष अभियान में उपनिरीक्षक रामनयन सिंह, मोहम्मद असलम, जोनी कुमार, रोहित कुमार, रवी कुमार समेत महिला आरक्षी ज्योति यादव, सोनी माधुर, हीना और बिभेष कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की।

### धौरहरा में चोरी की वारदात, नकदी व जेवरात पार

**धौरहरा (खीरी)।** थाना धौरहरा क्षेत्र के ग्राम गडरियनपुरवा बम्होरी निवासी ओमप्रकाश के घर चोरों ने धावा बोलकर नकदी व जेवरात पार कर दिए। पीड़ित ओमप्रकाश पुत्र किरपा पाल ने तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार सहित घर में सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोर घर के अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखे 1 जोड़ चांदी का पायल, 1 जोड़ सोने के कान के बाले, 1 जोड़ सोने की मांगटीका, 1 जोड़ सोने की झुमकी, 1 जोड़ सोने की बाली व करीब 10 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित ने मामले की सूचना थाना धौरहरा पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया कि घटना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## बच्ची ने नगर का नाम किया रोशन

**बरवर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर बरवर के लिए यह गौरव और गर्व का क्षण है। यहां की होनहार बेटी कोशिकी द्विवेदी, जो नगर के पूर्व सभासद पंकज द्विवेदी की पुत्री हैं, ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से पूरे नगर का नाम रोशन कर दिया है।

कोशिकी द्विवेदी ने लखनऊ के एक प्रतिष्ठित कॉलेज से सत्र 2022-2025 में बीबीए की उपाधि प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अपने बैच में द्वितीय स्थान (सेकंड पोजीशन) हासिल कर शैक्षिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। इस सफलता पर माता-पिता सहित नगर के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। बेटी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। नगरवासियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी कौशिकी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। बेटी की इस उपलब्धि पर पिता पंकज द्विवेदी ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा ÷हमारी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में बहुत अच्छी रही है। उसका सपना है कि वह जीवन में कुछ बड़ा कर दिखाए और समाज व देश के लिए प्रेरणा बने। कोशिकी की इस उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे कस्बे को गौरवान्वित किया है। नगर के लोगों का मानना है कि ऐसे प्रतिभाशाली युवा ही भविष्य में समाज की प्रगति और रष्ट्र के विकास की आधारशिला बनेंगे।



## कान्हा लाइब्रेरी की तीसरी वर्षगांठ पर हुआ गरिमामय आयोजन

**पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण व निरंतर प्रयास की दी सीख**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



भारत भूषण कॉलोनी स्थित कान्हा लाइब्रेरी की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुनीश शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी अजय यादव ने कार्यक्रम में सहभागिता की।मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए निरंतर अभ्यास और समर्पित अध्ययन की आवश्यकता होती है।

उन्होंने कहा कि कान्हा लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन और शांत वातावरण प्राप्त होता है, जिससे उनकी सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपना लक्ष्य स्पष्ट रखें और जब तक उसे प्राप्त न कर लें, तब तक प्रयासरत रहें। कार्यक्रम के दौरान लाइब्रेरी के संरक्षक संजीव शुक्ला ने मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में आलोक, दिव्यांश, अंकुश, विमल, अंजली, साक्षी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शराब और जुए की लत में गृहस्थी बेच डाली, विरोध पर पत्नी को पीटा

**ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र में शराब और जुए की लत ने एक विवाहिता की जिंदगी को नरक बना दिया। पति ने गृहस्थी और दहेज में मिला सारा सामान बेच डाला, और जब पत्नी ने विरोध किया तो उसे बेरहमी से पीट दिया। खमरिया थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी रूपा देवी की शादी करीब 3 साल पहले ईसानगर थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा मजरा मिर्जापुर निवासी गुड्डू पुत्र दुलारे के साथ हुई थी। रूपा का आरोप है कि उसका पति गुड्डू शराब और जुए का आदी है। पीड़िता रूपा ने खमरिया थाने पहुंचकर पति गुड्डू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सागौन के बाग में अधेड़ का मिला शव, हड़कंप



**बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र में रविवार को बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय निसार पुत्र मेंहदी हसन के रूप में हुई है, जो कि उतरौला कोतवाली क्षेत्र के महदेईया बाजार के नई बस्ती निवासी हैं। पत्नी चिनगुद्दी का कहना है कि उनके पति निसार शनिवार की सुबह करीब 8 बजे घर से काम पर निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन पूरी रात उनकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फिर अगली सुबह श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के अहिरौला नगवा स्थित सागौन के बाग में ग्रामीणों ने उनका शव पेड़ के पास मिला। शव के पास कुल्हाड़ी भी पड़ी थी और उनके पैर पर ताजा घाव के निशान मिले। बता दें कि निसार लकड़ी काटने का काम करते थे। सूचना पर पहुंची श्रीदत्तगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। श्रीदत्तगंज थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## समृद्ध सैनिटरी पैड से 50 परिवारों की बढ़ रही आमदनी

**सादुल्लानगर /बलरामपुर।** आस्था स्वयं सहायता समूह अध्यक्ष नीलम देवी का समृद्ध सेनेटरी पैड महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखा रहा। समूह से 50 महिलाएं जुड़ी है सभी सेनेटरी पैड तैयार कर उसकी बिक्री करती है। इससे उनका आमदनी भी होती है। समृद्धि के नाम से सेनेटरी पैड जिले के साथ गोंडा, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, महाराजगंज, कुशीनगर आदि जिलों में खूब बिक रहे है।महिलाओं ने ग्रामीण बाजार को हिट किया है इससे उनका माल भी आसानी से खपत हो जाता है। विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत बिशनपुर खरहना की नीलम देवी ने समूह से जुड़ने के बाद वर्ष 2021 में समृद्ध ब्रांड के नाम से सेनेटरी पैड बनाने की शुरुआत की थी। आज उनके इस प्रयास से गांव की 50 महिलाओं को घर पर ही रोजगार मिला है। नीलम देवी इंटरमीडिएट पास है। उन्होंने देखा कि महिलाओं के लिए यह आवश्यक वस्तु गांव में मंहगे और मुश्किल से उपलब्ध होती है। उन्होंने महिलाओं को रोजगार देने साथ सस्ते दाम पैड उपलब्ध कराने की योजना बनाई। समूह में महिलाओं को जोड़ा। इसके बाद समूह को आजीविका मिशन से करीब एक लाख पच्चास हजार रुपए की सहायता और एक कटिंग मशीन मिली। सेनेटरी पैड तैयार करके महिलाओं को उनके घर पर ही पैकिंग के लिए भेजने लगी। महिलाओं को प्रति पैकेट रु.2 मिलते हैं। महिलाएं रोजाना 3 घंटे काम कर रु.200 तक काम रही हैं। नीलम देवी ने बताया कि प्रतिदिन 500 से 600 पैकेट बनाए जाते हैं। साल भर में करीब 6 लाख रुपए तक की बिक्री हो होती है। इसमें से कच्चा माल व अन्य खर्चा घटा दिया जाता। करीब रु.300000 तक शुद्ध लाभ होता है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया जाने वाले सेनेटरी पैड की ग्रामीण बाजारों में अधिक खपत है।

# उतरौला की रामलीला: परंपरा, संस्कृति और आध्यात्मिक आस्था का अनमोल प्रतीक

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बलरामपुर जनपद का उतरौला नगर अपने ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है। यहां की रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक धरोहर का जीवंत उदाहरण है। यह आयोजन नगर की पहचान बन चुका है और हर वर्ष शारदीय नवरात्रि पर लाखों लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसकी नींव लगभग 1904 में बाबा जयकरन गिरि ने रखी थी, जब मुगल शासक राजा मुमताज अली ने रामलीला के लिए भूमि दान में दी थी। इस दान ने आयोजन को स्थायित्व प्रदान किया और तब से लेकर आज तक यह परंपरा निरंतर जारी है।

उतरौला के रामलीला की शुरुआत एक साधारण धार्मिक नाटक के रूप में हुई थी। बाबा जयकरन गिरि ने न केवल इस परंपरा की नींव डाली बल्कि स्थानीय लोगों में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना भी जागृत की। राजा मुमताज अली द्वारा भूमि दान दिए जाने के बाद यह आयोजन नगर का स्थायी पर्व बन गया। प्रारंभिक वर्षों में यह मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाता था। उस दौर में सीमित संसाधनों के बावजूद यह आयोजन पूरे नगर में उत्साह और आस्था का संचार करता था। रामलीला के शुरुआती दिनों में कई ऐसे कलाकार थे जिन्होंने अपने अभिनय से लोगों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी। पंडित सुर्जमन पांडेय, पंडित महावीर प्रसाद झा और पंडित बृजलाल जी महाराज का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इनमें सबसे यादगार रहा पंडित महावीर प्रसाद झा द्वारा निभाया गया हनुमान जी का पात्र, जिसने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। 1962 में काशी से लाया गया हनुमान जी का मुखौटा आज भी इस आयोजन का हिस्सा है और एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित है। यह मुखौटा न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि उस युग की कला और भक्ति का भी प्रतीक है।



1996 के बाद उतरौला की रामलीला में बड़ा परिवर्तन आया। पहले जहां स्थानीय कलाकार सभी भूमिकाएं निभाते थे, वहीं अब बाहर से पेशेवर मंडलियों को आमंत्रित किया जाने लगा। महावीर प्रसाद झा (शिंगारी जी) द्वारा अयोध्या से पहली बार मंडली बुलवाई गई, जिसने मंचन को नई ऊंचाई प्रदान की।




**बाला सुंदरी महारानी मंदिर का महत्व:** उतरौला की रामलीला का संबंध यहां के प्रसिद्ध बाला सुंदरी महारानी मंदिर से गहराई से जुड़ा है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि में इस मंदिर में विशेष पूजा, हवन और अनुष्ठान होते हैं। मां बाला सुंदरी पिंडी रूप में बाल स्वरूप में विराजमान हैं। अष्टमी पर विशेष हवन और नवमी की मध्यरात्रि में विशेष पूजन का आयोजन भक्तों की आस्था को और दृढ़ करता है। रामलीला के दौरान मंदिर के दर्शन और यहां की आरती पूरे माहौल को आध्यात्मिक बना देते हैं।



रामलीला केवल धार्मिक कथा का मंचन नहीं है, बल्कि यह उत्सव नगर के सांस्कृतिक वैभव को दर्शाता है। मंचन के दौरान कई दृश्य दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं, जैसे रावण के आदमकद पुतले का दहन, जिसमें आतिशबाज़ी और भव्य सज्जा का अद्भुत संगम दिखता है। स्वर्णमयी लंका का विध्वंस, जो अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देता है। नगर के बीच बड़ी मस्जिद के पास होने वाला राम-भरत मिलाप, जो हिन्दू-मुस्लिम एकता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। बच्चे और किशोर इस मंचन को देखकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को समझते हैं और अपने जीवन में उतारने का प्रयास करते हैं। रामलीला के दौरान उतरौला में दूर-दराज़ के क्षेत्रों से लोग आते हैं। इससे स्थानीय व्यापार, जैसे खाद्य-पेय स्टॉल, सजावटी वस्तुओं और खिलौनों की बिक्री को भी बढ़ावा मिलता है। नगर का होटल व्यवसाय, परिवहन और छोटे कारोबारियों को इस दौरान अच्छी आमदनी होती है। इस प्रकार रामलीला न केवल सांस्कृतिक बल्कि आर्थिक विकास में भी योगदान देती है। समय के साथ इस परंपरा को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है। नई पीढ़ी में मंचन कला के प्रति रुचि पहले जितनी नहीं दिखती। डिजिटल मनोरंजन के इस युग में युवाओं को जोड़ना कठिन होता जा रहा है। मंचन की लागत, कलाकारों का मानदेय, और सजावट पर होने वाला खर्च भी बढ़ रहा है। फिर भी रामलीला कमेटी और महंत मयंक गिरि जैसे लोग इस आयोजन को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं। वे न केवल धन संग्रह करते हैं बल्कि नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाते हैं। उतरौला की रामलीला मात्र धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक धरोहर है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी नगर की आस्था, एकता और परंपरा को संरक्षित कर रही है। हर वर्ष नवरात्रि के दौरान उतरौला की गलियों में गूंजती रामकथा की स्वर लहरियां और भव्य मंचन यह संदेश देती हैं कि अच्छाई की जीत और बुराई पर विजय की यह गाथा केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि आज और आने वाले कल के लिए भी प्रेरणा है। यही कारण है कि उतरौला की रामलीला को स्थानीय लोग केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपनी धरोहर और गौरव मानते हैं और यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक इसी भव्यता के साथ आगे बढ़ती रहेगी।

### विद्युत चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की मौत



**उतरौला (बलरामपुर)** थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के ग्राम बढ़हरी पाण्डेय जोत में स्थित राम जानकी मंदिर में ध्वनि विस्तारक यंत्र ठीक करने गया 19 वर्षीय प्रमोद कुमार जायसवाल की करंट लगने से मृत्यु हो गई। मामला रविवार की सुबह करीब 8 :30 बजे की है। ग्राम बढ़हरी निवासी 19 वर्षीय प्रमोद कुमार जायसवाल पुत्र खेमराज जायसवाल सुबह करीब 8 :30 बजे गांव के राम जानकी मंदिर का साउंड ठीक करने गया था। साउंड ठीक करते समय उसे करंट लग गया और वह वहीं पर बेहोश हो गया। मंदिर पर मौजूद पुजारी व अन्य लोगों ने मेन स्विच बंद कर उसे करंट की चपेट से छुड़ाया। उपचार हेतु एक निजी चिकित्सालय के लिए गोंडा ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा इसकी सूचना थाने पर नही दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### छत के सहारे घर में घुसे चोर, महिला को नशीली दवा देकर किया बेहोश, लाखों जेवर लेकर फरार




**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** छत के सहारे जीने से नीचे आए अज्ञात चोरों ने महिला को नशीली दवाई से बेहोश कर अलमारी में रखें रु.2000 की नकदी सहित लाखों रुपए के सोने चांदी से बने जेवरों पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत हैदरगढ़ के ठाकुरद्वारा वार्ड निवासी प्रार्थी अमित कुमार शर्मा पुत्र अयोध्या प्रसाद ने बताया कि सुबह लगभग 4:00 बजे जीने के सहारे चोर अंदर आए और चोरी का सामान लेकर निकल रहे थे कि तभी शौचालय से बाहर निकली मेरी पत्नी विधि शर्मा की नजर उन चोरों पर पड़ी उन्होंने चिल्लाने का प्रयास किया तो चोरों ने उन्हें नशीली दवाई सुंघाकर सर के पीछे किसी भारी चीज से वार किया जिससे वह गिर गई किसी तरह उन्होंने अपने पति अमित शर्मा को जगाया और चोरी की सूचना दी। अमित शर्मा ने बताया कि चोर सोने का हार, सोने की नथ, दो अंगूठी, चांदी की पाजेब, हाफ पेटी, और बच्चे की करधनी सहित ?2000 की नकदी उठा ले गए।

### जल निकासी नाला निर्माण का हुआ शिलान्यास

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नगर के ब्रम्हनान वार्ड में काफी दिनों से जल निकासी की समस्या हो रही थी जिसके निस्तारण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ने लगभग 25 लाख की लागत से नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ये नाला नगर के त्रिपुला नहर के पास बनेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत बैजनाथ मौर्य नितिन मौर्य शिवा वर्मा रोहित मिश्रा सौरभ सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### नहर के झाल में बरामद हुआ युवक का शव, दो दिन पहले स्कूटी लेकर निकला था घर से



**मसौली बाराबंकी।** दो दिन पूर्व घर से बिना बताये इलेक्ट्रिक स्कूटी से निकले 24 वर्षीय युवक का शव रविवार की सुबह शारदा सहायक डबल नहर दरियाबाद थाना क्षेत्र के आलियाबाद झाल से बरामद हुआ मृतक की स्कूटी शनिवार को बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम पंजरौली के निकट नहर पुल से बरामद हुई थी। बताते चले कि 26 सितम्बर की शाम करीब साढ़े 6 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी 24 वर्षीय रईस पुत्र कलीम मोबाइल चार्जिंग पर लगाने के बाद् इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर मे बिना बताये कही चला गया।देर रात्रि तक घर वापस न लौटने पर परेशान परिजनो ने नाते रिस्तेदारो मे तलाश की परन्तु पता न चलने पर शनिवार को परेशान हाल पिता कलीम पुत्र सिराज ने थाना मसौली मे पुत्र के गायब होने की सूचना दी।मसौली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवक की तलाश मे जुटी थी।तभी बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम पंजरौली के निकट शारदा सहायक डबल नहर पर लावारिस मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने रईस की ही स्कूटी होने की पुष्टि की।तेज रफ्तार से बह रही नहर पुल पर स्कूटी मिलते ही परिजनो ने किसी अनहोनी घटना की आशंका हो गयी थी।रविवार को पुलिस टीम ने जब तलाश शुरु की लेकिन शव का पता नही चल सका।इसी बीच दरियाबाद थाना क्षेत्र के आलियाबाद झाल मे युवक के शव मिलने की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने शव की शीनाख्त की ओर पहचाना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक चार भाइयो एव तीन बहनो मे चौथे नम्बर पर था जिसमे दो भाई एव दो बहनो की शादी हो चुकी थी तथा वर्ष 2018 मे माँ की मृत्यु होने के बाद हमेशा टेंशन मे रहता था।जवान बेटे की मौत से जहां बूढ़े बाप कलीम एव उनकी भाई एव बहनो का रो रो कर बुरा हाल है।बहरहाल मृतक ने किन परिस्थितियों में मौत को गले लगाया जिसपर पुलिस जाँच कर रही है।

### महाषष्ठी पूजा, रूद्र पूजा, देवी का आमंत्रण, महास्नान के साथ हुई मां की पूजा-अर्चना




**बाराबंकी।** उत्तर भारत की एक मात्र नव दुर्गा पूजा एवं महोत्सव मे रविवार की सुबह से ही महाष्टी पूजा, रूद्र पूजा, देवी का आमंत्रण, व महास्नान के साथ भक्तो ने मां की पूजा,–अर्चना की ,भक्तो का ताता लगा रहा। शाम को कैलाश नाथ शर्मा उनकी पत्नी सरिता शर्मा द्वारा रूद्रपूजा की गई। वहीं दोपहर पूजा महोत्सव पंडाल में सम्पन्न हुई रंगोली एवं गायन प्रतियोगिताएं। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने देते हुए बताया की इस वर्ष 56 वीं पूजा यूथ एसोसिएशन परिवार द्वारा शारदीय नवदुर्गा पूजा भव्यता के साथ मनाई जा रही है। श्री श्रीवास्तव ने बताया इस बार मां के 108 रूपों में नौ रूपों की प्रतिमाएं मूर्तिकार बादल पाल द्वारा बनाई गई है जिसमें रत्नप्रिया, सिद्धिदात्री शिवशक्ति,सावित्री ब्रह्मा, क्षीर भवानी, कालरात्रि, विशालाक्षी, चणडामुडं नाशिनी है, साथ ही गणेश लक्ष्मी कार्तिकेय सरस्वती दरबार में विद्यमान है। अजय शुक्ला, रामेंद्र दीपक, अभिषेक मिश्रा, लतिका राज, शिवेंद्र सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 300 बच्चों ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी शरद राज सिंह ने गायन व विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये। पूजा महोत्सव में प्रमुख रूप से बृजलाल सावलानी, राजन शर्मा, राजेश गुप्ता किल्टू ,दिलीप कुमार श्रीवास्तव, दर्षिका गुप्ता, सारिका गुप्ता, अर्पित गुप्ता,राकेश, पन्नालाल सहित परिवार के तमाम लोग मौजूद थे।

### नारायण रेस्टोरेंट पर लगा 50 हजार का जुर्माना

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग जनपद की सीमा पर स्थित नारायण रेस्टोरेंट के विरुद्ध की गई कई जगहों की शिकायत पर जीएसटी चोरी के मामले में विभागीय जांच के बाद 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। जीएसटी अधिकारी ने नियमों का पालन न करने पर रेस्टोरेंट संचालक पर 50 हजार रुपए का जुर्माना ठोका है। इस कार्रवाई से व्यापारिक जगत में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार 22 अगस्त को शिकायतकर्ता ने अयोध्या लखनऊ राजमार्ग स्थित नारायण रेस्टोरेंट से 4 चाय और एक प्लेट पकौड़ी खरीदी थी। इसके बदले संचालक ने 200 रुपए का बिल तो दिया, लेकिन उसमें जीएसटी का कोई उल्लेख नहीं था। मामले की शिकायत जीएसटी आयुक्त सहित केंद्रीय सरकार और प्रदेश सरकार से संबंधित अधिकारियों से जरिये स्पीडपोस्ट के मध्यम से की थी। शिकायत पर विभागीय टीम ने रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई की और संचालक से अभिलेख तलब किए लेकिन जांच में यह स्पष्ट हो गया कि जीएसटी से जुड़े आवश्यक दस्तावेज रेस्टोरेंट संचालक के पास उपलब्ध नहीं हैं। यही नही कमरे किराये पर उठाने का भी कोई भी कागज नही दिखा सके। इस पर जांच अधिकारी ने अपनी आख्या उच्चाधिकारियों को प्रेषित किये जाने पर नारायण ढाबा पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए चेतावनी दी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने जीएसटी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विभागीय कदम की सराहना की वहीं, आमजन और व्यापारियों के बीच चर्चा है कि केवल जुर्माना ही पर्याप्त नहीं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि रेस्टोरेंट संचालक पर और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की कर चोरी की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लग सके।

### व्यापारियों ने सुनी मोदी की मन की बात



**इटावा।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक के नेतृत्व में व्यापारियों ने सुनी मन की बात भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि पीएम भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक के नेतृत्व में व्यापारियों ने सुनी मन की बात नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात के 126 वें कड़ी को संबोधित किया. उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को याद किया. साथ ही स्वर कोकिला लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद करते हुए उनको नमन किया. उन्होंने लता मंगेशकर के वीर सावरकर के साथ प्यारे संबंध के बारे में बात की. पीएम मोदी ने बताया कि लता दीदी जिन महान विभूतियों से प्रेरित थीं उनमें वीर सावरकर भी एक हैं, उन्हें वो तात्या कहती थीं, उन्होंने वीर सावरकर जी के कई गीतों को भी अपने सुरों में पिरोया। पीएम मोदी ने मन की बात में लता मंगेशकर से अपने संबंध की भी चर्चा की है. उन्होंने बताया कि मुझे याद है मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले लता दीदी से मेरा परिचय कराया था. मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपके द्वारा गाया और सुधीर जी द्वारा संगीतबद्ध गीत 'ज्योति कलश छलके' बहुत पसंद है। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाप्रभारी रवि पोरवाल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के अध्यक्ष इंद्र नारायण पांडे भारत विकास परिषद के मुख्य शाखा कोषाध्यक्ष विवेक रंजन गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे युवा शहर उपाध्यक्ष दत्त तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अफवाहों पर न ध्यान दें ग्रामीण, मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम पंचायत सादुल्लापुर के गौरवा गांव में ग्राम प्रधान दिलीप कुमार मौर्या और एसएसआई राजकुमार पटेल की अध्यक्षता में मिशन शक्ति के साथ क्षेत्र में फैल रही फर्जी अफवाहों के सम्बंध में चौपाल का आयोजन किया गया।

इस चौपाल में बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, किशोरियां व सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा और सशक्तीकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। चौपाल में विशेष रूप से साइबर सुरक्षा बताया गया साथ ही महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई, जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन,181 वीमेन हेल्पलाइन, 112पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा,181महिला सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई,

महिला उप निरीक्षक मानसी ने महिलाओं को यह भी बताया कि किसी भी तरह की परेशानी या संकट की स्थिति में तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें। महिलाओं व किशोरियों को सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने और किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना देने की अपील की गई। चौपाल में उपस्थित बालक, बालिकाओं को बताया गया कि ऑनलाइन शॉपिंग ऐप के माध्यम से करे अन्यथा ऑफर के लालच में लिंक से शॉपिंग न करें नहीं तो पैसा भी चला जाएगा और समान भी नहीं मिलेगा। महिलाओं को यह भी बताया गया कि कही सफर पर जा रही हो और रास्ते में कोई प्रकार का साधन न मिले तो आप डायल 112 डायल कर अपनी समस्या बता सकती है, और आपको आपके स्थान पर सुरक्षित पहुंचाएगी। शक्ति चौपाल में उपस्थित एस आई देवता नंद सिंह सूर्यवंशी ने युवकों को ड्रोन कैमरा को लेकर बताया की यह फर्जी अफवाह है इसके चक्कर में न पड़े। अगर आपको कोई व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखे तो उसको मारे पीटे न उसको पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दे और रात्रि में जागरूक रहे। इस अवसर पर एस एस आई, राजकुमार पटेल, एस आई देवता नंद सिंह सूर्यवंशी, महिला उप निरीक्षक मानसी, सिपाही बालेंद्र यादव, प्रधान दिलीप कुमार मौर्या रामप्रकाश गुप्ता सहित गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटकता मिला



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सफदरगंज थाना अंतर्गत पेरी मजरे मौलाबाद में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। परिजन रविवार की सुबह अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें रोक दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, पेरी मजरे मौलाबाद निवासी रामकुमार पुत्र दयाराम जिनकी उम्र करीब 40 वर्ष का शव साड़ी के फंदे से पंखे के हुक से लटका मिला। यह घटना सुबह सामने आई। रविवार की सुबह करीब 8 बजे, परिजन रामकुमार का अंतिम संस्कार करने के लिए शव को खेत के पास तालाब के किनारे ले गए थे और चिता लगाने के साथ पूरी तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान किसी ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची डायल 112 टीम ने अंतिम संस्कार रुकवाकर सफदरगंज पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। रामकुमार की पत्नी रेखा और उनके दो बच्चों की स्थिति दुखद है। सफदरगंज थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्गा पूजा में पुलिस ने महिला सशक्तीकरण को किया जागरूक



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित बनी कोडर गांव में बाबा हरदेव मंदिर प्रांगण में चल रही दुर्गा पूजा के दौरान रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस द्वारा नारी सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली छात्रों एवं ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर इन महिलाओं को सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाएं अपनी सुरक्षा कैसे करें साथ ही समाज में अपने व्यक्तित्व को निखारने एवं स्वयं को स्थापित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर दुर्गा पूजा समित के संरक्षक कैलाशचंद वर्मा, एडवोकेट संयोजक दीपक वर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, डॉ अजीत वर्मा, विपिन वर्मा, मुकेश पाल, श्रवण चौहान, शिवकुमार चौरसिया, आशीष मिश्रा, कमलेश धीमान एवं बेचन लाल सहित तमाम नागरिक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# महिला ने घर के बाहर हमला कर जेवर छीनने का लगाया आरोप

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के मनीरामपुरवा मजरे सिरौलीगुंग में एक महिला ने घर के बाहर हमला कर जेवर छीनने का आरोप लगाया है। किरन देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो अज्ञात लोगों ने उनके सिर पर वार कर सोने के आभूषण छीन लिए। पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।किरन देवी के अनुसार, यह घटना 27 सितंबर 2025 की रात करीब 11 बजे उनके घर के बाहर हुई। उन्होंने बताया कि जब वह लघुशंका के लिए घर से बाहर निकली थीं, तभी दो नकाबपोश हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।महिला ने बताया कि हमलावरों ने उनके सिर



पर वार किया और कान, नाक व गले में पहने सोने के आभूषण छीन लिए। छीने गए जेवरों में सोने का माला, नाक की कील और कान की सुई धागा शामिल थे। इस दौरान उनके सिर में चोट भी आई।किरन देवी के शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई और 112 पर भी कॉल किया गया।कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि कान और नाक से जेवर छीने जाते, तो उन स्थानों पर चोट के निशान होने चाहिए थे, जो अभी तक नहीं दिखे हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# चोरियों से भयभीत ग्रामीणों ने रात्रि में महिला को पकड़कर पेड़ से बांधा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विगत दिनों में कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर हुई चोरियों को लेकर भयभीत ग्रामीण रतजगा कर अपने गाँव की रखवाली कर रहे है। इसी क्रम में कोतवाली के सतरही गांव में पहरा दे रहे ग्रामीणों ने बीती रात धान की खेत से निकलकर बहरामपुर की तरफ जा रही महिला को दौड़ा कर पकड़ लिया और पेड़ से बांध दिया। रात्रि गस्त के दौरान जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे हल्का दरोगा के साथ अभद्रता की एवं सूचना पाकर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक की गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार बीती रात ग्रामीण अलग-अलग स्थान पर झुंड में जागकर पहरा दे रहे थे। बांदा बहराइच मार्ग से सतरही होते हुए बहरामपुर के लिए गई सड़क पर भी ग्रामीण नहर पुलिया के निकट पहरा दे रहे थे कि तभी पुलिया के निकट ही राजू यादव के धान के खेत में कुछ हलचल देखकर टॉर्च की रोशनी मारी

> **आक्रोशित ग्रामीणों ने कोतवाल को घेरा, गाड़ी के शीशे तोड़े**

तो लगभग 40 वर्षीय एक महिला निकालकर बहरामपुर की ओर भागी। जिसे चोर समझकर ग्रामीणों ने दौड़कर पकड़ लिया और महिला को पेड़ से बांध दिया। इसी बीच रात्रि ग्रस्त पर निकले हल्का दरोगा बांके बहादुर को एक ग्रामीण से जानकारी मिली कि गांव वालों ने एक महिला को चोर समझ कर पकड़ कर पेड़ से बांध रखा है। जिस पर वह मौके पर पहुंच गए। यहां पर सैकड़ो की संख्या में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी मौजूद थी जो पेड़ से बंधी महिला को मारपीट रही थी। बताते हैं कि जब दरोगा ने उक्त महिला को खोलकर कोतवाली ले चलने की बात कही तो औरतें दरोगा से भी भिड़ गई और चोरों के साथ मिली भगत का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामले को आगे बढ़ता देख इसकी सूचना हल्का दरोगा द्वारा कोतवाल को दी गई मौके पर पहुंचे कोतवाल अभिमन्यु द्वारा समझाने बुझने का भी कोई असर ग्रामीणो पर नहीं पड़ा। यही नहीं ग्रामीणों ने कोतवाल की बोलेरो गाड़ी का शीशा तक तोड़ डाला। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। वही चोर समझ कर पकड़ी गई महिला पड़ोसी गांव बम्हरौली गांव निवासी धर्मराज गोस्वामी की मंदबुद्धि पत्नी निकली। जो कल से ही गायब थी। बताते हैं यह महिला अक्सर बिना बताए चली जाती है। जिसे परिजन कल से ही ढूंढ रहे थे। आज सुबह सतरही गांव पहुंचे परिजनों को जब यह जानकारी हुई कि ग्रामीणों द्वारा पकड़ी गई महिला को पुलिस कोतवाली ले गई है तो वह कोतवाली पहुंचे, जहां पर महिला की शिनाख्त होने पर ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में लिखा पढ़ी के बाद महिला को घरवालों के हवाले कर दिया गया। इस संबंध में जब पुलिस क्षेत्र अधिकारी समीर कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने गाड़ी का शीशा टूटने की घटना से इनकार करते हुए कहां की गलत ढंग से महिला को पकड़ने के मामले में आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही की गई हैं।

# जन आरोग्य मेले में आयुष चिकित्सक का नहीं मिल रहा लाभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है, परन्तु डॉक्टर की लापरवाही के चलते इस मेले का भरपूर लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगंज में आज मुख्यमंत्री का नया आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों को मौजूद रहकर रोगियों को मुफ्त इलाज जांच और दवाई उपलब्ध करायी जानी थी। यहां पर अन्य डाक्टर व स्वास्थ कर्मी मौजूद रहकर इलाज कर रहे थे दोपहर



1:00 बजे तक 40 से 42 रोगियों का उपचार किया जा चुका था परंतु आयुष चिकित्सक के रूप में यहां पर कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। पता चला कि यहां पर आयोजित मेले में तैनात राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हैदरगढ़ के डॉक्टर अच्छे लाल पिछले दो माह से मेले में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा रहे है। जब इस संबंध में डॉक्टर अच्छेलाल का पक्ष जानने के लिए उनको फोन किया गया तो फोन रिसीव नहीं हुआ।

# सिहाली में बारात घर निर्माण का शिलान्यास

> **मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना के तहत बनेगा भवन**

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड की ग्राम पंचायत सिहाली में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत बनने वाले बारात घर का शिलान्यास किया गया।ग्राम प्रधान अभय कुमार सिंह ने भूमि पूजन कर इसका शिलान्यास किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।इस बारात घर के निर्माण पर लगभग 35 लाख रुपये की लागत आएगी।अधिकारियों के अनुसार यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।इसमें शादी-विवाह,सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन आसानी से किया जा सकेगा।ग्रामीणो को लंबे समय से एक बहुउद्देशीय भवन की आवश्यकता महसूस हो रही थी।इसके पूरा होने से उन्हे निजी स्थलो पर होने वाले अधिक खर्च से राहत मिलेगी।ग्राम प्रधान अभय कुमार सिंह ने बताया कि यह बारात घर ग्रामीणो के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।इससे विवाह और उत्सव संबंधी



कार्यक्रमों के साथ-साथ ग्राम पंचायत की बैठको और सरकारी योजनाओ की जानकारी देने के लिए भी जगह मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सरकार और पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि बारात घर का निर्माण गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देगा। शिलान्यास समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# आखेरत की ज़िंदगी का मक़सद जिस दिन समझ में आ जायेगा, दुनियावी जिंदगी का झगड़ा उसी दिन ख़त्म हो जायेगा

> **दूसरों की मौत के बजाय अपनी मौत का ख़याल करो ताकि राहे हक़ से भटकने से बच जाओ: मौ. फ़ैज़ अब्बास**

**बाराबंकी।** आखेरत की ज़िंदगी का मक़सद जिस दिन समझ में आ जायेगा , दुनियावी ज़िन्दगी का झगड़ा उसी दिन ख़त्म हो जायेगा । आख़ेरत की परेशानियों से बचना चाहते हो तो मोहम्मद व आले मोहम्मद के बताये रास्ते पर चलो । दूसरों की मौत के बजाय अपनी मौत का ख़याल करो ताकि राहे हक़ से भटकने से बच जाओ यह बात करबला सिविल लाइन में डा.रज़ा मौरान्वी की अहलिया



की मजलिसे बरसी में मौलाना फ़ैज़ अब्बास मशहदी साहब ने कही। मौलाना ने यह भी कहा कि हर नफ़्स को मौत का मज़ा चखना है । मौत का मज़ा चखने के बाद ही इंसान खुदा से मिलता है। जिसका ईमान सही होता है उसे ईनाम से नवाज़ता है। मौत के बाद की ज़िंदगी का ज़िक्र कुरआन में 1400 बार हुआ है। राहे हक़ पर चलने वाले लोगों को हमेशा रहने वाली नेमतें मिल जायेंगी ।आखिर में करबला वालों और बीबी फ़ातिमा ज़हरा स.अ. के मसायब पेश किए जिसे सुनकर सभी रोने लगे। मरहूमा की मग़फ़िरत के साथ साथ मुल्क के लिए चैन अमन मांगी दुआएं। मजलिस से पहले रिज़वान उर्फ़ी लखनवी, मक्की ज़ैदपुरी, ख़ुर्शीद इटावी, कशिश संडीलवी, मेहदी नक़वी बाराबंकवी, हाजी सरवर अली करबलाई ने नज़रानये अक़ीदत पेश किए। मुसव्विर ज़ैदपुरी ने हदीस ए किसा की तिलावत की मजलिस का आग़ाज़ तिलावते कलामे इलाही से मौलाना हिलाल अब्बास साहब ने किया। बादे मजलिस सभी ने फ़ातिहा में भी शिरकत की । बानियाने मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# ईष्ट देवों की धार्मिक भेंटें सुनकर भक्तजन मंत्रगुग्ध

**भरथना, इटावा।** जगतजननी मां भगवती के जगराता में संगीतमयी समधुर ध्वनियों के बीच पूरी रात्रि माता सहित अन्य इष्टदेवों की धार्मिक भेंटें सुनकर श्रद्धालु भक्तजन मंत्रमुग्ध हुए। वहीं भव्य पाण्डाल



में सांय सम्पन्न होने वाली आरती में सैकडों श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्तजनों ने सहभागिता करके माँ दुर्गा का सामूहिक रूप से गुणगान किया। कस्बा के मुहल्ला मोतीगंज स्थित राजाराम पोरवाल पीतल वालों के हाता में नवदुर्गा पूजा समिति रजि. के तत्वाधान में चल रहे 29वें नवदुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान पूर्व चेयरमैन रंजना यादव ने अपने पुत्र समाजसेवी सार्थक यादव छोटू के साथ भव्य पाण्डाल में पहुँचकर आचार्य अमित मिश्रा व राहुल दीक्षित द्वारा कराये गये वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजन अर्चन व दर्शन किये तथा समिति पदाधिकारियों ने उनका पट्टिका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही अत्याधुनिक साज-सज्जायुक्त भव्य सिंहासन पर विराजमान माता के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर सैकडों श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्तजनों ने संगीतमयी आरती में सहभागिता करके माँ की स्तुति की। तदुपरान्त पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू के संयोजकत्व में आयोजित विशाल देवी जागरण में पूरी रात्रि प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, शेर पर सवार होकर आजा शेरावाली, तेरे दरबार में मैया खुशी मिलती है आदि विभिन्न इष्टदेवों की धार्मिक भेंटें सुन व विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झाँकी का नृत्य देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुए। इस दौरान समिति संरक्षक रूपकिशोर गुप्ता रूपे, राजीव पोरवाल, लोली पोरवाल, अध्यक्ष संजीव दीक्षित गपूड़े, महामंत्री भरत पोरवाल, कोषाध्यक्ष श्याम पोरवाल आदि मौजूद रहे।

# 75 न्याय पंचायतों में मिशन शक्ति अभियान चलाया

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

सभी 21 थानों पर गठित महिला सुरक्षा केंद्र द्वारा जिले के 8 ब्लाक बसरेहर, भरथना, जसवन्तनगर, सैफई, बढ़पुरा, चकरनगर, महेवा एवं ताखा के अंतर्गत समस्त 75 न्याय पंचायतों में जाकर मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं, बालिकाओं को किया गया जागरूक। इन कार्यक्रमों में पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ डीपीआरओ, समस्त ग्राम सेक्रेटरी, सचिव ग्राम पंचायत, पंचायत सहायक सहित महिला समूह की महिलायें बड़ी संख्या में उपस्थित रही। उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी भ्मसचसपदम छनउइमते यथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-



102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि से अवगत कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रदेश में सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के मिशन सन्देश के साथ चल रहे मिशन शक्ति व अन्य विभागों के कल्याण कारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गयी। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। बालिकाओं से सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, तथा उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके अधिकारों व इस सम्बन्ध में निहित कानूनी प्रावधानों के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। थानों पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के कार्य, उददेश्य व उपलब्ध करायी जाने वाली अन्य सेवाओं (यथा कॉउंसलिंग आदि) के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से सम्बंधित पम्पलेट भी बड़ी संख्या में वितरित किये गये।

# सिया को व्याहने जनकपुरी पहुंचे प्रभु श्रीराम

- जलालाबाद में धूमधाम से निकली राम बारात, जय श्रीराम की रही गूंज
- बैंड-बाजों संग निकली भव्य झांकियां, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह बरसाए फूल



शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि



प्रभु श्रीराम की झांकी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कस्वा में धार्मिक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला जब प्रभु श्रीराम की बारात धूमधाम से निकाली गई। श्रीराम बने दूल्हा के दर्शन को जनसैलाब उमड़ पड़ा। जय श्रीराम के नारों से नगर गूंज उठा और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया गया।

श्रीरामलीला महोत्सव समिति (रजि.) के तत्वावधान में निकली गई भव्य राम बारात में सजीव झांकियाँ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनीं। एक रथ पर भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण विराजमान थे, जबकि दूसरे रथ पर राजा दशरथ, भरत और शत्रुघ्न ने नगरवासियों को दर्शन दिए।

मुख्य अतिथि सुमन मिश्रा (महिला उपभोक्ता सोसाइटी सचिव) व विशिष्ट अतिथि रोहन पाल (ग्रीन बड होटल) ने भाजपा नेत्री गीता पाठक के साथ दीप जलाकर एवं श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बारात का शुभारंभ किया। राम बारात जैसे ही कस्वा के प्रमुख मार्गों से निकली, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में श्रद्धालु डीजे की धुनों पर जमकर थिरके और जय श्रीराम के जयघोष से नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा।

बारात की व्यवस्था में समिति अध्यक्ष रामू पाठक समेत वीरेंद्र पाठक, अनिल कुमार, शीतल पाठक, श्याम किशोर पाठक, विवेक तिवारी, सचिन पाठक, अनुज शर्मा, सोनू पाठक, ओमप्रकाश पाठक, अजीत द्विवेदी, गोविंद चौरसिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता जुटे रहे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे व जसोदा चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# डीयू उपाध्यक्ष स्वामिनी यादव का गृहनगर में भव्य स्वागत

- कन्नौज जिले का बढ़ाया मान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के छात्रसंघ चुनाव में अरविंदो कॉलेज से उपाध्यक्ष निर्वाचित स्वामिनी यादव ने अपने जिले कन्नौज का नाम रोशन कर दिया। गृहनगर छिबरामऊ में उनके प्रथम आगमन पर माल्यार्पण के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

विशुनगढ़ रोड स्थित चौधरी होतेराम इंटर कॉलेज, महमूदपुर में स्वामिनी ने अपने बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सपा विधायक अरविंद यादव ने कहा हमारे देश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अग्रणी हैं।

स्वामिनी ने डीयू में उपाध्यक्ष का चुनाव जीतकर अपने गांव और जिले का गौरव बढ़ाया। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा आज शिक्षा और युवाओं के लिए अवसरों की कमी है। सरकार को बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान देना चाहिए, ताकि और स्वामिनी जैसे सितारे उभर सकें।

ग्राम बहादुरपुर की मूल निवासी स्वामिनी पूर्व प्रधान विनोद यादव और नीरज देवी की पुत्री हैं। उन्होंने प्राथमिक से इंटर तक की शिक्षा सीबीएसई बोर्ड के सेंट पॉल स्कूल से प्राप्त की।

दिल्ली विश्वविद्यालय के अरविंदो कॉलेज में हिस्ट्री और पॉलिटिकल साइंस में प्रवेश लेकर उन्होंने पहले ही वर्ष कॉलेज टॉप किया। उनकी प्रतिभा कैंपस में चर्चा का विषय बनी। सहपाठियों के सुझाव पर उन्होंने डीयू छात्रसंघ चुनाव में हिस्सा लिया और 351 वोटों से शानदार जीत हासिल की। स्वामिनी का सपना सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना है। उनके इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों ने गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

दलगंजन सिंह यादव के संचालन में हुए कार्यक्रम में राजवीर सिंह, पप्पू यादव, अशोक दुबे, रोहित यादव, मनीष, ध्रुव, अंकुल, विकास, किशन यादव, धर्मेंद्र, चिराग दुबे, हरिश्चंद्र राजपूत, डॉ मनोज यादव, पुष्पेंद्र यादव, अंकुर यादव, विकास दुबे, रामू, पुरुषोत्तम, हरेंद्र यादव मैनपुरी, एक्टर प्रशांत यादव, बहादुर यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मोहल्ला स्तर पर बनेंगी सांस्कृतिक समितियां

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर में सांस्कृतिक प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी (एमसीएमआर) मुहिम के तहत नई पहल शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें मंच प्रदान करना है।

**प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच**

मुहिम के संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने साहित्यिक संगीत संध्या में कहा कि छोटे इलाकों में संसाधनों और मार्गदर्शन के अभाव में कई प्रतिभाएं दम तोड़ देती हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। इसके तहत नगर को चार जोन में बांटा गया है, जहां मोहल्ला स्तर पर सांस्कृतिक समितियां गठित की जा रही हैं। इन समितियों का दायित्व गायन, नृत्य, वादन और कला में प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को चिह्नित कर उन्हें प्रोत्साहित करना होगा। पूरब व उत्तर दिशा के लिए संजीव चौहान, शाहरुख, गणेश, शीलू; पूरब व दक्षिण के लिए नीरज, सुधीर, अभिषेक, रमाकांत; पश्चिम, दक्षिण के लिए सुशांत, हर्षदीप, शिवम, अरुण और पश्चिम उत्तर के लिए अरुणेश, अमन, लकी, संजीव दुबे को प्रभारी नियुक्त किया गया है। गायन प्रतिभाओं की मेंटरशिप के लिए सतेंद्र राठौर जिम्मेदार होंगे। सभासदों का सहयोग लेकर प्रतिभाशाली युवाओं की सूची तैयार की जाएगी, जिन्हें नगर स्तर की प्रतियोगिताओं और छिबरामऊ महोत्सव जैसे बड़े मंच पर अवसर दिया जाएगा। इस अवसर पर गुलशन, शानू, विकास, जतिन, कमल, राहुल, राजीव, सुमित आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता फांसी पर झूली, पति सहित कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

**कोच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली के क्षेत्र के भदारी में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया था जिसमें सिरसा कलार थाना के ग्राम विरहा निवासी भीकम पुत्र हल्के ने कोंच कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी वादी की पुत्री को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करना व परेशान होकर पुत्री ने आत्महत्या हत्या कर ली कोंच पुलिस ने मृतिका के पति सहित कई लोगो पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपको बता दे धारा 108 बीएनएस के तहत मृतिका के पति रोहित ससुर कलू, सास रामश्री,देवर मोहित निवासी भदारी पर मुदकमा दर्ज कर लिया और जाँच में जुट गई है।

# रालोद की विचारधारा सभी को साथ लेकर चलने की : डॉ. रामाशीष

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आवास विकास कॉलोनी में आयोजित राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय का 101 किलो की विशाल माला से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भरा नजारा पेश किया, जो पार्टी की मजबूती का प्रतीक था। सम्मेलन में युवाओं, किसानों और महिलाओं के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा मूल रूप से सभी को साथ लेकर चलने की है। हमारा संगठन सामाजिक न्याय, समानता और समावेशिता पर आधारित है। पार्टी की नींव चौधरी चरण सिंह जी द्वारा रखी गई थी, जो किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों की आवाज बने। आज भी हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। संगठन में परस्पर सम्मान की भावना बेहद जरूरी है। बिना एकजुटता के कोई लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने जोर देते हुए कहा रालोद युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी जी के नेतृत्व में हम कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर काम कर रहे हैं। किसानों की समस्याओं, जैसे एमएसपी की गारंटी और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, को प्राथमिकता देंगे। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में समान भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। हमारा सपना है कि उत्तर प्रदेश का हर कोना समृद्ध बने, जहां जाति-धर्म की दीवारें न हों। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाएं। जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी किसानों और नौजवानों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनका सपना है कि हिंदुस्तान के हर नौजवान के हाथ में बेहतर शिक्षा व प्रशिक्षण हो। कोई भी देश नौजवानों को सशक्त बनाए बिना तरक्की नहीं कर सकता। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रेयश द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं व युवाओं की हर संभव मदद पर जोर दिया। उन्होंने कहा, पार्टी के द्वार सभी के लिए खुले हैं। हमें एकजुट होकर चुनौतियों का सामना करना होगा। डॉ. रजनीश दुबे के संचालन में चले कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री सुजाता चौधरी, क्षेत्रीय महासचिव दशरथ, औरैया जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, रामचन्द्र मिश्रा एडवोकेट, मनोज दीक्षित, विनीत अग्निहोत्री, पुनीत दुबे, पारस चतुर्वेदी, कविता द्विवेदी, रोमा सिंह, सुनीता बाथम, डिम्पल, सोनम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सम्मेलन में भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हुआ तथा रालोद को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति अभियान के तहत उत्कृष्ट महिलाओं का सम्मान



सम्मानित करतीं जिलापंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व मौजूद डीएम-एसपी


**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों ने मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं को 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला सहायता नंबर) सहित अन्य सरकारी सेवाओं की उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य रहीं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, सामाजिक सेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही होनहार छात्राओं को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों नृत्य, गीत व देशभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर एएसपी अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप सिंह, कुलवीर सिंह, यातायात प्रभारी प्रियंका बाजपेयी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षक- शिक्षिकाएं आदि रहे।

### छः साल की बच्ची से हैवानियत की कोशिश करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार की शाम एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ बंद कमरे में हैवानियत की कोशिश करने बाले युवक को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली 6 वर्षीय मासूम बच्ची शनिवार की शाम लगभग 6 बजे के करीब अपने घर से पड़ोस में अपनी नानी के घर जा रही थी। तभी पड़ोस के मोहल्ला निवासी युवक बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर उसे भैंस बांधने वाले अपने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। बच्ची के देर तक घर न पहुंचने पर उसका 11 वर्षीय भाई उसे ढूंढने निकला। बच्ची की चीख सुनकर उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। बच्ची के भाई ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसे सुन परिजनों के हाथ पैर फूल गए। परिजनों को अपनी तरफ आता देख आरोपी गाली-गलौज करता हुआ छत पर चढ़ गया और उनपर पत्थरों से हमला कर दिया। परिजनों ने किसी तरह बच्ची को उसके चंगुल से छुड़ाया। घटना की सूचना पर कोतवाल विष्णुकांत तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बच्ची ने भी अपनी डरी सहमी आवाज में अपनी आपबीती सुनाई। तहरीर मिलते ही पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### सहाव गांव की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे, ग्रामीण गंदगी से परेशान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सहाव गांव में नालियां की सफ़ाई न होने से नालियां चोक हो गई हैं। जिसके चलते गंदगी मच्छर पनप रहे हैं और सफ़ाई व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही जलभराव भी हो रहा है। ग्रामीणों ने सफ़ाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग डीएम से की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी कुलदीप, राजपाल, अमन, राजू, वीरू, रविंद, प्रशांत त्रिपाठी, अमन, राजवीर, विनय दुबे, सरस दीक्षित, मधुकर त्रिपाठी, अभिमन्यु आदि ने बताया कि उनके गांव में शिव मंदिर व रामलीला मैदान के साथ छोटे खान के दरवाजे के सामने वाली गली,के आसपास नालियों की महीनों से सफ़ाई नहीं हुई है। नालियों की सफ़ाई न होने से वहां घास, फूस उग आई है। सिल्ट जमा होने से नालियां पूरी तरह से चोक हो गई हैं। नालियों के चोक होने से चलते गंदा पानी गलियों में आ जाता है। घास, फूस के चलते मच्छर भी पनप रहे हैं। जिससे लोग परेशन हैं। स्थानीय स्तर पर शिकायत करने के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि गांव में सफ़ाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए।



गांव की नालियों में पसरी गंदगी

## पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का काम करें कार्यकर्ता व पदाधिकारी : विजय द्विवेदी



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी हाईकमान की ओर से बनाये गये पार्टी के जिला प्रवक्ता का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। रविवार को समधन नगर में सपा नेता रफ़ी अनवर सिद्दीकी के प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें पाटी हाईकमान की ओर से जिला प्रवक्ता पद पर मनोनीत किये गये विजय द्विवेदी का फूल माला डालकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुऐ नवनियुक्त जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने कहा पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिये कार्यकर्ता व पदाधिकारी जमीनी स्तर पर उतर कर पार्टी की नीतियों व सिद्धांतो को जनता तक पहुंचाने का काम करें जिससे आगामी 2027 में विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व सफलता मिल सके। इस अवसर पर सपा नेता रफ़ी अनवर सिद्दीकी, गुफरान सिद्दीकी, ऐनुद्दीन खान, बसीम सिद्दीकी, अचल, अनुज, आदिल परवेज, असलम खान, अलीशान सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने एग्री स्टैक योजना के तहत किया फसलों का निरीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर और कसावा में एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी और लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी ने एग्री स्टैक योजना के तहत फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें धान की अच्छी फसल खड़ी दिखाई दी।

केंद्र सरकार की इस डिजिटल पहल का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और त्वरित तरीके से प्रदान करना है। योजना के तहत किसानों की रजिस्ट्री की जा रही है और उन्हें विशिष्ट किसान आईडी नंबर दिया जा रहा है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातों में पहुंचेगा। एग्री स्टैक योजना के लाभों में फसल बीमा, पीएम किसान योजना, और कृषि सब्सिडी जैसे लाभों की आसान उपलब्धता शामिल है। इसके अतिरिक्त, किसानों को कम ब्याज दरों पर ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, खाद, और अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। योजना बाजार तक पहुंच को सुगम बनाती है, जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार जानकारी शामिल है। डिजिटलीकरण से कागजी कार्रवाई कम हो रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ रही है और समय की बचत हो रही है। इस निरीक्षण से क्षेत्र के किसानों में योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# शहीद रज कलश यात्रा में सेनानी पौत्र सम्मानित

- काकोरी कांड के 100वें वर्ष पर किया जा रहा विशेष आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर आयोजित शहीद रज कलश यात्रा ने यहां पर स्वतंत्रता संग्राम की गौरव गाथा को जीवंत किया। इस अवसर पर छिबरामऊ के अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जुगल किशोर सक्सेना के पौत्र हिमांशु सक्सेना को उनके दादा की विरासत को संरक्षित करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने हिमांशु को माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रकट किया।

शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के निवास स्थानों से ली गई मिट्टी से भरे शहीद रज कलश को सिर पर रखकर हिमांशु ने पदयात्रा में हिस्सा लिया।

भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। हिमांशु ने कन्नौज के स्वतंत्रता इतिहास पर लिखित पुस्तक भी वेटरन्स को भेंट की। यह यात्रा, 2016 से अनवरत जारी है, जो मैनपुरी से शुरू होकर काकोरी शहीद मंदिर, लखनऊ में समाप्त होती है। आयोजक धर्मेंद्र अज्ञानी ने बताया कि काकोरी कांड के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में यह यात्रा विशेष महत्व रखती है। 28 सितंबर को काकोरी में इसका समापन होगा, जहां स्वतंत्रता सेनानी परिजन सम्मान समारोह और सैनिक सम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम में यात्रा के मुख्य संयोजक मनीष यादव दशहरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुबख्श सिंह के अलावा एडवोकेट सचिन शाक्य, नंदराम सिंह समेत कई वेटरन तथा सैकड़ों देशभक्त स्वयंसेवी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने आलू, पनीर, सरसों तेल के नमूने किए संग्रहित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



खाद्य सुरक्षा टीम व्यापारी प्रतिष्ठान से नमूने संग्रहित करते हुए

आगामी नवरात्र व दशहरा त्योहारों को देखते हुये व शासन द्वारा प्राप्त आदेशों के क्रम में जनपद की मण्डियों में पुराने आलू को कृत्रिम ढंग से नये आलू बनाकर बाजारों में ब्रिकी की शिकायत के क्रम में जनपद की तहसीलों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्यवाही कर विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थ आलू, सरसों का तेल व पनीर के नमूने संग्रहित किये।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार व सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह के निर्देशानुसार त्योहारों पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद की टीम लगातार सक्रिय है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली त्योहारों पर लोगों को सुरक्षित आहार उपलब्ध कराने हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय के नेतृत्व में टीम द्वारा उरई नगर पालिका के जिला परिषद पर स्थित सब्जी मण्डी से वीर सिंह राठौर की दुकान से खाद्य पदार्थ आलू का नमूना, वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप की दुकान से खाद्य पदार्थ आलू का नमूना, कोंच तहसील के तिलक नगर कोंच से संजय कुमार मित्तल के प्रतिष्ठान से कुकिंग मीडियम तेल का नमूना, भगत सिंह नगर कोंच पर स्थित रवि दीक्षित के पिराई पिसाई केन्द्र से खाद्य पदार्थ सरसो के तेल के 2 नमूनें, कोंच में सागर चौकी के पास स्थित रमेश रेजा की दुकान से खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और त्योहारों तक जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, महेश प्रसाद तथा अनिल कुमार शंखवार उपस्थित रहे।

# विश्व विख्यात रामलीला मैदान में हुआ मारीच वध, सीता हरण का मंचन

- नगर के गढ़ी के मैदान में हजारों की भीड़ मेला ग्राउण्ड में जुटी
- 173 सालों से मैदानी लीलाओं में विशेष मेला का हुआ आयोजन
- धर्मादा रक्षिणी सभा ने मेला सुरक्षा निगरानी समिति को किया सम्मानित



मैदानी रामलीला में युद्ध करते मारीछ व जटायु।



मैदानी रामलीला में सीता को हरण कर ले जाता रावण।



सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद पुलिस बल।

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कोंच नगर में रामलीला में मारीचवध और सीता हरण की लीलाओं का मंचन गढ़ी के मैदान में मेले के रूप में संपन्न हुआ। मेला देखने के लिए हजारों की भीड़ मेला ग्राउंड में जुटी थी।

सुविख्यात मारीचवध मेला यहां गढी के मैदान में जलकल कार्यालय के नीचे शनिवार शाम संपन्न हुआ। मैदान के पश्चिमी छोर पर जलकल कार्यालय के ठीक नीचे बनी पंचवटी में राम और सीता उच्च आसन पर विराजमान थे जबकि लक्ष्मण उनसे कुछ हट कर एक अलग स्थान पर बैठे थे। इसी बीच वहां लंकाधिपति रावण की बहिन सूर्पणखा आती है और राम की मोहिनी छवि पर रीझ कर प्रणय निवेदन करती है। लक्ष्मण क्रोध में आकर उसके कान नाक काट देते हैं। चीत्कार करती हुई सूर्पणखा अपने भाई रावण के पास जाकर सारा वृत्तांत सुनाती है तो रावण अपने मामा मायावी मारीच को स्वर्णमृग बना कर पंञ्चवटी भेजता है। स्वर्णमृग को देख सीता राम से उसका आखेट कर मृगचर्म लाने के लिए आग्रह करती हैं। राम लक्ष्मण को सीता की सुरक्षा का भार सौंप कर मृग के पीछे चले जाते हैं। थोड़ी देर बाद लक्ष्मण कुटिया के बाहर एक रेखा खींच और सीता से उसके बाहर नहीं आने का अनुरोध करके चले जाते हैं। उसी क्षण साधु वेश धारण कर रावण वहां आकर भिक्षा मांगता है और सीता का हरण कर लेता है। गिद्धराज जटायु का रावण से घनघोर युद्ध होता है और अंततरू जटायु का प्राणांत हो जाता है जिसका अंतिम संस्कार राम अपने हाथों से कर उसे अपने धाम भेज देते हैं। मेले में नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से आई हजारों की भीड़ जुटी थी। इस दौरान पुलिस कप्तान डॉ. दुर्गेश कुमार ने खुद मेले का जायजा लिया। व्यवस्थाओं में धर्मादा रक्षिणी सभा के अध्यक्ष विजय गुप्ता, केशव बबेले, रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रधव मिश्रा, मंत्री आशीष कुशवाहा, संजय सोनी, अभिनय विभाग अध्यक्ष पुरुषोत्तमदास रिछारिया, हरिश्चंद्र तिवारी,अभिषेक रिछारिया, चंद्रशेखर नगाइच, उज्जवल तिवारी, सागर अग्निहोत्री,पुनीत तिवारी, संतोष त्रिपाठी आदि लगे थे। सीओ परमेश्वर प्रसाद के निर्देशन में कोतवाल अजीत सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ सर्किल के सभी थानों का पुलिस फोर्स व पीएसी बल ने जबर्दस्त किलेबंदी कर रखी थी। मारीच वध मेला, सुरक्षा व्यवस्था में मारीच वध मेला निगरानी समिति टीम के अध्यक्ष एडवोकेट अफज़ाल खान, मंत्री राहुल राठौर, उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, तरुण निरंजन, सिराज काजी दुर्गेश कुशवाहा, विवेक द्विवेदी, नवीन कुशवाहा सुंदरम सोनी, रवि दुबे, अरुण पटेल, विवेक चड्डा, अब्दुल रज्जाक अंसारी, फारूख पहलवान अंसारी, असगर चौधरी, सोएब खान, रज्जाक कुरैशी, महबूब अंसारी, सलीम अंसारी पहलवान आदि लगे रहे।

### धर्मादा रक्षिणी सभा ने इन लोगों को किया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, सीओ परमेश्वर प्रसाद,व सुरक्षा व्यवस्था में मारीच वध मेला निगरानी समिति के अध्यक्ष अफजाल खान, मंत्री राहुल राठौर को धर्मादा रक्षिणी सभा के अध्यक्ष विजय गुप्ता दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय सोनी आदि ने इनको पट्टिका ओढ़ा कर सम्मानित किया।

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़





# गरबा महोत्सव एवं देवी जागरण के आनन्द में डूबे लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में गरबा महोत्सव एवं देवी जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें सायं 5:00 बजे से 9:00 बजे तक गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज के समस्त छात्र-छात्रायें एवं अध्यापकगण, प्रबन्ध समिति, कॉलेज स्टाफ ने सकुशल गरबा का आनन्द लिया एवं रात्रि 9:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक देवी जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें सेजल म्यूजिकल ग्रुप कानपुर द्वारा माता का जागरण सम्पन्न कराया गया। जिसमे कानपुर से कंचन त्रिवेदी, नैना किंकर, कविता, सर्वेश, पं. गौरव आचार्य, शिव तिलकधारी आदि कलाकारों ने माता के जयकारों के साथ अपने मधुर गीत प्रस्तुत किये। मेडिकल कालेज के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन ने समस्त स्टाफ को सकुशल गरबा एवं देवी जागरण को सम्पन्न कराने के लिए व्यवस्थापकों को बधाई दी और भविष्य में इसी तरह के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कराते रहने का छात्र-छात्राओं को आश्वासन दिया।



गरबा नृत्य का आनन्द लेते छात्र-छात्रायें व अध्यापकगण



कार्यक्रम में मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन

# नवरात्रि के सातवें दिन कालरात्रि की हुई पूजा-अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा अर्चना कर परिवार के खुशहाली की कामना की। पूरे दिन मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

रविवार को मां दुर्गा के सप्तम स्वरुप मां कालरात्रि की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

भक्तों ने माथा टेंककर सुख समृद्धि की कामना की। ऐतिहासिक गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों ने भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा अर्चना की और यहां पर लगे मेले में पूजा से संबंधित सामग्री खरीदी। वहीं रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर भक्तों की भीड़ के चलते जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। यहां पर व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में भी पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और मां से मुरादें मांगीं। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ पूजा अर्चना करते देखी गयी। नवदुर्गा के चलते नगर के माहौल आध्यात्मिक बना हुआ है। सुरक्षा के लिहाज से सभी मंदिरों पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। वहीं घरों में व्रत रखे महिलाओं ने देवी जागरण किये।



मठिया देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलायें

## खबरें एक नजर में

### महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का अपने पड़ोसी युवक से प्रेम संबंध चल रहा है। प्रेम संबंधों की जानकारी जब महिला के पति को हुई, तो पति ने महिला को खरी खोटी सुनाई। जिस पर महिला अपने पति को गाली-गलौज कर विवाद करने लगी। विवाद के बाद महिला ने पति को खाना देना बंद कर दिया। रविवार सुबह बाहर बैठे पति को महिला ने घर के अंदर बुलाया। जब पति घर के अंदर गया, तो वहां पहले से ही युवक बैठा था। युवक को अपने घर के अंदर देखते ही दोनों में विवाद होने लगा। जिस पर महिला व युवक ने पति को लाठी-डंडे से मारपीट की। थाना पुलिस को पति ने महिला व युवक से जानमाल का खतरा होने की आशंका पर नामजद तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर पीटा, दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार पीड़ित अरुण कुमार पुत्र स्व0 वेदराम निवासी ग्राम टाडा बहरामपुर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि दिनांक 27.09.25 की दोपहर 12 बजे मैं अपने खेत पर आलू गड़ाने गया था, तभी पड़ोस के खेत के राजीव, संजय पुत्रगण लालाराम, ध्रुव उर्फ गोलू पुत्र रजनेश उर्फ वेदा निवासी टाडा बहरामपुर मेरे खेत की मेड़ को फावड़े से काट रहे थे। जब मैंने मेड़ काटने का विरोध किया, तो राजीव संजय व ध्रुव ने मेरे ऊपर हमला कर दिया। सभी ने मारपीट की। जिससे मैं घायल हो गया। उक्त सभी जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### जिम संचालक ने लगाया अवैध पंडाल, पंजा लड़ाने के नाम पर हारजीत पर चला जुआ

**पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को पकड़ा, मुकदमा दर्ज करने की तैयारी**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के महरुपुर रावी में एक जिम संचालक ने अवैध रूप से जिम के बाहर पंडाल लगाकर पंजा लड़ाने का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मोटा शुल्क वसूला गया और हारजीत पर जमकर दांव लगाए जा रहे थे। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार जिस जिम में यह कार्यक्रम कराया गया वह स्वयं भी अवैध रूप से संचालित हो रही थी। पुलिस अब जिम संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें मारपीट की सूचना मिली थी। जांच में चार लोगों को हिरासत में लिया गया। जिनमें से दो नाबालिग होने पर छोड़ दिया गया। वहीं दो अन्य युवकों का चालान कर दिया गया है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है कि जिम संचालक लंबे समय से अवैध तरीके से गतिविधियाँ संचालित कर रहा था और अब तक पुलिस की नजर क्यों नहीं गयी।

# ग्रामीणों ने खाद वितरण में भेदभाव का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र स्थित साधन सहकारी समिति हुसैनपुर में खाद वितरण में भेदभाव और अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

किसानों का कहना है कि उन्होंने चार से छह दिन पहले खाद वितरण के लिए अपने दस्तावेज जमा किए थे। इसके बावजूद उन्हें न तो खाद उपलब्ध कराई गई और न ही उनकी पासबुक बनाई गई।

मुजहा निवासी कमलेश यादव ने आरोप लगाया कि उनके दस्तावेज चार दिन से जमा हैं। फिर भी पासबुक नहीं बनी और उनकी फाइल भी गायब कर दी गई है।

मुजहा के ही जिल्लेदार ने बताया कि दस्तावेज जमा करने के बावजूद उन्हें न तो खाद मिली और न ही उनके कागज वापस किए गए। एक अन्य ग्रामीण वेदप्रकाश ने कहा कि खाद सिर्फ उन्हीं लोगों को दी जा रही है जिनकी पहुंच है, जबकि आम किसानों को खाद नहीं मिल रही है। इस संबंध में समिति के सहयोगी वीरें जो बिरसिंहपुर निवासी हैंए ने बताया कि जिन लोगों ने पैसे जमा किए थे उन्हें खाद का वितरण किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि समिति में खुलेआम पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा हैए जिससे जरूरतमंद किसान खाद से वंचित हो रहे हैं।



समिति पर मौजूद ग्रामीण

# शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कायमगंज परिसर में यज्ञ के उपरांत शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगत सिंह के जीवन और आर्य समाज के आदर्शों के गहरे संबंध पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए आर्य समाज के प्रधान डॉ0 कुलदीप आर्य ने कहा कि भगत सिंह जिस परिवेश में पले बढ़े, वहाँ आर्य समाज के विचार जीवंत थे। सत्य, निर्भीकता और समाज सुधार का जो संदेश स्वामी दयानंद ने दिया। वहीं प्रेरणा भगत सिंह के क्रांतिकारी जीवन में भी दिखाई देती है।

एस0एन0एम0 इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य अशोक अग्रवाल ने कहा कि आर्य समाज का नारा कृण्वन्तो विश्वमार्यम्ष् हमें समाज और राष्ट्र को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा देता है। भगत सिंह ने अपने बलिदान से इस आदर्श को साकार किया। योगाचार्य श्रद्धानंद ने कहा कि आर्य समाज हमेशा अन्याय और अंधविश्वास के विरुद्ध खड़ा रहा। भगत सिंह ने भी अन्यायपूर्ण शासन के विरुद्ध डटकर संघर्ष किया। यही कारण है कि वे केवल क्रांतिकारी नहीं बल्कि आर्य समाजी विचारों के वास्तविक अनुयायी भी थे। इस अवसर पर संस्कार भारती के ओम दत्त शर्मा ने पंक्तियों के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि दी। आर्य समाज का दीप जले, भगत सिंह का बलिदान अमर रहे माथुर वैश्य समाज की कायमगंज शाखा के अध्यक्ष जय किशन गुप्ता ने एक सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 कुलदीप आर्य, अशोक अग्रवाल, ओम दत्त आर्य, श्रद्धानंद, जय किशन गुप्ता, सत्येन्द्र भारद्वाज, लज्जाराम सहित अनेक आर्यजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भगत सिंह को नमन करते हुए यह संकल्प लिया कि आर्य समाज के आदर्श और शहीदों की प्रेरणा से राष्ट्र उत्थान का कार्य निरंतर करते रहेंगे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद आर्य समाज के लोग

# तम्बाकू व्यापारियों ने बैठक कर वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद को सौंपा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तम्बाकू व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन सी.पी. गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद को सौंपा गया।

बैठक के दौरान सांसद मुकेश राजपूत, भारतीय महिला व्यापार मंडल की प्रदेश चेयरमैन मिथिलेश अग्रवाल एवं जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर के साथ व्यापार मंडलों के अध्यक्षों में आदेश अग्निहोत्री, पवन गुप्ता, संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, अरुण सक्सेना महामंत्री एवं व्यापारी वर्ग के तंबाकू ट्रेड से संजीव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल समेत करीब चार दर्जन व्यापारी मौजूद रहे।

सबने टैक्स से संबंधित तंबाकू पर बात की और एक ज्ञापन भी वित्त मंत्री सीतारमण को संबोधित सांसद के सौंपा। जिससे तंबाकू से संबंधित आ रही कठिनाइयों के संबंध में लिखित रूप से अनुरोध किया गया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने भारत सरकार द्वारा जो जीएसटी में छूट दी गई है उसकी तारीफ करते हुए कहा मध्यम वर्गीय सहित सभी वर्गों का इसमें बचत होगी और दीपावली अच्छी मनेगी। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से जिला अध्यक्ष अग्निहोत्री ने कहा पिछली बार सांसद मुकेश राजपूत ने जो अनुरोध पत्र हमारा स्वीकार करके लखनऊ जयपुर एक्सप्रेस का ठहराव कायमगंज में किया था उसका मैं दिल से आभारी हूँ और मांग की है मरुधर एक्सप्रेस की तरह ट्रेन चलाई जाए जो कासगंज से लखनऊ की ओर चलेगी और अप डाउन रोज ही रहना चाहिए। लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव हो, कुछ नई ट्रेनों को और बढ़ाया जाए जिससे कायमगंज की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके। बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र राठौर, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, पंकज अग्रवाल, संजय गुप्ता, पवन गुप्ता, नगर अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, नगर महामंत्री अरुण सक्सेना सहित अमरदीप दीक्षित जिला मंत्री भाजपा, अशोक वर्मा सांसद प्रतिनिधि आदि लोग उपस्थित थे।



बैठक के दौरान मौजूद सांसद व व्यापारीगण

# कटान से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी का कटान जारी है। जिससे सदर तहसील के ग्राम ठटा की मड़ैया में ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बाढ़ के पानी से घिरे इस गांव में लोग अपने मकानों के गंगा में समा जाने के डर से दरवाजे और रोशनदान तक निकाल रहे हैं।

यहां के ग्रामीणों ने बताया कि अब तक करीब 20 मकान गंगा की धारा में कट चुके हैं। बचे हुए मकानों को भी खतरा है। जिसके चलते लोग अपने घरों से कीमती सामान और दरवाजे रोशनदान निकालकर सुरक्षित कर रहे हैं।

गांव निवासी होते लाल राजपूत ने बताया कि स्थिति बेहद गंभीर है और गंगा दिन रात कटान कर रही है। उन्होंने कहा घरों में छोटे-छोटे बच्चे हैं। हर समय डर लगा रहता है। गांव तक आने-जाने का रास्ता भी कट चुका है। जिससे दिन में नाव के सहारे आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन से मुआवजे के साथ रहने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के चारों तरफ पानी भरा हुआ है और बाढ़ के कारण सड़क भी कट गई है। उन्होंने रास्ते के साथ-साथ बांध बनाने की भी अपील की। बताया गांव में विद्यालय बना हुआ था वह भी धराशाई हो चुका है। इससे विद्यार्थियों का भविष्य भी चौपट हो गया है।



गंगा में कट रहा मकान

### दबंगों ने युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका निवासी सभासद मौजीलाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसका बेटा परवेज मोहल्ले में खड़ा था। उसके मोहल्ले के विजय ने उसके साथ गाली-गलौज कर लात-घूसों से मारापीटा।

पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर परवेज का मेडिकल परीक्षण करवाया।

# मकान की छत का लेंटर गिरने से तीन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मकान की छत का लेंटर गिरने से तीन तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज के ग्राम गुठिना में रविवार को अभिषेश कुमार अपने मकान की दूसरी मंजिल पर लेंटर डलवा रहे थे।

काम के दौरान अचानक शटरिंग खिसक गई। जिससे पूरा लेंटर भरभराकर नीचे आ गिरा। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद संतोष कुमार, सत्यपाल और अमरकेश लेंटर के मलबे में दब गए। उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां सभी का उपचार जारी है।



गिरा लेंटर

# श्री आदर्श रामलीला परिषद की बैठक सम्पन्न, पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को श्री आदर्श रामलीला परिषद की बैठक रामलीला प्रांगण पुरानी तहसील में सम्पन्न हुई। लगभग चार घंटे चली इस बैठक में सर्वसम्मति से परिषद के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

बैठक में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामदुलारे अवस्थी को पुनः अध्यक्ष चुना गया। मुख्य मेला प्रबंधक की जिम्मेदारी सुनील अवस्थी और राजेश पाठक (पीकू भैया) को सौंपी गई। मुख्य व्यवस्थापक पद पर प्रशांत अवस्थी और गोपाल सक्सेना का चयन किया गया। सहायक मेला प्रबंधक के रूप में शिवम पाठक, जितेंद्र अवस्थी (शीलू), गौरव शर्मा, चंदन शुक्ला, प्रदीप सिंह, अजय प्रताप सिंह (निक्कू), मोहित पाठक और मुकुल बाजपेई को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे। प्रमुख रूप से रामदुलारे अवस्थी, जितेंद्र अवस्थी शीलू, महेश चंद्र अवस्थी, सुरेश चंद्र पाठक, ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी, लल्ला पाठक, देशराज अग्निहोत्री, कुंज बिहारी अवस्थी, प्रभात शुक्ला, दीपक पाठक, अर्चित, गोविन्द पटवा, सुनील अवस्थी, पीकू पाठक, निशांत अवस्थी, निक्कू सिंह, प्रशांत अवस्थी, अशोक यादव फौजी, रोहित अवस्थी, सर्वेंद्र यादव, पिंकी अवस्थी, मुकुल बाजपेई, राजन सिंह, शिवम् अवस्थी, अन्नूए सचिन, नन्हें, सोनू, भोले, मोहित व संजीव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन भव्य स्तर पर किया जाएगा और परंपरागत रीतिरिवाजों के साथ श्रद्धालुओं को श्रेष्ठ धार्मिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन सभागार में 06 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना, उन्हें सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित करना और महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जागरूक करना था।

चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी सुरक्षा, बाल अधिकार आदि विषयों पर अपने विचारों को रंगों के माध्यम से सुंदर चित्रों में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आरती सिंह रहीं। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में छुपी रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता ही एक सशक्त समाज की नींव है।

मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रमों से बच्चों को सकारात्मक दिशा मिलती है। प्रतियोगिता के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार और उपहार प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को मिठाई और पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे व मौजूद एसपी व सीओ आदि

# पुलिस ने दो आरोपियों को तमंचा व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर पुलिस रात्रि गश्त व चेकिंग संदिग्ध वाहन व व्यक्ति के दौरान 02 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बो के साथ 02 नफर अभियुक्तगण अजीम खान पुत्र नईम खान निवासी रायपुर खास थाना कायमगंज, मुशाइद पुत्र नियाज अहमद निवासी रायपुर खास थाना कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# हमारे समाज के युवा नेता नहीं एसपी-डीएम बनें : अमर पाल लोधी

**खंडकाव्य मेंहदी में तलवार का हुआ लोकार्पण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवभारत सभा भवन में आयोजित समारोह खंडकाव्य, मेंहदी में तलवार का भव्य लोकार्पण किया गया। अध्यक्षता प्रो. महेशचंद्र वर्मा ने की तथा संचालन उत्कर्ष अग्निहोत्री व संतोष संगम ने किया।

कार्यक्रम में साहित्यकारों, अधिकारी वर्ग, राजनेता तथा साहित्य प्रेमियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर भारत सरकार अमरपाल सिंह लोधी ने कहा कि कल्पनाओं की उड़ान एक साहित्यिक ही कर सकता है और कोई नहीं। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के शौर्य पराक्रम को इस खंडकाव्य में 1857 की प्रथम अमर शहीद रानी के मेंहदी लगी हाथों में तलवार लेकर अंग्रेजों को छक्के छुड़ाते हुए बलिदान को लिखा गया है। इस खंडकाव्य को युवा पीढ़ी को पढ़कर आत्मसात करना चाहिए, हम लोग गद्य को शीघ्र ही भूल जाते हैं, लेकिन काव्य के रूप में रचनाएं याद रहतीं हैं। उन्होंने कहा हमें नहीं चाहिए सीएम पीएम, हमें चाहिए एसपी-डीएम, समाज में युवा पीढ़ी जुआ नशा शराब पीकर गर्त में जा रही है, जिसके नशा मुक्ति के लिए सभी सामाजिक संगठनों को चिंता करनी चाहिए। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि रानी अवंतीबाई के बलिदान को इतिहासकारों ने उजागर नहीं होने दिया, जबकि रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य पराक्रम से कम नहीं था। पूर्व सांसद प्रो रामबक्स वर्मा ने कहा कि रानी अवंतीबाई की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, ताकि बच्चों को जानकारी मिल सके। अभिवावकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में महापौर शाहजहांपुर अर्चना वर्मा, लोधी महासभा महामंत्री परशुराम वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह यादव, साहित्यकार अनन्या राजपूत, अमरपाल अमर, ब्रजकिशोर सिंह किशोर, डा0 राजपाल सुमन, लक्ष्मीकांत अहिरवार, पुनीत राजपूत, डा0 विवेक, सच्चिदानन्द लोधी, रामगोपाल वर्मा, नबाव सिंह, जनार्दन दत्त, ओमप्रकाश राजपूत, अरविन्द राजपूत, आनन्द राजपूत, राहुल राजपूत, वीरभान सिंह, जसवंत सिंह, मनमोहन सिंह, वीरपाल सिंह, आनन्द लोधी, हिमांशु लोधी, शिवकुमार लोधी, डा0 आशीष, डा0 अनुज सिंह, डा0 गौतम लोधी आदि मौजूद रहे।


पुस्तक का लोकार्पण करते मंचासीन अतिथि

## अमर पाल लोधी का श्याम सुंदर लल्ला ने किया जोरदार स्वागत


जॉइंट कमिश्नर का स्वागत करते श्याम सुंदर लल्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार जॉइंट कमिश्नर अमरपाल सिंह लोधी का मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सुंदर लल्ला पूर्व सभासद ने अपने निवास पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उनके निवास पर लोगों ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने शिक्षा को लेकर विशेष चर्चा की और कहा कि समाज के बच्चों को कैसे शिक्षित बनाया जाए एवं उनको आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाए जो आर्थिक रूप से अच्छा है बच्चे हैं, उनकी हर तरीके से मदद की जाए। स्वागत के दौरान मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडे, नगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा शिवम वर्मा, सभासद विश्वनाथ राजपूत, गौतम कुमार, अभिषेक अग्निहोत्री, बाबू सभासद, नन्हे पंडित, ज्ञानेंद्र राजपूत, रविंद्र राजपूत, दीप सिंह राजपूत, डॉ0 सत्यम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## भाकियू टिकैत गुट की मासिक बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महापंचायत की सफलता बतायी गई। अरविन्द शाक्य ने कहा कि 6 अक्टूबर को बाबा महेन्द्र टिकैत का जन्मदिवस कलेक्ट्रेट में मनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि 22 सितम्बर को जो ज्ञापन दिया था, उन समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जायेगा।

इस मौके पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, अभय यादव, राजेश गंगवार, अरविंद गंगवार, अजयपाल यादव, रामप्रकाश पाल, अशोक शाक्य, अनुज राजपूत, राजीव, शिवराम शाक्य, पवन जोशी, अंकेश गंगवार, अजीत सिंह सोमवंशी, संजय कुमार, सुनील यादव, राघवेंद्र सिंह, सुलभ गंगवार, आर्यांश गंगवार, हेमंत शाक्य उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### भगत सिंह का मनाया गया जन्मदिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने शहीदे आजम भगत सिंह का जन्मदिवस मनाया। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। इन्कलाब जिंदाबाद के नारे लगाये गये। शिवाजी कटियार ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि आजादी के महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह का योगदान स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर रामनारायन मिश्रा, पृथ्वीनारायन, नरेन्द्र शर्मा, डा0 मेंहदी हसन, ओमप्रताप सिंह मौजूद रहे।

### बाइक सवार ने स्कूटी में मारी टक्कर, दो घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिठाई लेकर वापस आते समय दबंग ने बाइक से स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे दो भाई गंभीर रुप से घायल हो गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली फतेहगढ़ के सिविल लाइन निवासी निर्दोष कुमार पुत्र स्वर्गीय राम सेवक कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मैं व छोटा भाई निर्मल सिंह शाम के समय बाजार गये थे, वहां एक मिष्ठान भंडार से मिठाई लेकर वापस घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में सुशील कुमार उर्फ पिंकू फौजी ने अपनी बुलेट बाइक से मेरी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे मैं व मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां पर लगे एक रेस्टोरेंट में सीसीटीवी फुटेज में घटना की वीडियो मेरे मोबाइल में है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी कई बार मेरे साथ घटना कर चुके है तथा कई बार जान से मारने की भी कोशिश कर चुके है। अगर मेरे साथ व मेरे परिवार के साथ कोई घटना घटित होती है, जिसकी जिम्मेदारी सुशील कुमार की होगी। आरोपी पर पहले से मुकदमे दर्ज है।

## खानपुर पंचायत में अन्नपूर्णा भवन का सदर विधायक ने किया उद्घाटन


किसान को सामग्री देते सदर विधायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खानपुर पंचायत में अन्न पूर्णा भवन (राशन कोटा दुकान) का सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्राम प्रधान कुमुद शुक्ला द्वारा कराये गये गुणवत्तापूर्ण विकास देख सदर विधायक ने गांव मे कराये गये गुणवत्ता व बेहतर सुदंरीकरण की जमकर सराहना भी की।

बढ़पुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानपुर में अन्न पूर्णा भवन ग्राम प्रधान कुमुद शुक्ला पति रामवीर शुक्ला ने निर्मित कराया है। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा कि अन्न पूर्णा भवन बनाने का उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इससे पात्र लाभार्थी को मुफ्त अनाज योजना का लाभ लेने के लिये और कही चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

डीएसओ सुरेन्द्र यादव ने कहा कि पात्र कोई भी व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित नही रहेगा। पूर्ति निरीक्षक की टीमे लगातार खाद्यान्न वितरण की मानिटरिंग कर रही है। इस मौके पर अमन दुबे, अमित चौधरी, संतोष राजपूत, राधव शुक्ला, अरूण पांडेय, शिवम मिश्रा, नीलेश दीक्षित, रघुमंगल यादव आदि मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में निखिल, शांतनु, रिशु व श्वेता ने मारी बाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुभारम्भ प्रधानाचार्य डा0 विनीत कुमार चौहान व सह संयोजक रजिन्द्र सिंह कुशवाहा ने दौड़ प्रतियोगिता में हरी झण्डी दिखाकर किया। 3000 मीटर बालक वर्ग दौड़ में निखिल राजपूत प्रथम, अरशद खान द्वितीय रहे। प्रधानाचार्य ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। निर्णायक मण्डल में देवेन्द्र कुमार, प्रवेश रत्न शाक्य, सतेन्द्र सिंह, दीपावली कुमार, राकेश कुमार, आरती यादव, केशव गंगवार, सुब्रत शाक्य, सुनील पाल, नेहा भारद्वाज, अनिकेत कुमार, रजनीश शिवा, ऋतु मिश्रा, इंजाज अहमद, राहुल यादव, अनुराग पटेल, प्रशुभ गुप्ता, धनश्याम बिंद, देवनारायन सिंह, मनीषा यादव, कुलदीप सिंह, अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी, धनंजय कुमार आदि ने व्यवस्था देखी। लेखा विभाग में कृष्ण स्वरुप, डा0 सीता सिंह, अनुज मिश्रा, अमिताब सिंह, पवन कुमार, सुनील राठौर, मोहित कटियार,


लम्बी कूद में प्रतिभाग करता छात्र

अनिल शाक्य, अर्नुज दीक्षित विशेष कुमार, नीरज कुमार, अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, मुदित द्वितीय रहे। ऊंची कूद में सुधांशु प्रथम, अमन द्वितीय रहे। जूनियर बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़ में शांतनु प्रथम, शिवमोहन द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में अंकित सिंह प्रथम, अनिकेत द्वितीय रहे। जूनियर बालक ट्रिपल जंप में अभिषेक प्रथम, ओम द्वितीय रहे। सीनियर वर्ग ट्रिपल जंप में सुमित कुमार प्रथम, शोभित द्वितीय रहे। बालिका वर्ग सीनियर 300 मीटर दौड़ में रिशु प्रथम, सुरीली द्वितीय रही। 100 मीटर दौड़ में रमा देवी प्रथम, आरती द्वितीय रही। 300 मीटर बालिका जूनियर वर्ग दौड़ में श्वेता प्रथम, दीपांशी द्वितीय रही। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में सृष्टि प्रथम, राजुल यादव द्वितीय रही। सब जूनियर 100 मीटर दौड़ में प्रतिक्षा प्रथम, प्रिंसी द्वितीय रही। सब जूनियर 400 मीटर दौड़ में नैन्सी प्रथम, प्रतिक्षा द्वितीय रही।

## उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की कमेटी का हुआ विस्तार


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**सोनी शुक्ला ने जिला संयुक्त महामंत्री अनीता शर्मा को बनाया**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने अपनी कमेटी का विस्तार किया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सीता भदौरिया के बालाजी पुरम आवास पर बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सोनी शुक्ला ने संगठन को मजबूत करने की बात कही और महिलाओं को व्यापार में आ रही समस्याओं का निराकरण कराने व जनहित की समस्या को प्रशासन स्तर पर निदान कराने पर जोर दिया। सोनी शुक्ला ने अपनी महिला मोर्चा कमेटी का विस्तार करते हुए जिला उपाध्यक्ष माला चौधरी व नेहा मिश्रा, लवली सिंह सोमवंशी को बनाया है। वहीं जिला संरक्षक मधुबाला पांडे बनायी गई।

जिला संयुक्त महामंत्री की जिम्मेदारी अनीता शर्मा को दी गई। फतेहगढ़ नगर महामंत्री पूजा कश्यप बनी। सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर यशोदा सिंह, प्रीति गुप्ता, माला कटियार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मानवाधिकार ने मनायी क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के तत्वाधान में अमर शहीद क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की 118वीं जयंती बद्रीविशाल महाविद्यालय में दीप प्रज्वलित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनायी गई। संगठन में कानपुर मण्डल अध्यक्ष प्रीती तिवारी को बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। पूर्व सभासद रामजी बाजपेयी ने कहा कि युवाओं को भगत सिंह के आदर्शों पर चलना चाहिए। डा0 निधि मिश्रा व डा0 रुबी चतुर्वेदी ने भगत सिंह के योगदान को याद किया। राकेशानंद ने कहा कि क्रांतिकारियों का योगदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा कि


भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

सरकार क्रांतिकारियों की प्रतिमा लगवाये और उनकी स्मृति हमेशा संजोये रहे। प्रदेश महासचिव नारायन दत्त द्विवेदी ने कहा कि भारत के लाल भगत सिंह ने ब्रिटिश शासन की नीव हिला दी, वह एक योद्धा थे, उन्हें शत-शत नमन् करता हूं। जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि भगत सिंह ने जलिया वाला बाग हत्याकाण्ड से प्रभावित होकर देश की आजादी का रास्ता चुना। इस मौके पर जगदीश प्रसाद वर्मा, कुलभूषण श्रीवास्तव, गौरव मिश्रा, शिवम त्रिपाठी, सुनीता अग्निहोत्री, राजगौरव पाण्डेय, अनुपम अवस्थी, अमित श्रीवास्तव, मन्नूलाल वर्मा, मनोज कश्यप, शिवम दीक्षित, आशू पाठक, प्रशांत मिश्रा, भास्कर अग्निहोत्री, शिवम त्रिपाठी, गुड्डी देवी, संगीता अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसकी 14 वर्षीय बेटी सुबह खेत में शौचक्रिया करने के लिए गयी थी। उसी दौरान वहीं पर गाँव के अभिषेक पुत्र सुशील कुमार दुबे ने उसकी नाबालिग बेटी को पकड़कर छेड़छाड़ व जान से मारने की कोशिश की। जब मेरी बेटी ने चीखने चिल्लाने का प्रयास किया, तो अभिषेक ने उसकी नाबालिग बेटी के कन्धे पर काट लिया। जिससे उसके खुली चोट आई। आवाज सुनकर गाँव के बलवीर पुत्र गुरुदयाल वहाँ पहुंचे। उन्हें देखकर अभिषेक मौके से भाग गया। उसके बाद मेरी बेटी को बलवीर घर लेकर आये। मेरी बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। जिस पर डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौक पर पहुँची पुलिस अभिषेक को पकड़कर कोतवाली ले आई।

## ब्रह्माकुमारी केंद्र खतराना में मनाया नवरात्रि महापर्व

**माता के स्वरूपों की आरती उतारकर की गई पूजा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खतराना स्ट्रीट स्थित सेवा केंद्र में नवरात्रि महापर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नौ देवियों की झांकी सजाई गई। जिसमें परी, नित्या, वंशिका, गौरी, तेजल, काजल, आकक्षा, प्रगति, जानवी ने देवी के स्वरूप को धारण किया। मुख्य अतिथि राज योगिनी बीके सुमन ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव बाबा इस सृष्टि के रचयिता है तो उसे रचना में शक्ति का संचार करने वाली जगत जननी जगदंबा मां है, शिव और शक्ति दोनों ही जगत के नियता है। समाजसेवी


कार्यक्रम को सम्बोधित करते डॉ. मनोज महरोत्रा

डॉ0 मनोज महरोत्रा ने नवरात्रि पर शक्ति के रहस्य पर विचार व्यक्त किए। केंद्र संचालिका बीके दीपिका बहन ने नौ देवियों के स्वरूपों के रहस्य को बताया। उन्होंने स्वयं कल्याण एवं जगत कल्याण पर बात कही। बीके ज्योति बहन ने सभी का स्वागत किया। बेबी जानवी ने स्वागत नृत्य किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व्यापारी नेता संजय गर्ग ने कहा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सही रूप से समाज में चरित्र निर्माण एवं व्यसन मुक्त बनाने की सेवा कर रहा है। ब्रह्माकुमारी भारत को आध्यात्मिक जगत गुरु सोने की चिड़िया बनाने का कार्य कर रही है। बीके सुमन बहन, प्रियंका ने विचार व्यक्त किए। बीके संतोष, रमा, रजनी, खुशीराम, ईश्वर, हुकुम सिंह, सत्येंद्र सिंह, कमलेश, मधु बहन, ममता आदि लोग उपस्थित रहे।

## हवन-पूजन के बीच हुआ पार्वती क्लीनिक का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास में पार्वती क्लीनिक का शुभारंभ हवन पूजन के बीच हुआ। शास्त्री सिद्ध गोपाल ने विधिवत हवन पूजन कर क्लीनिक का शुभारंभ किया।

चिकित्सक अमरनाथ गुप्ता ने आए मरीजों का परीक्षण कर उनका विधिवत उपचार किया। अमरनाथ गुप्ता ने लोगों को सलाह दी है कि इस समय मौसम बदल रहा है। इसलिए सर्दी, जुकाम, खांसी, वायरल फीवर, मलेरिया फीवर आदि के मामले ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने लोगों को ऐसे


मरीजों को देखते डॉ0 अमरनाथ गुप्ता

मौसम में विशेष एतियात बरतने की सलाह दी। इस मौके पर डॉ सौरभ चौहान, सोनू सोलंकी, आयुष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सतपाल महाराज की प्रेरणा से सेवा पखवाड़ा के तहत रोडवेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वछता अभियान अपर्णा बाई के सानिध्य में फर्रुखाबाद बस स्टैंड पर चलाया गया। वहीं आश्रम के आसपास इलाकों को भी साफ-सफाई की गई। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक भी किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर जय सिंह, सुनीता, विशुन दयाल, हरिराम, आसाराम, उदय पाल,


स्वच्छता अभियान में भाग लेते लोग

शिवराम शर्मा, दिवारी लाल, कनिश, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, राजेंद्र, दीक्षिता, वीर चौहान, शकुंतला, सज्जन, सुरेश कुमार के साथ ही बस स्टैंड कर्मचारी उदय सिंह, निलेश कुमार, दाताराम आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने कार्यक्रम स्थल तैयारियों का लिया जायजा

**सातनपुर मण्डी में 30 सितम्बर को होगा दिव्यांगजन उपकरण वितरण**


निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने सातनपुर मंडी पहुंचकर 30 सितंबर को एलिम्को कानपुर द्वारा आयोजित होने वाले दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया।

डीएम ने सभी तैयारियों को 29 सितम्बर की शाम तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व एलिम्को के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## रामबारात में महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन उ0नि0 संदीप कुमार मय हमराही कांस्टेबिल सचिन कुमार के साथ थाना हाजा में गश्त कर रहे थे। जब वह हमराही के साथ बातचीत करते हुए गंगागली की तरफजा रहे थे, तभी गंगा गली के किनारे पर खड़ा एक व्यक्ति रामबारात में आने जाने वाली महिलाओं से अश्लील फब्तियां कस रहा था। अभियुक्त को गंगागली के मोड़ पर घेरकर पकड़ लिया। नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम अंकित नाथ पुत्र रतन नाथ निवासी ग्राम बरौली थाना इन्दरगढ़ जिला कन्नौज बताया।

## विश्व नदी दिवस पर नदियों को बचाने का लिया गया संकल्प



गंगा समग्र कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व नदी दिवस पर गंगा समग्र के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गंगा समग्र के जिला संयोजक आदित्य दीक्षित ने कहा कि नदियां केवल जलधारा नहीं है, बल्कि जीवनदायिनी है।

हम हिन्दू सनातन संस्कृति में नदियों को पूजते है और प्रमुख नदियों को देवी मानते है। उनकी आंचल की स्वच्छता ही हमारा कर्तव्य है। देश में पर्यावरण को बचाने का कार्य गंगा समग्र व नदियों की स्वच्छता का जागरण अभियान पूरे देश में चल रहा है। संतों ने मां गंगा के तट पर साधना की है और उनके जल में ही जीवन है। इस मौके पर प्रीती तिवारी, सुनीता तिवारी, डा0 निधि मिश्रा, कुलभूषण, अमित, रमेश कश्यप, सुनील गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से शिक्षक से ठगे साढ़े पांच लाख

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड टीचर्स कॉलोनी निवासी जयवीर सिंह जो की जनता इण्टर कालेज रसीदाबाद तिवारियान मे शिक्षक के पद पर कार्यरत है। उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके मोबाइल पर 11 अगस्त को एक संदिग्ध नंबर से फोन आया।

कॉलर ने खुद को क्राइम ब्रांच मुंबई का अफसर बताते हुए आरोप लगाया कि उनके नाम और आधार से जारी सिम से हरेसमेंट, इन्लीगल मैसेज आदि करने का आरोप लगाया और कहा उसके खिलाफ रोजाना 50 से अधिक एफआईआर दर्ज हो रही हैं। इसके बाद व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर पुलिस अफसर के रूप में एक व्यक्ति ने उनसे बातचीत की और उन्हें पत्नी सहित डिजिटल अरेस्ट कर लिया।

ठगों ने पीड़ित पर नरेश गोयल के साथ मनी लॉन्ड्रिंग करने और मुंबई के केनरा बैंक में खाता खोलकर बेचने का आरोप लगाते हुए कागजात भेजे। साथ ही आधार कार्ड दिखाने, सेल्फी व हस्ताक्षर भेजने और व्हाट्सएप पर फॉर्म भरने के लिए विवश किया। डर के माहौल में पीड़ित ने 12 अगस्त को अपने एसबीआई खाते से 2 लाख रुपये से अधिक की रकम बालोत्रा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक राजस्थान में ट्रांसफर की। वहीं 13 अगस्त को 3.50 लाख रुपये इंडसइंड बैंक जयपुर के खाते में आरटीजीएस के जरिए भेज दिए।

इस तरह दो दिनों में कुल 5.50 लाख रुपये खाते से निकल गए। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद कोतवाली कायमगंज में भी तहरीर दी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मेरी पत्नी स्व0 राजेश्वरी देवी के एलआईसी पॉलिसी सं. 265886455 में नॉमिनी जवाहरलाल अंकित है,जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम जबर सिंह दर्ज है, जो सही है। जवाहरलाल उर्फ जबर सिंह एक ही व्यक्ति के नाम है।

**जवाहरलाल उर्फ जबर सिंह निवासी ग्राम पंचायत नरसिंहपुर, ब्लाक कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू ब्लाक मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/2025-26 — **नीलामी सूचना** — दिनांक 28/09/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू में संचालित स्थाई/अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में निराश्रित गौवंशों से उत्पन्न अपशिष्ठ (गोबर) की नीलामी हेतु निविदा दिनांक 29/09/2025 से दिनांक 05/10/2025 तक आमंत्रित की जाती है, जो 05/10/202 सायंकाल को 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू में नीलामी की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय (गौशाला) सितवनपुर पिथू नियति तिथि एवं समय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी कार्यवाही/बोली लगाने से पूर्व बोली दाताओं द्वारा जमानत धनराशि के रुप में 10000 रु0 की अग्रिम धनराशि प्रत्येक बोलीदाताओं को जमा करना अनिवार्य होगा। बोली दाताओं में से नीलामी बोली के उपरान्त सर्वोच्च बोली वाले बोलीदाता को बोली की कुल धनराशि तत्समय जमा करना अनिवार्य होगा एवं निराश्रित गौवंशों से अपशिष्ठ (गोबर) सात दिन में उठाना आवश्यक होगा। बोलीदाता बोली लगाने से पूर्व ग्राम सितवनपुर पिथू में स्थिति गौशाला में निराश्रित गौवंशों से उत्पन्न अपशिष्ठ (गोबर) का आकलन कर लें। बोली संतोषजनक न होने पर अधोहस्ताक्षरी/समिति द्वारा नीलामी कार्यवाही निरस्त की जा सकती है। नीलामी शर्तों की जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय कार्यदिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव** — अवधेश कुमार, ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू
**प्रधान** — शेर बहादुर सिंह, ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू

# सीखड़ की रामलीला देखने उमड़ रही भक्तों की भीड़

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के सीखड़ बाजार में प्राचीन रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे पंद्रह दिवसीय रामलीला के आठवें दिवस का मंचन राम जानकी मंदिर अस्पताल पर हुआ। भगवान श्री राम भाई लक्ष्मण माता सीता सहित मुनि अगस्त के आश्रम पर जाना वहां माता अनसुईया द्वारा मां सीता को नारी धर्म का उपदेश देने तदुपरान्त जयंत पुत्र काग भूसुंडी ने माता सीता के चरण में चोच मारना माता सीता के चरण से बहते खून को देख भगवान श्री राम ने सीक के बाण का अनुसंधान कर कौए का एक आंख फोड़ना उसके बाद सरभंग मुनि के आश्रम मे पहुचे जहां भगवान का दर्शन कर मुनि ने देह त्याग दिया आदि लीला का मंचन हुआ।

इस दौरान व्यास धैर्य नारायण मिश्र, समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष मुकेश पांडेय सौरभ, श्रृंगारिया रिंकू मिश्रा, प्रबंधक अभय शंकर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, रतन पांडेय, योगेश्वर त्रिपाठी, गुड्डू पांडेय, धनेश मिश्रा, मिन्टू त्रिपाठी, शर्मा पांडेय, पंकज शुक्ला, कल्लू पाठक, धीरज चतुर्वेदी, दीपू पांडेय, सचिदानंद मिश्रा, नरेश त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, सूरज मौर्य, घरवारू मिश्रा, सहनाई वादक बाके लाल बनारसी सिंह सहित सैकड़ों संख्या में मेला प्रेमी उपस्थित रहे।

## साधु भेष में रावण ने किया सीता हरण



**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर में श्री राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा आयोजित इक्कीस दिवसीय रामलीला में शनिवार की रात खरदूषण का वध, रावण सुपर्णखा संवाद, रावण मारीच संवाद, सीता हरण, श्रीराम विलाप, जटायु मोक्ष आदि का भव्य मंचन किया गया। लीला में रावण साधु का रूप धारण कर आता है और माता सीता से भिक्षा मांगता है और लक्ष्मण द्वारा खिचें गए रेखा से बाहर आकर भिक्षा देने की बात कहता है जैसे ही सीता रेखा से बाहर आती है वह सीता का हरण कर लेता है। लीला मंचन को देख लीला प्रेमियों की भारी भीड़ से मैदान भरा हुआ था। इस दौरान अविनाश अग्रवाल, लक्ष्मीकांत पांडेय, रमाशंकर पांडेय, संजय साहू, माखन लाल, मदन गुप्ता, महेन्द्र साहू, चन्द्रहास गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, बृजनंदन कुशवाहा, रामआसरे दास, शंकर शर्मा, श्यामसुंदर शाह आदि प्रमुख सहयोग में लगे रहे।

## मां दुर्गा के पंडाल सजे, भक्तों की उमड़ी भारी भीड़, पुलिस रही मुस्तैद



**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ के ग्रामीण इलाकों में मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में सजा दी गई है जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ हो रही है। नव दुर्गा पूजा समिति नौडिहवा के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहां की मां दुर्गा के पंडाल में आए सभी भक्तगण मां की आरती और प्रसाद जरूर ग्रहण करें। इसके अलावा गांव के ही बाबू नंदन सिंह, गणेश सिंह, विनय सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, छोटु, शुभम और पुजारी राजकुमार सिंह रहे। राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के नौडिहवा, धनसीरिया, सतौहा, निकरिका, सेमरा बरहो, रामपुर बरहो, खोराडीह, नदिहार, राजगढ़, कुड़ी, बड़वा महादेव मंदिर, रामपुर शकतेशगढ़, भावा, लगभग 83 ग्राम पंचायत की गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हो गई है। ग्रामीणों के भीड़ ज्यादा होने और पुलिस भी ग्रामीण इलाकों में ग्रस्त लगा रही है। इसके अलावा कोई अप्रिय घटना ना घटे पुलिस ग्रामीणों से सहयोग भी ले रही है। नदिहार धनसीरिया की मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु भटवारी गांव में रविवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर व पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत छात्र छात्राओं महिलाओ को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया व महिलाओ के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है।

टीम में मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या, महिला कांस्टेबल पूजा चौहान, सलोनी दिवाकर रही।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता के गुमशुदगी की थाने में दी तहरीर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी तुलसी पटेल ने रविवार को थाने में तहरीर देकर विवाहिता पुत्री के गुम होने पर कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की पुत्री धनवती की शादी लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव गांव में किया है बीते 21 सितंबर की शाम चार बजे घर से शौच के लिए घर से बाहर गई तब से वापस नहीं आई काफी खोजबीन करने के बाद भी विवाहिता पुत्री का पता नहीं चलने पर सूचना दे रहा हूं। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की विवाहिता लालगंज थाना क्षेत्र से गुम हुई है। लालगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज हुई है फ़िर भी मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### ट्रकों की भीड़ंत में एक चालक की मौत

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र समसपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक कि चपेट में आने से दूसरे ट्रक चालक की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह समसपुर पेट्रोल पंप के पास सुबह की बताई गई। जानकारी के अनुसार सतना से ट्रक में सीमेंट लोड कर वाराणसी के हरहुआ जा रहे ट्रक चालक मध्य प्रदेश के ताला मैहर थाना क्षेत्र के विदुही खुर्द निवासी 48 वर्षीय शिवपाल केवट पुत्र राम निवास केवट का समसपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक व चालक पुलिस के कब्जे में है। ट्रक का डीजल खत्म होने पर चालक शिवपाल गैलन लेकर पेट्रोल पंप पर डीजल लेने गया था। वह डीजल लेकर जैसे ही एनएच 35 पर पहुंचा की पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंदते हुए भाग निकला। पंप कर्मियों ने ट्रक का पीछा कर ट्रक व चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दिया। कोतवाली पहुंचा मृत चालक का भांजा झारखंड ने पोस्टमार्टम कि कार्यवाही के लिए पुलिस को लिखित तहरीर दिया। पुलिस विधिक कार्यवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। झारखंड ने बताया कि मृतक दो भाई में बड़ा था तथा दो पुत्र एक पुत्री है। एक पुत्र और पुत्री का विवाह कर दिया है। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि ट्रक चालक की मौत हुई है।

### जिला अस्पताल प्रशासन ने यमराज के हाथों से योगेन्द्र को छुड़ाया

- डॉ. उदयभान व डॉ. विकास के कार्यों से चिकित्सकों को सीख लेनी चाहिए

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति को जिला प्रशासन सीएमएस डा.संजय के नेतृत्व बिहार के विक्षिप्त व्यक्ति को यमराज से लडकर जीवन बचाया। बताया जाता है कि बिहार के पटना जनपद के मितौली थाना क्षेत्र के सरवा निवासी योगेन्द्र मानसिक रूप से विक्षिप्त था, वह किसी तरह से महराजगंज आ गया था। वह वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। चोट के चलते उसके पैर में कीड़े पड़ गए। किसी तरह वह जिला अस्पताल पहुंच गया। इमरजेंसी के सामने जमीन पर पड़े विक्षिप्त पर नजर अस्पताल प्रशासन की पड़ गई। टूटे हाथ का ऑपरेशन और कीड़े पड़े पैर की सर्जरी कर वार्ड में भर्ती किया। बिहार की आवाज सुनकर उस राज्य की निवासी डॉक्टर ने बिहार सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल कर दिया। तीन माह पर अस्पताल पहुंचे परिजन उसे घर ले गए। विक्षिप्त योगेन्द्र के कराहने की चिल्लाने की आहट सुनकर जब सीएमएस की नजर गेट पर पड़े योगेंद्र पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल कर्मचारियों को उसे वार्ड में भर्ती करने का निर्देश दिया। सर्जन डॉ. उदयभान ने सड़े पैर का ऑपरेशन कर इलाज शुरू किया। आर्थो सर्जन डॉ. विकास कुमार ने उसके टूटे हाथ ऑपरेशन कर प्लास्टर लगाकर सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया। बिहार का नाम सुनते ही डॉ. एवी त्रिपाठी ने उसका फोटो लिया और अपनी पत्नी डॉ.अनीता त्रिपाठी को भेज दिया। डॉ.अनीता ने बिहार सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर दिया, जिससे उसके घर वाले यहां पहुंचे। इस मौके पर सीएमएस डॉ. एके द्विवेदी, हास्पिटल मैनेजर डॉ. अंबर इस्लाम हक और स्टाफ नर्स किरण मौजूद रही।

### प्रो. यूपी सिंह के निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह के निधन पर गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज एवं दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज चौक बाजार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ. रामपाल यादव, इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. हरिन्द्र यादव तथा बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सपना सिंह ने कहा कि प्रो. यूपी सिंह का शिक्षण संस्थाओं से गहरा नाता रहा। उनके आगमन से सदैव ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। उनके मार्गदर्शन में संस्थाएं निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस ने छह शोहदों को किया गिरफ्तार



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व थाना हलिया पुलिस द्वारा रविवार को चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन के दौरान दो गांवो मटिहरा से मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रमाशंकर मय हमराह हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर ने राम नारायण, जयप्रकाश, देवदत्त, शिव प्रकाश, सत्य प्रकाश को व गुर्गी गांव से एसआई हंसराज यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल नर्वेश मिश्रा के साथ नीरज मौर्य अभियुक्तध्शोहदो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। कार्रवाई व गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई रमाशंकर कांस्टेबल राजेश मौर्या, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर, पूजा चौहान रही। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत दो गांवो से छह अभियुक्तध्शोहदे को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

## देवी देवताओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 लल्लन प्रसाद के प्रार्थना पत्र पर बावत विपक्षी द्वारा इस्ट्राग्राम के माध्यम से सोशल मीडिया पर देवी देवताओ के रूप में एक महिला को अश्लील डान्स कराते हुए अभद्र टिप्पणी करना व इस्ट्राग्राम पर स्टोरी लगाकर वायरल करना जिससे हिन्दू धर्म के लोगो की भवनाओ को काफी ठेस पहुचाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर आई0टी0एक्ट बनाम अकरम अंसारी पुत्र जाकिर अंसारी निवासी ग्राम अहुंगी खुर्द थाना हलिया जनपद मिर्जापुर के विरुद्ध पंजीकृत कर प्रारम्भिक विवेचना उ0नि0 चरण सिंह थाना हलिया सम्पादित की गयी। क्षेत्राधिकारी लालगंज अशोक कुमार सिंह के मुकदमा उपरोक्त की अग्रिम विवेचना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार थाना संतनगर जनपद मिर्जापुर द्वारा सम्पादित की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अकरम अंसारी उपरोक्त को गिफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## समेकित एवं समग्र रूप में कृषि को देखना समय की आवश्यकता : डॉ. मंगला राय

- देश में संसाधन सीमित, 'साइकिल और रीसाइकिल' पर सोचें कृषि वैज्ञानिक
- आईआईवीआर ने मनाया 35वाँ स्थापना दिवस



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

अदलपुरा स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान ने बड़े हर्षोल्लास के साथ अपना 35 वाँ स्थापना दिवस मनाया। दीप प्रज्वलन और संस्थान के ध्येय वाक्य विज्ञान-आधारित सब्जी विकास स्वस्थ एवं समृद्ध भारत की ओर के उद्घोष से शुरू हुआ। यह समारोह देश की पोषण और आर्थिक सुरक्षा में संस्थान के ऐतिहासिक योगदान को दर्शाता है।

संस्थान ने अब तक 33 सब्जी फसलों में 133 उन्नत किस्में (25 संकर सहित) विकसित की हैं। इनमें काशी मनु (कलमी साग), काशी अन्नपूर्णा (पंखिया सेम), काशी उदय, काशी नंदिनी (सब्जी मटर), काशी कंचन (लोबिया), काशी क्रांति (भिंडी), काशी अमन (टमाटर), काशी अनमोल (मिर्च), काशी गंगा (लौकी) और काशी तरु (बैंगन) जैसी किस्में किसानों में व्यापक रूप से लोकप्रिय हुई हैं। संस्थान ने टोमैटो ग्राफ्टिंग, पोमेटो, ब्रिमेटो, माइक्रोन्यूट्रिएंट फॉर्मुलेशन (काशी सूक्ष्म शक्ति) और एफपीओ आधारित तकनीक वितरण मॉडल के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हरी मिर्च पाउडर, इंस्टेंट लौकी खीर मिक्स, इंस्टेंट सहजन सूप मिक्स, करेला चिप्स और कद्दू हलवा मिक्स जैसे मूल्य संवर्धित उत्पादों से ग्रामीण उद्यमिता को नई दिशा मिली है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मंगला राय, पूर्व सचिव डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर ने कहा कि कृषि को समेकित समग्र रूप में देखने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि आईआईवीआर ने सब्जी क्रांति का नेतृत्व करते हुए देश में सब्जियों की उत्पादकता और गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। भविष्य में जलवायु स्मार्ट फसलें, पोषक तत्वों से भरपूर किस्में और शहरी खेती मॉडल भारत की खाद्य सुरक्षा को महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगी।

## भाकपा ने भगत सिंह को किया याद



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित लान में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वाधान मे शहीद ऐ आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें याद करते हुए विचार गोष्ठी किया गया। विचार गोष्ठी में भगत सिंह के क्रन्तिकारी विचारों पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओ ने कहा कि भगत सिंह एक ऐसे क्रन्तिकारी थे जो देश की आजादी के आंदोलन में अग्रिम भूमिका में थे।

भगत सिंह ने आजादी के आंदोलन करने के लिए नौजवान सभा का गठन किया और समाज के उत्थान के कई किताबें लिखी जिसमे मै नास्तिक क्यों हूँ किताब को आज के युवा सबसे ज्यादा पसंद करते है। आजादी के आंदोलन में भगत सिंह सम्पूर्ण आजादी के लिए लड़ रहे थे कि समाज के भीतर से सभी तरह शोषण का खात्मा हो। उनका सपना मजबूत भारत बनाने का था जिसमे सबको सीना उठा कर जीने का अधिकार होगा। भगत सिंह का प्रोग्राम वामपंथी विचार धारा इर्द गिर्द रहता था। वक्ताओ ने कहा कि आज की सरकार संविधान और लोकतंत्र पर बार बार हमला कर आजादी के आंदोलन से मिले जनता के अधिकारों को छिना जा रहा है। जिसके खिलाफ देश भर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जनता के अधिकारों के लिए आंदोलन कर रही है। आज हमारी पार्टी के विचारों से लैस होकर जुड़ रहे है। विचार गोष्ठी मे प्रमुख रूप से दिनेश यादव, शशिकांत कुशवाहा, धर्मराज कोल, निहाल, रामु कोल, गोपी नाथ कोल, रामचंद्र कोल, रामआश्रय कोल, श्यामबाबू यादव, कमलेश कोल, रामआश्रय, अमृतलाल कोल, नरायण कोल, शम्भू कोल, पवन कोल, पन्ना कोल, कन्हैया, मथुरा कोल आदि ने अपना विचार व्यक्त किया और अध्यक्षता राजबली कोल व संचालन लालता प्रसाद ने किया।

## व्यापारियों के बीच पहुंचे विधायक, गिनाए जीएसटी सुधार के फायदे

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जीएसटी की दरों में कमी के बाद नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने दुकानदारों एवं नागरिकों के बीच पहुंचकर संवाद किया। जीएसटी की दरों में कमी का फायदा बताया। विधायक ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी के बाद इसका सीधा फायदा आम जनता को मिलना शुरू हो गया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कमी कर आम जनता को दिवाली का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी बल्कि आम उपभोक्ताओं पर भी आर्थिक बोझ घटेगा। उन्होंने कहा कि जिन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत तक जीएसटी थी उसे अब घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस दौरान मौजूद लोगों ने घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार के नारे भी लगाए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी, व्यापारी नेता संतोष जायसवाल, अधिवक्ता गिरीश चंद्र त्रिपाठी, प्रदीप सिंह, राहुल दुबे, अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आरोग्य मेले का 190 मरीजों ने उठाया लाभ



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 190 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर नि:शुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 57 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 53 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 190 मरीजों का उपचार कर नि:शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## आप-अपने सपनों को पंख दीजिए प्रशासन मदद करेगा : डीएम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा रविवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय फरेंदा में छात्राओं और महिलाओं से संवाद किया गया।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सबसे पहले छात्राओं से बात की। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाली महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि आप में से हर छात्रा उस मुकाम को हासिल कर सकती है।

जिलाधिकारी ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1930,1098 की जानकारी दी। उपस्थित छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन की शासन की नीति के विषय में जागरूक किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन और प्रशासन आपके साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा है। आप अपने सपनों को पंख दीजिए, प्रशासन आपको पूरी सहायता करेगा। जिलाधिकारी ने अभ्युदय योजना, सुकन्या योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसीलिए सरकार द्वारा सेवापर्व, पोषण पखवाड़ा, स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और मिशन शक्ति जैसे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसी मिशन के तहत जनपद में 30 सितम्बर को सभी पंचायत भवनों, समस्त स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी और पीएचसी सहित सभी विद्यालयों में एनीमिया मुक्त महराजगंज अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी महिलाओं और छात्राओं से अपील की कि अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल में पहुंचकर एनीमिया की दवा अवश्य लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार का निर्माण हो सकता है,समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश अभियान की चर्चा करते हुए सभी महिलाओं से अपना फीडबैक देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि फीडबैक के माध्यम से आपके सुझाव महिला सशक्तिकरण का वाहक बन सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार ने भी महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर अपने विचार रखते हुए सभी महिलाओं को महिलापरक योजनाओं और उनके लिए सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर के विषय में अवगत कराया। कहा की किसी भी आपातकालीन स्थिति में महिलाएं इन हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इससे पूर्व जय माता दी स्वयं सहायता समूह की करोड़मती देवी और स्वास्थ्य सखी मनिता ने सरकारी योजनाओं से जुड़े अपने अनुभवों और उन योजनाओं से अपने जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विद्यालय की ही छात्रा संजना द्वारा पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन रहा। जिलाधिकारी द्वारा छात्रा को उसके कुशल संचालन के लिए सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.एन. कन्नौजिया, बीडीओ फरेंदा अतुल कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित विद्यालय की वार्डन आदि लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता के असामयिक निधन पर शोक

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत आनन्दनगर के निराला नगर/मूल रूप से मरहठा निवासी रेवेन्यू वार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामसेवक सिंह का असामयिक निधन एक निजी अस्पताल में हो गया है, वह लगभग 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार भुवही घाट पर कर्मकांड विधि से उनके बड़े बेटे द्वारा किया गया है। उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार ,इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव,आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस दौरान फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी पूर्व विधायक शिवेन्द्र चौधरी पूर्व विधायक विनोद मणि तिवारी पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुहम्मद अली पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश सचिव त्रिभुवन मिश्र कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह,सपा नेता अमित चौबे , वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद मणि, वरिष्ठ अधिवक्ता ध्रुव मिश्र,डीएन चतुर्वेदी वार के अध्यक्ष रवींद्र उपाध्याय,वार के अध्यक्ष जीतेन्द्र सैनी वार के पूर्व अध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव बार के पूर्व अध्यक्ष अरविंद मिश्र वार के पूर्व अध्यक्ष रामसहाय गुप्ता, बार के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह वार के पूर्व अध्यक्ष अष्टभुजा वर्मा पूर्व मंत्री परमात्मा सिंह, स्टैनली खान,संजय सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, वीरेंद्र तिवारी, सरोज मिश्र राघवेन्द्र उपाध्याय, डां. मनीष चौबे अभिजीत सिंह, अनुरुद्ध लाल श्रीवास्तव,प्रदीप श्रीवास्तव, स्कन्द श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह,हरिलाल राही गोरख शर्मा, सेराज अहमद सुनील मणि, रविन्द्र पासवान,अरुण प्रकाश रामरूप सांवरकर अखिलेश मणि वीके मिश्र ओमप्रकाश, वार के महामंत्री सतीश दूबे असफाक, अभिषेक, सनद त्रिपाठी, उमाकांत विश्वकर्मा,जसवंत, विवेक श्रीवास्तव राघवेन्द्र मिश्र, रामनारायन शुक्ल, रंजन मिश्र, कौशलेंद्र मति, संजय मिश्र, सचिन त्रिपाठी, सहित दीवानी व तहसील के अन्य अधिवक्ताओं व नात-रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## पूर्व मंत्री ने पावर लिफ्टर रोमा को किया सम्मानित

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



आर्थिक तौर पर कमजोर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाये तो वे भी अपने जनपद, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकती है। खेती-किसानी जैसे साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाली महराजगंज जिले की बेटी रोमा गुप्ता ने भी पॉवर लिफ्टर और फिटनेस ट्रेनर बनकर अपना नाम रोशन करने का सपना देखा है।

रोमा गुप्ता की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिये पूर्व मंत्री सुशील कुमार टिबडेवाल शनिवार को सिसवा विधानसभा के जमुई पंडित गांव पहुंचे, जहां उन्होंने रोमा को सम्मानित करके उसे आर्थिक मदद भी दी। पूर्व मंत्री सुशील टिबडेवाल ने रोमा गुप्ता और उनके पिता का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और तत्काल उसे 5 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। टिबडेवाल ने कहा वो आगे भी रोमा की हर संभव मदद करने का प्रयास करते रहेंगे, ताकि उसका इंटरनेशनल पॉवर लिफ्टर बनने का सफर जारी रहे। उन्होंने कहा कि रोमा जैसी बेटियाँ जिले का नाम रोशन कर रहीं हैं, लेकिन उन्हें सुविधाओं की कमी से जूझना पड़ रहा है। इसलिए सरकार को चाहिए कि महराजगंज जैसे जिलों में महिला खिलाड़ियों के लिए उचित मंच, अखाड़े और सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराए। इस सम्मान के बाद रोमा गुप्ता के भाई इंद्रजीत ने डाइनामाइट न्यूज़ से बातचीत में कहा कि पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल के इस सम्मान और मदद ने उनके पूरे परिवार को नया हौसला दिया है। इंद्रजीत समेत उनके पूरा लोग परिवार पूर्व मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। महराजगंज की जमीन से निकलकर संघर्ष और समाज की बंदिशों को तोड़ते हुए रोमा ने पॉवर लिफ्टिंग और फिटनेस की दुनिया में अपना नाम रोशन करने का मार्ग चुना है। भारोत्तोलन के क्षेत्र में वह अपनी अलग पहचान बना रही है।

### संघर्ष से बनी मिसाल

रोमा गुप्ता का बचपन से ही भारोत्तोलन की ओर झुकाव था। लेकिन समाज के ताने और घर की मुश्किलों ने उन्हें कई बार तोड़ने की कोशिश की। रोमा ने हार नहीं मानी और वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिल्ली चली गईं।

### ताकत व पहचान

रोमा ने दिल्ली में पॉवर लिफ्टिंग और फिटनेस को अपनी पहचान बनाया और आज वे रोजाना लगभग 400 लोगों को ट्रेनिंग देती हैं। हाल ही में उन्होंने बिहारी टार्जन जैसे ताकतवर से दंगल में भी मुकाबला किया है। रोमा गुप्ता को सम्मानित करने के मौके पर पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल के साथ समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव, सपा नेता विजय तिवारी, सतीश यादव, विजय यादव, अमरनाथ यादव, हीरालाल जख्मी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।